CMYK

तापमान
अधिकतम :33° C
न्यूनतम: 17° C

सेंसेक्स 76,295.36
निफ्टी 23,250.10

सोना 93,110
चांदी 1,03,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 241 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 शव्वाल 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**थाईलैंड में दुनिया की सबसे यंग पीएम से मिले मोदी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद की कमान संभालेंगे**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# वक्फ बिल राज्यसभा में पेश, चर्चा जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। इस पर दोपहर एक बजे से चर्चा हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा।

नड्डा ने कहा कि हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एयर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया।



■ **नड्डा बोले- विपक्ष राम मंदिर, कुंभ, बिहार इलेक्शन पर बोल रहा, ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश**

## भाजपा के हमले का आक्रामक जवाब जरूरी: सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा हैं। श्रीमती गांधी ने कहा कि भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों के मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं, इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए। संसदीय दल की इस बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कांग्रेस संसदीय दल की नेता ने अपने संबोधन में कहा कि वक्फ विधेयक को लोकसभा में जबरन पारित किया गया। इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है।



# राहुल का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि चीन भारत के चार हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में घुस आया है, लेकिन हमारे राजदूत चीन के नेताओं के साथ केक काटते देखे गए हैं।

■ **कहा: चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर चुका है, सरकार क्या कर रही है**

श्री गांधी ने लोकसभा में शून्य काल में इस मुद्दे पर सरकार से सवाल किया कि चीन द्वारा कब्जाई जमीन को वापस लेने के लिए वह क्या कर रही है? मैं इस बात को लेकर बहुत हैरान हूं कि चीन हमारी जमीन पर कब्जा किए बैठा है और हमारे विदेश सचिव चीन के राजदूत के साथ कुछ समय पहले केक काटते देखे गए। हमारे जवान शहीद हुए थे, उनकी शहादत का जश्न मनाया जा रहा है, केक काटकर। हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सामान्य स्थिति से पहले हमें हमारी जमीन वापस मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक बार कहा था कि वह विदेश नीति के मामले में न तो बाएं झुकेंगी और न ही दाएं झुकेंगी, वह भारतीय हैं, वह सीधी खड़ी होंगी। हम सब इतिहास जानते हैं, जब भाजपा और आरएसएस से ऐसा ही सवाल पूछा जाएगा, तो वे सामने वाले के आगे सिर झुका लेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे सहयोगी (अमेरिका) ने अचानक हमारे ऊपर 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा।

## मुंबई में लॉरेंस गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार हथियार बरामद

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लारेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं। दरअसल, लॉरेंस गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है।

## लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट की तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट ने तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। इसके चलते 200 से ज्यादा भारतीय पैसेंजर 16 घंटे से ज्यादा समय से फंसे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन नंबर टै 358 के एक पैसेंजर को पैनिक अटैक आ गया था। इस मेडिकल इमरजेंसी के चलते तुर्की के दियारबकिर एयरपोर्ट पर विमान लैंड हुआ था। ये एयरपोर्ट ऐसी फ्लाइट की लैंडिंग के लिए उपयुक्त नहीं है। पैसेंजर्स को बताया गया कि लैंडिंग के दौरान प्लेन में टेक्निकल खामी भी आ गई। एक पैसेंजर ने बताया कि उन्हें नहीं पता है उनकी आगे की यात्रा कैसे होगी, क्योंकि वर्जिन अटलांटिक ने अब तक उनके लिए दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था नहीं की है।

## फर्जी कॉल करने वाले शख्स को दो साल का कारावास

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने गुरुवार को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को फर्जी कॉल करने के जुर्म में एक शख्स को दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जान को खतरा होने की चेतावनी दी गई थी। आरोपी को दोषी ठहराते हुए अदालत ने बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर है और कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा दिए गए सबूतों से यह स्पष्ट है कि आरोपी ने मुख्य नियंत्रण कक्ष को धमकी देकर सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश की। आरोपी कामरान खान (29) ने 20 नवम्बर 2023 को पुलिस नियंत्रण कक्ष में यह कॉल किया था। अदालत ने आरोपी कामरान खान को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया।

# ट्रम्प टैरिफ युद्ध: भारत को 26 और चीन को 34% का झटका

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया पर चलाया टैरिफ का चाबुक

वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बड़ा कदम उठाते हुए भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के अनुसार बुधवार देर रात व्हाइट हाउस रोज गार्डन में एक भाषण के दौरान भारत और चीन पर बड़े पैमाने पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने की घोषणा की है।

उन्होंने इसे डिस्काउंटेड करार दिया क्योंकि ये दरें उन शुल्कों का लगभग आधा हैं, जो उनके अनुसार ये देश अमेरिका से वसूलते हैं। नई दरों के अनुसार, भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। श्री ट्रम्प ने कहा कि भारत अमेरिका से विभिन्न आयातों पर 52 प्रतिशत शुल्क लेता है। उन्होंने कहा कि उनके प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) हाल ही में यहां से गए हैं। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूरोपीय संघ से आयात पर 20 प्रतिशत, ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत, जापान पर 24 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, ताइवान पर 32 प्रतिशत, थाइलैंड पर 36 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड पर 31 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, मलेशिया पर 24 प्रतिशत, कंबोडिया पर 49 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, ब्राजील पर 10 प्रतिशत, बंगलादेश पर 37 प्रतिशत, सिंगापुर पर 10 प्रतिशत, इजराइल पर 17 प्रतिशत, फिलिपींस पर 17 प्रतिशत, चिली पर 10 प्रतिशत, -शेष पृष्ठ दो पर




■ **ट्रम्प ने कहा: भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे**

■ **अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को बताया अपना दोस्त**

## अमेरिका की प्रशुल्क-कार्रवाई के असर, अवसर की जांच कर रहा भारत: वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत के खिलाफ जवाबी आयात शुल्क लागू करने के कार्यकारी आदेश और अन्य घोषणाओं के संभावित प्रभावों की सावधानी पूर्वक जांच कर रहा है और इससे उत्पन्न होने वाले अवसरों का भी अध्ययन कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति की घोषणाओं के अनुसार भारत पर अतिरिक्त शुल्क 27 प्रतिशत लगाया गया है। राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर भारत की यह पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत अमेरिका के साथ अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी को महत्व देता है और उसके साथ मिल कर काम करने को प्रतिबद्ध है, ताकि इससे दोनों देशों के लोगों को लाभ हो। विज्ञप्ति में कहा कि वाणिज्य विभाग अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए गए विभिन्न उपायों/घोषणाओं के प्रभावों की सावधानीपूर्वक जांच कर रहा है। विकसित भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, विभाग भारतीय उद्योग और निर्यातकों सहित सभी हितधारकों के साथ मिलकर अतिरिक्त शुल्क के बारे में उनके आकलन पर प्रतिक्रिया ले रहा है।

# दिल्ली में पटाखा बैन पर ढील देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है, सभी एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकते**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखे बनाने, स्टोर करने और बेचने पर लगे प्रतिबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया।

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है। आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। पीठ ने कहा कि हर कोई अपने घर या ऑफिस में एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकता। जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बहुत कम प्रदूषण होता है, तब तक पिछले आदेशों पर पुनर्विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। सुनवाई के दौरान निजी रूप से पेश इंजीनियर मुकेश जैन ने कहा कि पटाखे पर पाबंदी का फैसला ठीक नहीं है। पटाखे पर्यावरण साफ करते हैं। उन्होंने दलील दी कि पटाखे पर बैन अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसम्बर, 2024 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर साल भर के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। कोर्ट 1985 में दायर एमसी मेहता की याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।



# संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे सुप्रीम कोर्ट के जज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** न्यायपालिका में पारदर्शिता और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है।

जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है।

■ **संपत्ति की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड होगी**

इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लगी थी। फायर सर्विस टीम को वहां अधजले नोट मिले थे। याद रहे कि 1997 में, तत्कालीन सीजेआई जेएस वर्मा ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें जजों से अपेक्षा की गई कि वे अपनी संपत्ति की घोषणा चीफ जस्टिस को करें। हालांकि यह घोषणा सार्वजनिक नहीं की जानी थी।

# चुनौतियों के समाधान की योजना बनाए सेना: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों से बदलते भू-रणनीतिक बदलावों और अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक और अल्पकालिक चुनौतियों के समाधान की योजना बनाने को कहा है।

■ **कहा: वर्तमान दुनिया एक-दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है**

श्री सिंह ने सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भू-रणनीतिक अनिश्चितताओं और जटिल विश्व स्थिति वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है और ऐसी घटनाएं चाहे हमारे पड़ोस में हो या दूर के देशों में, सभी को प्रभावित करेंगी।

# अनिल अंबानी पर 25000 का जुर्माना

मुंबई, वार्ता

**बॉम्बे हाईकोर्ट** ने उद्योगपति अनिल अंबानी पर अप्रैल 2022 में आयकर विभाग की ओर से जारी नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करने पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

एक वकील ने यहां यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति महेश एस. सोनक और न्यायमूर्ति जितेंद्र एस. जैन की पीठ ने हाल ही में अंबानी के वकील गुंजन कक्कड़ को सुनवाई के दौरान कड़ी फटकार लगाई और कहा कि श्री अंबानी के वकील ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए अब लिखित अनुरोध किया है, जबकि नोटिस 12 अप्रैल, 2022 को जारी किया गया था। पीठ ने कहा कि मामले को तत्काल प्रसारित करने या सुनवाई की सुविधा 'ऐसी कृत्रिम तात्कालिकता पैदा करके लागू नहीं की जा सकती। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इसके अलावा, अदालत में कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी गई है, जिसे लेकर याचिकाकर्ता ने न्यायालय में उस समय याचिका दायर की है, जब 31 मार्च, 2025 तक मूल्यांकन की समय सीमा समाप्त होने की संभावना है।

■ **हाईकोर्ट ने अंबानी के वकील को कड़ी फटकार लगाई**

# 25,753 शिक्षकों की बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ममता को बड़ा झटका**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। पश्चिम बंगाल में एसएससी ने 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की नियुक्ति की थी।

हाईकोर्ट ने इन नियुक्तियों को अवैध करार देते हुए कर्मचारियों को बर्खास्त किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की जांच को सही माना और कहा कि पूरी प्रक्रिया में धोखाधड़ी की गई। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई थीं। इसके साथ ही सीबीआई जांच के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 4 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है।



■ **सुप्रीम कोर्ट बोला: सिलेक्शन प्रोसेस गलत**

## व्यक्तिगत तौर पर फैसला स्वीकार नहीं: ममता बनर्जी

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ देर बाद ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान आया। ममता ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करती हैं, लेकिन उनकी सरकार इसे लागू करेगी और चयन प्रक्रिया को फिर से दोहराएगी। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या विपक्षी भाजपा और सीपीएम चाहते हैं कि बंगाल की शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो जाए। उन्होंने कहा कि इस देश के नागरिक के रूप में, मेरे पास हर अधिकार है और मैं जजों के प्रति सम्मान के साथ इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। मैं मानवीय दृष्टिकोण से अपनी राय व्यक्त कर रही हूं। गलत सूचना न दें या भ्रम पैदा न करें। सरकार फैसले को स्वीकार करती है। स्कूल सेवा आयोग से भर्ती प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए कहा है।



खूनी व बादी बवासीर, गठिया बाय, हर प्रकार का दर्द, कहीं भी हो, कैसा भी हो, एलर्जी, पुराना नज़ला, छींके, बिस्तर पर पेशाब, ल्यूकोरिया, सेहत बनाई या वजन घटाएँ, सांस, दमा, झाइयाँ, मुंहासे व गंजापन का पक्का इलाज, शराब व हर प्रकार का नशा छुड़ाऐ



निःसंतान दंपत्ति एक बार अवश्य मिलें

डा. शाइस्ता अंसारी

Mob. 9897147171

Follow us on :
facebook, You tube, insta, whatsup

सरवट फाटक, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

# सरकार की नजर वक्फ की संपत्ति पर: हुसैन

**नई दिल्ली, वार्ता**

राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन ने केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर देश में ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार यह विधेयक सिर्फ वक्फ की संपत्ति को हड़पने के लिए लेकर आई है, जबकि भाजपा के राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि इसका उद्देश्य वक्फ द्वारा किसी की संपत्ति पर दावा करने से रोकना और वक्फ की संपत्तियों का गरीब मुस्लिमों के उत्थान के लिए उपयोग करना है।

हुसैन ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2025 पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि 1995 में और वर्ष 2013 में जब इससे जुड़े विधेयक लाए गए थे, तब भाजपा ने समर्थन किया था। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा ने इसका क्यों समर्थन किया था और इसको सर्वसम्मति से पारित



■ बीजेपी देश में कर रही ध्रुवीकरण की राजनीति

क्यों किया गया था। वर्ष 2009 में भाजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में इससे जुड़ी एक समिति की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उसको लागू करने की बात कही थी। वर्ष 2013 में कांग्रेस सरकार ने उस समित और सच्चर समिति की रिपोर्ट को मिलाकर संशोधन किया था और उसका भाजपा ने समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक केन्द्र में रही मोदी सरकार को यह समक्ष नहीं आया कि वक्फ कानून तुष्टीकरण वाला कानून है। वर्ष 2024 में जब भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 सीटें नहीं जीत पाई और उसको 240 सीटें मिली तो इस संशोधन को लेकर आ गई ताकि ध्रुवीकरण किया जा सके और धर्म की राजनीति की जा सके। उन्होंने इस विधेयक को मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने वाला बताते हुए कहा कि वक्फ कानून को लेकर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुयक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट को सदन में रखा जाना चाहिए कितने लोग विरोध में थे और कितने लोग पक्ष में थे यह पता चल सके। समिति की सिफारिशों में विरोधी सदस्यों की बातें नहीं है। समिति की बैठक में अनुच्छेदों पर चर्चा नहीं की गई। समिति ने सर्वसम्मति से सिफारिश नहीं की बल्कि समर्थकों सदस्यों ने इसको जोर डालकर मंजूर कर दिया। यह सिर्फ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों की सिफारिश थी। उन्होंने कहा कि यह संशोधन संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि देश के सभी धर्मों के लिए एक समान कानून होनी चाहिए। सभी धर्मों के लिए कानून बनाया जाना चाहिए, लेकिन उससे पर्सनल लॉ बोर्ड को अलग रखा जाना चाहिए। एक समुदाय को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि दान के विचार हर धर्म में है।

# टैरिफ का दूसरे देशों के मुकाबले भारत पर असर कम: नायर

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने को लेकर भारतीय उद्योग जगत ने गुरुवार को अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस शुल्क का दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत पर कम असर पड़ेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने गुरुवार को कहा कि ट्रम्प द्वारा कल रात घोषित किए गए नए टैरिफ वैश्विक व्यापार और विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं में एक बड़े रीअलाइनमेंट का कारण बन सकते हैं। हालांकि भारत पर इन टैरिफ का प्रभाव अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम होने की संभावना है। नायर ने कहा कि भारत को 10 प्रतिशत बेसलाइन ड्यूटी के अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क के साथ मध्य स्तर पर रखा गया है। इसके वास्तविक प्रभाव का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। फिर भी कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि अमेरिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पर तुलनात्मक आधार पर कम असर पड़ेगा। हमारे उद्योग को निर्यात दक्षता और मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए, ताकि इन टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके। एसोचैम अध्यक्ष ने यह भी बताया कि अधिकांश अमेरिकी व्यापार साझेदार देश पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने की योजना बना रहे हैं, जिससे कोई भी देश विशेष लाभ की स्थिति में नहीं होगा। इसका परिणाम उपभोक्ताओं पर अधिक कीमतों के रूप में पड़ सकता है, जिससे महंगाई का दबाव बढ़ेगा। नायर ने कहा कि हम वैश्विक प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन भारत के लिए आगे का रास्ता एक त्वरित वरीयता व्यापार समझौता (प्रेफरेंशियल ट्रेड डील) हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का सम्मान करते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए यह समझौता संभव हो सकता है। भारत के उद्योग जगत को इस मामले में सरकार के साथ मिलकर काम करना होगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव का विश्लेषण करने से यह स्पष्ट होता है कि भारत की स्थिति अन्य प्रमुख प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर है। उन्होंने बताया कि भारत पर 26 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, चीन पर 34 प्रतिशत और इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है।



### शुल्कों की संभावनाएं भी हो जाएंगी कम

भारत वियतनाम, चीन, इंडोनेशिया, बंगलादेश, श्रीलंका और म्यांमार जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत अनुकूल स्थिति में है। रल्हन ने यह भी कहा कि परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, प्लास्टिक और फर्नीचर जैसे कुछ क्षेत्रों में निर्यात का डायवर्जन हो सकता है, जो संभावित रूप से इन टैरिफ के कुछ प्रतिकूल प्रभावों की भरपाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) का समय पर निष्कर्ष अत्यंत आवश्यक है। फियो अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा समझौता न केवल शुल्कों को कम कर सकता है, बल्कि भारतीय निर्यातकों को राहत प्रदान करने के लिए एक संरचित ढांचा भी तैयार कर सकता है। इससे एकतरफा व्यापार उपायों और प्रतिशोधात्मक शुल्कों की संभावनाएं भी कम हो जाएंगी। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह इस मामले में अमेरिका के साथ वार्ता को प्राथमिकता दे।

## संक्षिप्त समाचार

### वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनें आवास व शिक्षण संस्थान: दिनेश

**प्रयागराज।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा फलाहारी ने वक्फ संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित होने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी को अपने खून से पत्र लिखकर वक्फ की भूमि पर गरीबों के लिए कम लागत वाले आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनवाने की मांग की है। पंडित फलाहारी ने गुरूवार को कहा कि जो भी व्यक्ति वक्फ बोर्ड का समर्थन करता है वह देश विरोधी है, उन पर देशद्रोह की कार्यवाही होनी चाहिए और ऐसे लोगों को पाकिस्तान भेज देना चाहिए। ए लोग पाकिस्तान में मजार और मस्जिद बनाकर आबाद हो और भाईचारा कायम कर सकें, ऐसे लोगों का हिंदुस्तान में कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा कि 1940 में मुस्लिम लीग ने लाहौर प्रस्ताव में मुसलमानों के लिए एक अलग देश की मांग की थी। मुस्लिम लीग के नेता मोहम्मद अली जिन्ना ने इस मांग को आगे बढ़ाया और पाकिस्तान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### यूपी में दलितों की सुरक्षा की जाए: सपा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून- व्यवस्था की स्थिति बदहाल है और वहां दलितों की सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाने चाहिए। यादव ने शून्य काल में यह मामला उठाते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ में हाल ही में एक दलित युवक सनी कुमार की हिरासत के दौरान मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने दावा किया कि सनी कुमार ने पैजामा के नाड़े से फांसी लगा ली थी। उन्होंने पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिरासत में मौतों के मामले में यह प्रदेश सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा सदस्य रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर हमला किया गया है, उनकी सुरक्षा बढ़ाई जाए। उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश के दलितों की सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाने चाहिए। सपा की ही डिंपल यादव ने सदन में पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लाभार्थियों को उपचार में आ रही दिक्कतों का मामला उठाया और उन्हें दूर करने की मांग की।

### सीएम योगी ने पिछली सपा सरकार पर बोला हमला

# वो पैदा करती थी माफिया, हमने विदा किया

**प्रयागराज, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकार प्रदेश में माफिया पैदा करती थी, लेकिन हमने उत्तर प्रदेश से उसे विदा कर दिया।

निषादराज गुह्य की जयंती पर गुरुवार को मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर निषादराज के नगर श्रृंगवेरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 580 करोड़ रुपए की 181 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश में विकास की गति को देने के लिए धन की कोई कमी नहीं है। श्रृंगवेरपुर का अभी और विकास किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार के दरवाजे विकास के लिए हमेशा खुले रहेंगे। धन की तंगी इसके रास्ते में आड़े नहीं आने पाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारें प्रदेश में माफिया पैदा करती थी, लेकिन हमने उत्तर प्रदेश से उसे विदा कर दिया। माफिया राज समाप्त हो गया। पिछली सरकारें उत्तर प्रदेश को माफिया के हवाले कर रही थी। हर जिले में एक माफिया पैदा कर रही



■ मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 580 करोड़ की 181 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, विकास की गति में धन की कमी नहीं आएगी आड़े

थी। अपराधियों का शासन चलता था, लेकिन अब माफिया प्रदेश छोड़कर चले गए। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार प्रयागराज की गरिमा को छिपाने का प्रयास करती थी।

देश और दुनिया से करोड़ों लोग यहां आकर श्रद्धा से शीश नवाते थे, लेकिन प्रयागराज की भूमि पर यहां के माफिया कब्जा करते जा रहे थे। यहां के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करते थे। जो आवाज उठाता था, उसे मार दिया जाता था, अपहरण कर लिया जाता था, गायब कर दिया जाता था, लेकिन अब यह प्रदेश में नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के लिए वोट बैंक जरूरी था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयागराज अब सामान्य रूप से इलाहाबाद नहीं रहा। अब ए प्रयागराज हो गया। प्रयाग का मतलब मिलन स्थल। प्रयागराज का मतलब महामिलन स्थल। गंगा, यमुना और सरस्वती तो मिलती हैं, लेकिन यहां प्रभु राम और निषादराज का मिलन हुआ, जो लोग प्रयागराज की पहचान छिपाते थे वो नहीं चाहते थे कि प्रयागराज को नई पहचान मिले। वे नहीं चाहते थे कि भगवान राम और निषदराज के मिलन स्थल को एक पहचान मिले।

योगी ने कहा कि अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञा ज्ञापित करने के लिए मैं आज यहां निषादराज की जयंती के मौके पर आया हूं। पहले हमें यहां देखने के लिए कुछ भी नहीं था। डबल इंजन की सरकार आने के बाद भगवान राम और निषादराज के मिलन का भव्य पार्क आपको पहचान दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज को वैश्विक मान्यता मिली है। प्रयागराज को दुनिया जान गई है। पहले प्रयागराज का परिचय देना हो, तो बताना पड़ता था कि वाराणसी के बगल में है। अब प्रयागराज ने विकास के कई मार्ग खोल दिए हैं। प्रयागराज महाकुंभ की सफलता और उसका पुण्य आप सभी को प्राप्त हो रहा है। डबल इंजन की सरकार अपने पूर्वजों की विरासत को भव्य रूप से स्थापित करने का काम कर रही है। महाकुंभ के बहाने आज प्रयागराज समार्ट सिटी से आगे बढ़ गया है। महाकुंभ, के बहाने निषादराज और प्रभु राम का स्मारक, लेअे हनुमान जी कॉरीडोर, अक्षय वट कॉरीडोर, मां सरस्वती कूप कॉरीडोर, पातालपुरी कॉरीडोर, महषि भरद्वाज कॉरीडोर, दशाश्वमेघ कॉरीडोर बनने इसको नई पहचान मिली है। योगी ने कहा कि जिनके मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव नहीं, वो महाकुंभ का इतना बघ आयोजन नहीं कर सकते। 66 करोघ से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ में आए, जो आए अभिभूत होकर गए। दुनिया में कहीं भी जाकर अपना परिचय देंगे कि श्रृंग्वेरपुर से आए हैं तो सिर-आंखों पर बैठाकर स्वागत होगा। अगर सम्मान और पहचान मिल गई तो इससे बढ़कर कुछ नहीं होता। पिछली सरकार इसी पहचान को समाप्त कर रही थी।

### यह वक्फ बोर्ड है या भूमाफिया

शहर में जगह-जगह वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए हैं। जब हम महाकुंभ का आयोजन करने जा रहे थे तो वक्फ बोर्ड कैसा प्रयागराज में कुंभ की भूमि को वक्फ की मनमाना बयान दे रहा था। वक्फ बोर्ड के नाम उन्होंने प्रयागराज के साथ अन्य शहरों में भी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि ये बोर्ड क्या माफिया बोर्ड हो गया है। माफिया अब प्रदेश मे नहीं चल सकते। माफियाओं को तो हम पहले ही प्रदेश से विदा करा चुके हैं। अब उत्तर प्रदेश में माफियागीरी नहीं चलेगी। मुख्यमंत्री ने वक्फ बोर्ड के मनमानी पर लगाम लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति आभारी जताया और कहा लोकसभा में एक महत्वपूर्ण अधिनियम पारित करके कल्याणकारी कार्य किया। आज इसे राज्यसभा में भी परित कर दिया जाएगा। योगी ने कहा कि आज सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि के चेक सौंपे गए हैं। 1400 मत्स्य पालकों के खाते में करोड़ों रुपए सरकार ने भेजे हैं।

# आरोप साबित करें या अनुराग माफी मांगें: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अनुराग ठाकुर द्वारा कल लोकसभा में वक्फ भूमि कब्जे को लेकर लगाए गए आरोप पर गुरूवार को सदन में भारी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि ठाकुर इसके लिए माफी मांगे नहीं तो अपने आरोप को सही साबित करें।

खड़गे ने गुरुवार की सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर ठाकुर की टिप्पणी पर अपना रोष जताते हुए कहा कि लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों द्वारा विरोध किए जाने पर इस टिप्पणी को वापस ले लिया गया था, लेकिन इससे उनकी छवि को जो नुकसान होना था हो गया। इसको लोकसभा की कार्यवाही से हटाया गया है लेकिन सोशल मीडिया और अन्य मीडिया में यह चल रहा है। उन्होंने राजनीति में अपने लंबे करियर का हवाला दिया और निराशा व्यक्त की। उन्होंने माफी की मांग की और कहा कि अगर ठाकुर अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और अगर वे आरोप साबित कर देते हैं, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि यह साबित किया जाना चाहिए कि वह या उनके परिवार के सदस्यों ने किसी वक्फ जमीन पर कब्जा किया है।



■ मैं झुकने वाला नहीं इस्तीफा भी दे सकता हूं

उन्होंने कहा कि वह डरते नहीं हैं और विधानसभा में पहले की उन घटनाओं का जिक्र करते हैं, जहां मुख्यमंत्री ने उनसे माफी मांगी है। उन्होंने यह भी कहा कि सदन के नेता ठाकुर की ओर से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोपों से वह झुकने वाले नहीं है। वह झुकेंगे नहीं बल्कि टूट जाएगे। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेज रिजिजू कुछ कहने लगे तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्राईन बोलने लगे जिस पर रिजिजू बैठ गए। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि टिप्पणियों को हटाना कोई उपाय नहीं हो सकता। उन्होंने हाल ही में समाजवादी पार्टी के सदस्य रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि संसदीय संस्था के सम्मान में कुछ हटाया जाता है, तो किसी भी सदस्य को इसे मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।


## अर्थ व्यापार

# ट्रम्प के टैरिफ लगाने से बाजार हलकान

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार हलकान रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.08 अंक का गोता लगाकर 76,295.36 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.25 अंक की गिरावट लेकर 23250.10 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.31 प्रतिशत बढ़कर 41,796.08 अंक और स्मॉलकैप 0.76 प्रतिशत की तेजी लेकर 47,494.11 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4123 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2813 में तेजी जबकि 1169 में गिरावट रही, वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2963 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2057 में लिवाली जबकि 829 में गिरावट रही वहीं 77 के भाव स्थिर रहे। बीएसई के नौ समूह में गिरावट का रुझान रहा। इससे फोकस्ड आईटी 4.13, आईटी 3.78, टेक 2.85, सीडी 0.24, ऊर्जा 0.38, ऑटो 1.14, धातु 0.99 और तेल एवं गैस 0.59 और रियल्टी समूह के शेयर 0.22 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं हेल्थकेयर 1.82, यूटिलिटीज 2.44 और पावर समूह के शेयर में 1.83 प्रतिशत तेजी रही। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 1.36, जर्मनी का डैक्स 1.94, जापान का निक्केई 2.77, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.24 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 806 अंक का गोता लगाकर 75,811.86 अंक पर खुला।



■ आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली

### ईपीएफओ में दावा निपटान को चेक प्रति की आवश्यकता नहीं

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दावा निपटान प्रक्रिया को सरल बनाते हुए चेक लीफ या बैंक पासबुक की तस्वीर अपलोड करने की जरूरत को समाप्त कर दिया है। इसके अलावा यूएएन के साथ बैंक खाता विवरण जोड़ने के लिए नियोक्ता की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि ईपीएफ सदस्यों के लिए जीवनयापन की सुगमता और नियोक्ताओं के लिए व्यवसाय को आसान बनाने की दिशा में ईपीएफओ ने अपनी दावा निपटान प्रक्रिया में दो प्रमुख सुधार किए हैं। इन उपायों से दावा निपटान की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार आएगा और दावा खारिज होने से संबंधित शिकायतों में भी कमी आएगी।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजार में भारी गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालें महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 32 रिंगिट गिरकर 4810 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.12 सेंट की गिरावट के साथ 47.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना, दाल चना और अरहर दाल में 100-100 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव



पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400- 4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिले सरकारी कर्मचारी जैसी सुविधा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में आंगनबाड़ी कर्मियों का मुद्दा उठाते हुए सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं देकर उनका मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। भाजपा के जगदम्बिका पाल ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाया और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सरकारी कर्मचारी के रूप में माना जाना चाहिए और देश के लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी सुविधाएं दी जानी चाहिए। उनका मानदेय बढ़ाकर देशभर में उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें सरकारी कर्मचारी माना जाए और गुराजत हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें सुविधाएं दी जाए।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ट्रम्प टैरिफ:....**

ऑस्ट्रेलिया पर 10 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत, तुर्की पर 10 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और कोलंबिया पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये शुल्क सभी उत्पादों पर लगाए गए 10 प्रतिशत आधार आयात शुल्क के अतिरिक्त होंगे। श्री ट्रम्प ने कहा कि यह कदम उन देशों के खिलाफ लिया गया है, जिन्होंने अमेरिका की नीतियों का अनुचित लाभ उठाया। श्री ट्रम्प ने घोषणा की दो अप्रैल हमेशा के लिए 'लिबरेशन डे' के रूप में जाना जाएगा, जब अमेरिका ने अपने उद्योग को फिर से हासिल किया। हम उन देशों पर वही शुल्क लगाएंगे जो वे हम पर लगाते हैं - रेसिप्रोकल का मतलब है कि जैसा वे करते हैं, वैसा ही हम भी करेंगे। यह इतना ही सीधा है। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हम इस कदम से अपने रोजगार वापस हासिल करेंगे, अपने उद्योग को फिर से बनाएंगे, अपने छोटे और मध्यम स्तर के व्यवसायों को सशक्त बनाएंगे और हम अमेरिका को फिर से समृद्ध बनाएंगे। अब अमेरिका में नौकरियां तेजी से आएंगी। व्हाइट हाउस ने संवाददाताओं को बताया कि यह निर्णय एक 'राष्ट्रीय आपातकाल' के कारण लिया गया है, जो लगातार व्यापार घाटे के चलते सुरक्षा चिंताओं से उत्पन्न हुआ है। सभी उत्पादों पर 10 प्रतिशत का 'आधार' शुल्क पांच अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह 12:01 बजे (भारतीय समयानुसार 9:30 बजे) से लागू होगा जबकि देश-विशिष्ट उच्च शुल्क नौ अप्रैल को उसी समय से लागू होंगे।

# राज्यसभा की पवित्रता की रक्षा का संकल्प लें: धनखड़

**नई दिल्ली, वार्ता**

उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस प्रतिष्ठित सभा की पवित्रता की रक्षा करने और महान राष्ट्र भारत की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की अपील की।

धनखड़ ने गुरुवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राज्यसभा दिवस पर सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्यों की परिषद, हमारी सम्मानित राज्य सभा, हमारे संसदीय लोकतंत्र के प्रतिष्ठित ऊपरी सदन- बुजुर्गों के सदन के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि भारत की संघीय वास्तुकला की सर्वोत्कृष्ट इमारत के रूप में, यह आदरणीय संस्था व्यापक प्रतिनिधित्व, शासन में संतुलन और चिंतनशील बुद्धिमत्ता को सुनिश्चित करती है। राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है, जहां प्रांतीय दृष्टिकोण और विशिष्ट विशेषज्ञता हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने के लिए एकत्रित होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 250वें सत्र के दौरान कहा था, यद्यपि राज्य सभा को दूसरा सदन कहा जा सकता है, फिर भी इसका महत्व सर्वोपरि है। संसद हमारे ध्रुव की तरह



■ राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है

खड़ी है 'हमारा अटल ध्रुव तारा' जो राष्ट्र की सबसे कठिन चुनौतियों के दौरान आगे का मार्ग प्रशस्त करता है तथा अशांत समय में मार्गदर्शन की किरण के रूप में कार्य करता है। धनखड़ ने कहा कि यह स्मरणीय अवसर हमें इस शानदार संस्था की विशेषताओं को संरक्षित करने के लिए खुद को नए सिरे से समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है, जो लोकसभा के विपरीत अपनी चिरस्थाई निरंतरता को बनाए रखती है। इस संस्था की गंभीरता तथा इसके प्रतिष्ठित सदस्यों की विद्वता सर्वोपरि महत्व रखती है। मैं माननीय सदस्यों से उत्कृष्टता, अटूट समर्पण, दृढ़ प्रतिबद्धता, गहन विद्वता तथा बौद्धिक चिंतन और ज्ञान को प्रेरित करने वाले भाषण के माध्यम से उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करने का आग्रह करता हूं। यह अनुकरणीय मानक नागरिकों के लिए तत्काल प्रकट होना चाहिए, क्योंकि राज्य सभा को हमारे गणतंत्र में विधाई निकायों के लिए आदर्श आदर्श के रूप में कार्य करना चाहिए।

### भगत सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए: राजा वारिंग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने गुरुवार को लोक सभा में शहीदे आजम भगत सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। राजा वारिंग ने शून्य काल में कहा कि बहुत से लोगों को सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया है, लेकिन शहीदे आजम भगत सिंह को अब तक न तो शहीद का दर्जा दिया गया है और न ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। समाजवादी पार्टी की इकरा हसन ने सदन में उनके कैराना संसदीय क्षेत्र में यमुना के घाटों को विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं के इन घाटों पर आने से कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं और लोगों की जान तक चली जाती है। इसलिए इन घाटों को सुरक्षित बनाने के उपाय किए जाने चाहिए। इनके विकसित करने से श्रृद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी, जिससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। भारतीय जनता पार्टी के अनुराग ठाकुर ने राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से पैसे मिलने का मामला उठाया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आगामी 30 वर्षों की जरूरत ध्यान में रखकर बनाएं जलापूर्ति की योजनाएं: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में पानी की जरूरतों को लेकर मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए हैं ᵖ कहा कि, आगामी 30 साल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में जलापूर्ति के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। वर्षा जल संरक्षण और भू जल स्तर को बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाये जाएं। जल स्रोतों, नदियों और जल धाराओं के पुनर्जीवीकरण के लिए जन सहयोग लिया जाए और इस क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों के सुझाव लेकर उनको आगे की कार्ययोजनाओं में शामिल किया जाए।

पेयजल, जल संचय और जल संरक्षण के लिए आगामी 10 सालों और आगामी 30 सालों की आवश्यकताओं के हिसाब से अलग-अलग ठोस प्लान बनाया जाए। राज्य की अंतिम सीमा तक गंगा का जल पूर्ण रूप से पीने लायक हो इस दिशा में कार्य किये जाएं। गंगा की सहायक नदियों पर एसटीपी के कार्य किए जाएं। गंगा की स्वच्छता के लिए जन सहयोग और सुझाव लिये जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में पेयजल और जलागम की बैठक के दौरान दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत लगे कनेक्शनों से लोगों को नियमित जलापूर्ति हो, इसके लिए पुराने जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के साथ ही नये जल स्रोत भी चिन्हित किये जाएं, जिससे गर्मियों में पेयजल की समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी के स्टोरेज टैंक और पेयजल टैंकर की नियमित सफाई की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में पेयजल की गुणवत्ता की समय-समय पर टेस्टिंग की जाए। गुणवत्ता के सभी मानक सही पाये जाने पर प्राकृतिक जल स्रोतों से निकलने वाले पानी के अधिक उपयोग के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। लोगों को पेयजल की परेशानी न हो, इसके लिए टोल फ्री नम्बर के साथ ही जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाए जाएं। जन शिकायतों की विभाग स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।



सारा के अंतर्गत विभागों द्वारा मिलकर क्रिटिकल जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। वर्षा आधारित नदियों के फ्लो और डिस्चार्ज के मापन की भी योजना है। जिसमें आई आर आई रुड़की और राष्ट्रीय हाइड्रोलॉजिक संस्थान नदियों में किए जाने वाले कार्यों को चिन्हित करेगा। उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना के अंतर्गत पर्वतीय कृषि को लाभदायक और ग्रीन हाउस गैस के प्रभाव को कम करना है। इसके लिए कृषकों की बंजर भूमि में पौधारोपण किया जाएगा। साथ ही काश्तकारों को कार्बन क्रेडिट से फायदा देने की भी योजना है। बैठक में उत्तराखण्ड अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, आर.मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव शैलेश बगोली, रणवीर सिंह चौहान, विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते, परियोजना निदेशक जलागम नीना ग्रेवाल, अपर सचिव हिमांशु खुराना एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**■ वर्षा जल संरक्षण और भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, पेयजल के गुणवत्ता की समय - समय पर टेस्टिंग की जाए**

# वक्फ बिल गरीब मुस्लिम वर्ग के लिए क्रांतिकारी कदम : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने वक्फ बिल का समर्थन करते हुए, गरीब मुस्लिम वर्ग के लिए क्रांतिकारी कदम बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, कांग्रेस सरकारों द्वारा इस कानून को संविधान से ऊपर रखने का जो पाप किया, उसे हमने संशोधन बिल से धो दिया है। अब देवभूमि में भी वक्फ की जो भी संपति है, उसकी जवाबदेही गरीब पसमांदा मुस्लिमों के कल्याण के लिए सुनिश्चित करना संभव होगा।

उन्होंने कहा, पिछली सरकारों ने तुष्टिकरण नीति के चलते वक्फ बोर्ड को असीमित अधिकार दिए थे। जिससे किसी भी जमीन को यह बोर्ड अपना दावा कर सकता है और पीड़ित को न्यायालय में अपील का अधिकार भी नहीं था। चंद वक्फ अधिकारियों, जिनमें अधिकांश कांग्रेस समेत विपक्ष के नेता और समर्थक हैं, ने दान मिली जमीनों पर कब्जा किया हुआ है। इतना ही नहीं, गरीबों के कल्याण के उद्देश्य से दान की गई संपति या पैसे से न कोई अस्पताल बनाया गया, न स्कूल या न ही कोई सामाजिक कार्य किए गए।



लिहाज हमारी सरकार मुस्लिम गरीब समुदाय और महिलाओं के उत्थान के लिए वक्फ संशोधन कानून लेकर आई है। वर्तमान कानून में संशोधन कर हम वक्फ बोर्ड के उत्तरदायित्व को निश्चित करना चाहते है, हम उसके कामकाज में पारदर्शिता लाना चाहते हैं, वक्फ की जमीनों को कब्जा मुक्त कर उसका लाभ गरीबों को दिलाना चाहते हैं, मातृ शक्ति का प्रतिनिधित्व उसमें सुनिश्चित करना चाहते हैं। जबकि पूर्ववर्ती विपक्षी सरकारों ने वक्फ को संविधान से ऊपर रखते हुए बनाया, हम उसे पुन: संविधान के दायरे में लाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि यह कानून किसी मस्जिद, कब्रिस्तान या ईदगाह के खिलाफ नहीं है, जबकि ये बिल उनके खिलाफ है जिन्होंने वक्फ की जमीनों कर अवैध कब्जा किया हुआ है।

हमने इसमें संशोधन कर कानूनी बराबरी के अधिकार को सुनिश्चित किया है, जबकि विपक्षी सरकारों ने इसे भेदभाव पूर्ण बना दिया था। दअरसल वक्फ बोर्डों की अधिकांश जमीनों पर कांग्रेसी और विपक्षी नेताओं समेत मुस्लिम पर्सनल बोर्ड के लोगों का कब्जा है। यही वजह है कि ये लोग इसे असंवैधानिक बताकर, इसका विरोध कर रहे हैं। जबकि इन्हें जबाब देना चाहिए कि 1955 में वक्फ कानून बनने से लेकर इसमें 1995 और 2013 के संशोधन संवैधानिक हो सकता है तो वर्तमान संशोधन असंवैधानिक कैसे हो सकता है।

**■ कहा , कांग्रेस सरक. ारों ने इस कानून को संविधान से ऊपर रखने का पाप किया**

# कैंसर संस्थान सहित पांच मेडिकल कॉलेजों को मिले नर्सिंग अधिकारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित 1238 नर्सिंग अधिकारियों को तैनाती स्थल आंवटित कर दिये गये हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इसकी सूची अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। नवनियुक्ति नर्सिंग अधिकारियों को संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे, इसके साथ ही अभ्यर्थियों को संस्थान में योगदान देना होगा।

सूबे के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आज उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित 1238 नर्सिंग अधिकारियों नियुक्ति संस्थान आवंटित कर दिये हैं। जिसकी सूची विभाग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर जारी कर दी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को प्रदेश के पांच विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों के साथ ही स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट हल्द्वानी में रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती दी गई है। जिसमें राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में 248, अल्मोडा 189, हल्द्वानी 221, देहरादून 271, रूद्रपुर 245 और स्टेट कैंसर संस्थान हल्द्वानी में 64 नर्सिंग अधिकारी शामिल है।

उन्होंने बताया कि नवनियुक्ति नर्सिंग अधिकारियों को संबंधित कॉलेजों के प्राचार्य नियुक्त पत्र वित. रित करेंगे, इसके लिये नियुक्ति संस्थान आंवटन सूची विभागीय स्तर से सभी प्राचार्यों को भेज दी गई है। डॉ. सयाना ने बताया कि सभी नर्सिंग अधिकारी को अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ आंवटित संस्थान में जाना होगा। जहां पर कॉलेज प्रशासन के द्वारा उनके मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जायेगा। इसके उपरांत उन्हें प्राचार्य द्वारा नियुक्ति पत्र देकर तैनाती दी जायेगी। यदि किसी अभ्यर्थी के सत्यापन में गड़बड़ी पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

**■ चिकित्सा शिक्षा विभाग ने वेबसाइट पर अपलोड कर जारी की तैनाती सूची, विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने कहा मेडिकल कॉलेजों में मिलेगी बेहतर सुविधाएं**

प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेज तथा स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट हल्द्वानी में नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती दे दी गई है। इन नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती से मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा साथ ही यहां आने वाले मरीजों की बेहतर देखभाल हो सकेगी।
**डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

## नव संवत्सर पर शोभायात्रा

**अल्मोड़ा।** नव संवत्सर के अवसर में गुरुवार को हिन्दू सेवा समिति की ओर से अल्मोड़ा नगर में भव्य सांस्कृतिक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाएं, बच्चे, कलाकार और अन्य लोग माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शानदार प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक शोभा यात्रा पलटन बाजार स्थित सिद्ध नौला से शुरू हुई। शोभा यात्रा थाना बाजार, गंगोला मोहल्ला, जौहरी बाजार, हुक्का क्लब, रघुनाथ मंदिर, कहचरी बाजार, लोहाशेर बाजार, चौक बाजार, लाला बाजार होते हुए ऐतिहासिक नंदादेवी मंदिर परिसर तक पहुंची। जहां पारंपरिक कुमाऊनी परिधानों में सजी धजी महिलाओं ने मंदिर की परिक्रमा की और माता के जयकारे लगाए। शोभा यात्रा में समिति अध्यक्ष अजीत कार्की, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह, भैरव गोस्वामी, वैभव पांडे, कमल साह, प्रत्येश पांडे, अमन नज्जौन, गीता मेहरा, बीना नयाल, तारा चंद्र जोशी, पूरन रौतेला, परितोष आदि शामिल रहे।

# विद्यालयों में नए विषय खोलने को प्रस्ताव भेजें अधिकारी: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में आवश्यकतानुसार नये विषय खोले जायेंगे। इसके लिये सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जिलों के प्रस्ताव महा. निदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके साथ ही अधिकारियों को विद्यालयों के उच्चीकरण, कलस्टर विद्यालयों की स्थापना, डी व सी श्रेणी के स्कूलों से संबंधित प्रास्ताव भी इस माह तक शासन को भेजने को कहा गया है। इसके अलावा सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या में गिरावट को देखते हुये विभागीय स्तर पर जांच समिति गठित करने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये है।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को शिक्षा विभाग की बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेभर के विद्यालयों में नये विषयों की मांग को ध्यान में रखते हुये महानिदेशालय को शीघ्र प्रस्ताव भेजें।

**■ कहा, इस वित्तीय वर्ष के सभी प्रस्ताव अप्रैल माह तक उपलब्ध कराएं सीईओ, घटती छात्रसंख्या को जांच समिति गठित, एक सप्ताह में देनी होगी रिपोर्ट**



उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रति. निधियों व अभिभावक संघों द्वारा समय-समय पर नये विषय खोले जाने की मांग की जाती रही है। बैठक में उन्होंने सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जिलों के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो-दो विद्यालयों के उच्चीकरण एवं राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों की स्थापना के प्रस्ताव भी भेजने को कहा है। इसके अलावा प्रत्येक विकासखण्ड में प्रस्तावित कलस्टर विद्यालय, जीर्ण-शीर्ण स्कूलों सहित डी व सी श्रेणी के विद्यालयों के निर्माण के प्रस्ताव भी इसी माह तक शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। विभागीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिये जिन जनपदों से प्रस्ताव समय पर प्राप्त नहीं होंगे ऐसे जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इसके अलावा डॉ. रावत ने अधिकारियों को सभी विद्यालयों में पेयजल, विद्युत, फर्नीचर, कप्यूटर और शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत बच्चों के प्रवेश सुनिश्चित करने, किताबों, स्कूल ड्रेस और मनमानी फीस वृद्धि को लेकर विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नम्बर पर दर्ज शिकायत का शीघ्र निस्तारण करने को भी अधिकारियों को कहा।

### घटती छात्रसंख्या की जांच को गठित होगी समिति

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश के सरकारी विद्यालायें में घटती छात्र संख्या को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने गिरती छात्र संख्या की जांच के लिये विभागीय अधिकारियों को महानिदेशालय स्तर पर जांच समिति गठित करने के निर्देश दिये। जो विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर एक सप्ताह में अपनी विस्तृत रिपोर्ट विभाग को सौंपेगी। जिसके आधार पर विद्यालयों में छात्रवृद्धि को लेकर आवश्यक कदम उठाये जाएंगे।

# खेल मंत्री रेखा आर्या ने की केंद्रीय मंत्री मेघवाल से मुलाकात



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि संसद परिसर में हुई मुलाकात में समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। इस शिष्टाचार भेंट में उत्तराखंड में सरकार द्वारा चलाई जा रही कई जनहित की योजनाओं पर मंत्री रेखा आर्य ने केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी।

इसके अलावा संसद परिसर में लोकसभा महासचिव और पूर्व में उत्तराखंड के मुख्य सचिव रहे उत्पल कुमार सिंह से भेंट कर मंत्री रेखा आर्य ने उनका कुशल क्षेम जाना। इस दौरान उत्पल कुमार ने संविधान की मूल प्रति व उसका कैलेंडर मंत्री को भेंट किया।

**■ संसद परिसर में हुई मुलाकात में समसामयिक विषयों पर हुई चर्चा, लोकसभा महासचिव और पूर्व में उत्तराखंड के मुख्य सचिव रहे उत्पल सिंह से भी की भेंट**

# डबल इंजन: एक साल में बनी 814 किमी लंबी ग्रामीण सड़कें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत हाल में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान 814 किमी लंबी सड़कों का निर्माण किया गया। राज्य की प्रगति को देखते हुए भारत सरकार ने योजना के तीसरे चरण में स्वीकृत 09 पुलों के निर्माण के लिए भी बजट जारी कर दिया है।

उत्तराखण्ड राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में रू0 900 करोड़ के वित्तीय लक्ष्यों के सापेक्ष लगभग रू0 933 करोड़ की धनराशि व्यय की गई है, जो विगत वर्ष 2023-24 में किये गये व्यय से रू0 133 करोड़ अधिक है। इसी प्रकार भौतिक उपलब्धि में भी वित्तीय वर्ष 2024-25 में 814 किमी लम्बाई में मार्गो का निर्माण किया गया है, जो वर्ष 2023-24 की उपलब्धि 206 किमी अधिक है। इस बीत गत वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन पीएमजीएसवाई -3 के अन्तर्गत 09 सेतुओं के निर्माण के लिए 40.77 करोड़ की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हो गई है। इधर, विभाग ने पीएमजीएसवाई-4 के तहत 1490 सड़क विहीन बसावटों को चिन्हित कर प्रथम चरण में लगभग 8500 किमी सड़कों निर्माण का सर्वे पूरा करते हुए, डीपीआर पर काम शुरू कर दिया है। विभाग ने कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए

समय-समय पर जारी निर्देशों के अतिरिक्त एक विशेष निरीक्षण एप तैयार किया है। एप के माध्यम से फील्ड अधिकारियों द्वारा किये जाने वाले निरीक्षणों को नियमित रूप से अंकित किया जा रहा है, जिससे उच्चाधिकारियों द्वारा मार्गों की गुणवत्ता का अनुश्रवण करना सुलभ हो गया है। भारत सरकार स्तर पर भी इस पहल की सराहना करते हुए अन्य राज्यों को इसे अपनाने को कहा है। विदित है कि सड़क विहीन गांवों के लिए केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना शुरु की गई थी। योजना के प्रथम तीन चरणों में न्यूनतम 500 की आबादी वाले गांवों को सड़कों से जोड़ने का काम करीब-करीब पूरा हो चुका है।

**■ उत्तराखंड में पीएमजीएसवाई योजना की प्रगति को केंद्र सरकार ने सराहा**

डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जरिए राज्य की छोटी - छोटी बसावटों को सड़क से जोड़ने का काम किया जा रहा है। हाल के सम्पन्न वित्तीय वर्ष में विभाग ने उल्लेखनीय कार्य किया है, अब हम चौथे चरण में शेष बसावटों को बाराहमासी सड़क से जोड़ने का काम करेंगे।- **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**

# मलिन बस्तियों के पुनर्वास के ठोस एवं प्रभावी वर्किंग प्लान बने: बर्द्धन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** शहरी विकास विभाग को राज्यभर में मलिन बस्तियों में निवासरत जरूरतमंदों के पुर्नवास हेतु चरणबद्ध कार्ययोजना पर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रभावी पहल के निर्देश दिए हैं। सीएस ने पहले चरण में शहरी विकास विभाग एवं नगर निगम को देहरादून की मलिन बस्तियों के पुनर्वास के ठोस एवं प्रभावी वर्किंग प्लान पर तत्काल कार्य करने की हिदायत दी है। इसके साथ ही मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सिंचाई विभाग को रिस्पना एवं बिंदाल नदियों के पुनर्जीवीकरण की स्थिति पर अपडेट देने के साथ वर्किंग प्लान पर तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन आज सचिवालय में शहरी विकास एवं सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों के साथ मलिन बस्तियों की स्थिति एवं रिस्पना व बिन्दाल के पुनर्जीवीकरण पर समीक्षा कर रहे थे।



मुख्य सचिव ने शहरी विकास विभाग को मलिन बस्तियों की सूचना, चिन्हीकरण की अद्यतन स्थिति, निवासरत लोगों की सूची पर अपडेट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने वांछित सूचना प्राप्ति के बाद मलिन बस्तियों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन की प्रभावी कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने अधिकारियों को स्लम फ्री उत्तराखण्ड के विजन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवारों के जीवन स्तर में सुधार, पुनर्वास एवं पुनरुद्धार पर शीर्ष प्राथमिकता पर कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मलिन बस्तियों के विषय को सामाजिक समस्या की तरह देखा जाना चाहिए तथा इस पर पूर्ण संवे. दनशीलता एवं मानवीयता से कार्य किया जाना चाहिए। बैठक में प्रमुख सचिव वन, सचिव शहरी विकास, सिंचाई, स्वास्थ्य, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**■ मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने की विभिन्न शहरी विकास एवं सिंचाई विभाग के साथ बैठक**

# मुख्य सचिव ने की रेल सुविधाओं के विकास के सम्बन्ध में समीक्षा

## सभी रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन की स्थिति भी स्पष्ट करने को कहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने परिवहन विभाग को राज्य में प्रस्तावित सभी रेल परियोजनाओं की स्थिति पर अपडेट देने एवं वर्तमान में संचालित रेल परियोजनाओं में आ रही बाधाओं व समस्याओं पर बिन्दुवार रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने देहरादून सहित सभी रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन की स्थिति भी स्पष्ट करने को कहा है। इसके साथ ही सीएस ने राज्य में प्रस्तावित एवं संचालित रेल प्रोजेक्ट्स से संबंधित मुद्दों पर रेल मंत्रालय, आरवीएनएल सहित संबंधित संस्थाओं से प्रभावी समन्वय के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों का रेल नेटवर्क से संयोजन, राज्य के औद्योगिक आर्थिक एवं सामाजिक विकास, विश्व प्रसिद्ध धामों, तीर्थ में वर्ष भर श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन तथा सामरिक महत्व के दृष्टिगत रेलवे का अवसं. रचना का राज्य हेतु अत्यंत महत्व है।



परिवहन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य में कुल पांच रेल परियोजनाएं हैं जिनमें तीन प्रस्तावित एवं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग सहित दो परियोजनाएं वर्तमान में संचालित की जा रही है। गंगोत्री यमुनोत्री रेल परियोजना जिसकी कुल दूरी 121.76 किमी है तथा 10 स्टेशन हैं। इसका सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है तथा डीपीआर रेलवे बोर्ड को उपलब्ध करा दी गई है। इस पर अनुमोदन प्रतीक्षित है। टनकपुर बागेश्वर रेल परियोजना जिसकी कुल दूरी 170.70 किमी है तथा 12 स्टेशन हैं। इसका सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है तथा डीपीआर रेलवे बोर्ड को उपलब्ध करा दी गई है। इस पर अनुमोदन प्रतीक्षित है। देहरादून -सहारनपुर रेल परियोजना जिसकी कुल दूरी 92.60 किमी है तथा इसमें 8 स्टेशन है। इसका सर्वेक्षण कार्य गतिमान है।

बैठक में सचिव परिवहन, अपर सचिव परिवहन, सचिव एमडीडीए सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक कल्याण के लिए संकल्पबद्ध धामी सरकार: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सैनिक कल्याण विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को उपनल कर्मियों की भांति अवकाश देने का प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट को भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सैनिक विश्राम गृहों का उच्चीकरण किया जाए तथा सैनिक कल्याण के भवन के जीर्णोद्धार सहित शहीद द्वारों के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। सैनिक कल्याण मंत्री ने पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु एक वर्षीय कंप्यूटर प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार सृजन की दिशा में काम करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकों को नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों द्वारा भवन कर में छूट देने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए। सैनिक कल्याण गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है और इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।



इस अवसर पर सचिव सैनिक कल्याण दीपेंद्र चौधरी, निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल, उपनल के प्रबंध निदेशक बिग्रेडियर जेएनएस बिष्ट सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**■ सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक**

# मियांवाला का नाम बदलने पर सीएम का आभार

**देहरादून।** मियांवाला का नाम बदल जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया है ᵖ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को सचिवालय में विधायक उमेश शर्मा काऊ, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल और पार्षदगणों ने भेंट कर मियांवाला का नाम जनभावनाओं के अनुरूप रामजीवाला किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# उत्तराखंड संस्कृति गीत की टीम को सीएम ने दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में यंग उत्तराखंड के सदस्यों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने गुलाबी शरारा गीत की सफलता पर पूरी टीम को बधाई दी और उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कलाकारों ने प्रतिभा और कड़ी मेहनत से हमारी लोक संस्कृति को बढ़ाने का कार्य किया है। गुलाबी शरारा गीत के 300 मिलियन से अधिक व्यूज ने यह सिद्ध कर दिया है कि राज्य के युवा प्रतिभा सम्पन्न है। अपने गीत और संगीत के माध्यम से उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस अवसर पर यंग उत्तराखंड से जितेन्द्र सिंह रावत, गिरीश सिंह जीना, वरुण रावत, राकेश जोशी, नीरू बोरा, अंकित कुमार, अशीम मंगोली, रणजीत सिंह भंडारी और सौरभ सेमवाल मौजूद थे।

# बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब की यात्रा को लेकर डीएम ने किया हाईवे का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब की यात्रा के सुचारू संचालन के लिए बदरीनाथ धाम से चमोली तक यात्रा मार्ग के खतरनाक बने स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीआरओ और एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों से सुधारीकरण कार्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

चार धाम यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने प्रशासन की टीम के साथ चमोली जिले के बलराम पुल, जेपी बैराज के समीप, लामबगड़, गुलाबकोटी, लंगसी धार, पाताल गंगा, टंगणी, पागल नाला, भनेर पाणी और बिरही चाड़ा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों



को बदरीनाथ धाम की यात्रा शुरु होने से पूर्व हाईवे को सुचारु यातायात के लिए तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पाताल गंगा में हाईवे के समीप स्थित पीपल के पेड़ को सुरक्षा की दृष्टि से दीवार बनाकर सुरक्षित करने के निर्देश दिए। वहीं टंगणी में भूस्खलन से प्रभावित व्यक्ति को मुआवजा प्रदान कर शीघ्र हाईवे का सुधारीकरण कार्य शुरु करने की बात कही। उन्होंने लंगसी धार में पहाड़ी पर लटके पत्थरों का निरस्तारण करने और हाईवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों को यात्रा से पूर्व ब्लैक टॉप करने के आदेश दिए।

**■ डीएम ने अधिकारियों को यात्रा से पूर्व बदरीनाथ हाईवे का सुधारीकरण करने, खतरनाक बने स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के दिए निर्देश**

निरीक्षण के दौरान एनएचआईडीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित सोलंकी ने बताया कि गुलाबकोटी भूस्खलन जोन पर जहां हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। वहीं नदी साइड पर आगामी 10 अप्रैल से निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा। लंगसी धार में नदी साइड दीवार निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि पाताल गंगा टनल का कार्य भी अंतिम चरण में है, शीघ्र यहां टनल का निर्माण कार्य पूर्ण का टनल से वाहनों की आवा. जाही सुचारु कर दी जाएगी। बताया बदरीनाथ हाईवे पर बरसात में परेशानी का कारण बनने वाले पागलनाला में ड्रेनेज सिस्टम डेवलप किया जा रहा है। पागलनाला गदेरे से आने वाला पानी अब सड़क पर नहीं आयेगा, जिससे यहां बार बार बाधित होने वाले यातयात से तीर्थयात्रियों को परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। वहीं भरेनपानी में भी हाईवे का चौड़ीकरण कार्य शुरु कर दिया गया है। जबकि नदी साइड दीवार निर्माण को लेकर 10 अप्रैल से कार्य शुरु कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिरही चाड़ा में भी पहाड़ी पर लटक रहे पत्थरों को शीघ्र हटाने का कार्य शुरु कर दिया जाएगा। इस मौके पर एनएचआईडीसीएल के साथ ही तहसील प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

# यमुनोत्री धाम के कपाट के मुहूर्त तय अक्षय तृतीया पर खुलेंगे 30 अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** यमुना जयंती पर यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने का मूर्हत निकल गया है। गुरुवार को मां यमुना के शीतकालीन प्रवास मैं खरसाली गांव में पंडा -पुरोहितों द्वारा कपाट खुलने का समय व लग्न तय कर लिया है कि 30 अप्रैल को 11:55 बजे रोहिणी नक्षत्र व सिद्ध योग शुभ लग्न पर यमुना मंदिर के कपाट खोले जाएंगे।

चौत्र शुक्ल षष्ठी मां यमुना जयंती के शुभ अवसर पर चारधाम यात्रा के प्रथम धाम श्री यमुनोत्री धाम के कपाट खोलने की विधिवत घोषणा श्री यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुनील प्रसाद उनियाल और समस्त मंदिर समिति और पंच पंडा पुरोहित महासभा और समस्त सम्मानित तीर्थ पुरोहित यमुनोत्री धाम की उपस्थिति में हुई है।



30 अप्रैल को चारधाम के पहले प्रमुख पड़ाव यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इससे पूर्व मां यमुना की डोली अपने शीतकालीन प्रवास खरसाली से सुबह आठ बजकर अठाइस मिनट पर अपने भाई शनिदेव की डोली व श्रधांलुओं के साथ यमुनोत्री धाम के लिए रवाना होगी।

आगामी छह माह तक श्रद्धालु माँ यमुना के दर्शन यमुनोत्री धाम में करेंगे।

इस अवसर पर गौरव उनियाल, प्रदीप उनियाल, अभिषेक उनियाल, भागेश्वर उनियाल, हेमंत उनियाल, विपिन उनियाल, लखन उनियाल, अमित उनियाल, संजीव उनियाल, गिरीश उनियाल, मनमोहन उनियाल, मोहन उनियाल, यशपाल राणा, महाबीर पंवार माही, नागेंद्र रावत, पपिन तोमर जी आदि समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश मुख्य सचिव का दौरा, पुनर्वास का मुद्दा गहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार 7 अप्रैल को कालागढ़ का दौरा करेंगे। उनके दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को बिजनौर की जिला अधिकारी जसजीत कौर ने भिक्कावाला के सेंट मेरी इंटरमीडिएट कॉलेज में बनाए जा रहे हेलीपैड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। प्रशासनिक अमला मुख्य सचिव के आगमन को लेकर सतर्क है, लेकिन इस दौरे के साथ ही कालागढ़ में बसे सैकड़ों परिवारों के भविष्य पर भी तलवार लटक गई है।

''सैकड़ों परिवारों को बेघर करने की तैयारी, वन विभाग के सख्त रुख से गहराया संकट''

कालागढ़ में वर्षों से रह रहे कई परिवारों को जिला प्रशासन अतिक्रमणकारी घोषित कर चुका है। प्रशासन का कहना है कि इन लोगों को हटाकर जमीन वन विभाग को सौंपी जाएगी, लेकिन यह सवाल उठता है कि जिन लोगों ने यहां अपना जीवन बसा लिया, उनके लिए सरकार की क्या योजना है?वन विभाग का रुख बेहद सख्त है। वह चाहता है कि इन परिवारों को जल्द से जल्द हटाया जाए, चाहे इसके लिए उनके घरों पर बुलडोजर ही क्यों न चलाना पड़े। लेकिन क्या इन परिवारों को उजाड़ने से पहले सरकार ने उनके पुनर्वास के बारे में सोचा? यह सवाल आज भी अनुत्तरित है।

# आईएसबीटी व सिटी सेंटर उच्चीकरण का भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बौराड़ी नई टिहरी में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) द्वारा वित्त पोषित आईएसबीटी एवं सिटी सेंटर के उच्चीकरण कार्यों का भूमि पूजन गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर विधायक किशोर उपाध्याय, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।विधायक ने इस परियोजना के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आईएसबीटी और सिटी सेंटर के निर्माण से नई टिहरी का विकास होगा और स्थानीय व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर देते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी विकास की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने केंद्र और



राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना को अगले वर्ष बरसात से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने स्थानीय लोगों से सुझाव साझा करने की अपील की।

उन्होंने यह भी बताया कि मदननेगी रोपवे का विकास कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नगरपालिका परिषद टिहरी के अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने सभी को विकास कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने आईएसबीटी में भव्य प्रवेश द्वार, शौचालय सुदृढ़ीकरण और बच्चों के लिए खेल सुविधाओं के विकास का सुझाव दिया। एडीबी के प्रोजेक्ट मैनेजर आशीष कठैत ने जानकारी दी कि 22 करोड़ रुपये की लागत से आईएसबीटी, सिटी सेंटर और कवर्ड मार्केट के उच्चीकरण कार्य किए जाएंगे। परियोजना के तहत निगरानी के लिए एक आधुनिक कमांड कंट्रोल सिस्टम भी स्थापित किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह रावत, सभासद उर्मिला राणा, विजय कठैत, मानवेन्द्र रावत, मधु भट्ट, भाजपा यूथ जिला महामंत्री विनीत उनियाल, प्रबंध निदेशक एलएनए इंफ्राप्रोजेक्ट पीएल सचिन अग्रवाल, एडीबी के मनीष नेगी, अर्जुन सकलानी, संदीप पंवार, डीटीडीओ एसएस राणा, ईओ नगरपालिका परिषद संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर.....

### वेतन न मिलने पर विद्युत संविदा कर्मियों ने जताया रोष

**श्रीनगर।** 33/11 केवी सब स्टेशन श्रीकोट में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर आक्रोश व्यक्त किया है। संविदा कर्मचारियों ने कहा कि कि अनुबंध समाप्त होने के बावजूद वे लगातार बिना वेतन के कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में संविदा कर्मचारियों ने विद्युत वितरण खंड श्रीनगर के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने बताया कि मैसर्स आभा इलेक्ट्रिकल फर्म का अनुबंध 16 फरवरी 2025 को समाप्त हो गया था, लेकिन इसके बावजूद उनके वेतन और कुछ महीनों की ईपीएफ राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को पत्र और मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि अनुबंध समाप्त होने के बाद भी अधिशासी अभियंता के मौखिक निर्देश पर कर्मचारी वर्तमान समय तक अनुरक्षण से संबधित सभी कार्य कर रहे हैं।

### अमोली में वोटर लिस्ट से एक दर्जन परिवारों के नाम गायब

**श्रीनगर।** त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर सुगबुगाहट शुरू होने के साथ ही जनप्रति. निधि भी सक्रिया हो गये है। ग्राम पंचायत अमोली में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 मद्दें निर्वाचन नामावली में कुछ परिवारों के नाम न दर्ज होने पर पूर्व उप प्रमुख कीर्तिनगर विनोद सिंह रावत ने जिलाधिकारी टिहरी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में विनोद सिंह रावत ने कहा कि ग्राम पंचायत अमोली में एक दर्जन परिवारों के नाम निर्वाचन नामावली से हटाएं गये है। जबकि सूची से 73 नाम गायब है। कहा कि नामावली में मुकान नम्बर 30 के बाद सीधा मकान नम्बर 41 को दर्शाया गया है। बीच से 10 परिवारों के नाम गायब किए गये है। जबकि नामावली में पर्यवेक्षक से लेकर सह निर्वाचन अधिकारी तक हस्ताक्षर किए हुए है। कहा कि यदि जल्द से निर्वाचन नामावली को सुधारा नहीं जाता है तो वह न्यायालय की शरण लेने को मजबूर होंगे।

### यूकेडी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर लगाया तानाशाही का आरोप, भेजा ज्ञापन

**कोटद्वार ।** उत्तराखंड क्रांति दल की स्थानीय इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रदेश सरकार की तानाशाही पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकार समस्याओं का समाधान करने के स्थान पर दल के नेताओं को गिरफ्तार करने पर लगी है। इस संबध में यूकेडी ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। महानगर अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत के नेतृत्व में प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि दल निरंतर मूल निवास, बेरोजगारों को रोजगार देने और आम जन से संबधित अन्य समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार उनकी आवाज को दबाते हुए दल के कार्यकर्ताओं को साजिशन गिरफ्तार कर रही है। दल के सक्रिय नेता आशुतोष नेगी व आशीष नेगी को सरकार गिरफ्तार कर चुकी है। सरकार को उन्हें शीघ्र रिहा करना होगा। कहा कि दल सरकार की तानाशाही के आगे नहीं झुकेगा और संघर्ष जारी रखेगा। ज्ञापन में प्रदेश के राज्यपाल से उक्त बिंदुओं को लेकर सरकार को निर्देशित करने की अपील की गई है।

### 15 अप्रैल को पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्स संगठन मनाएगा स्थापना दिवस

**कोटद्वार ।** गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्स संगठन कोटद्वार की ओर से 15 अप्रैल को रेजिमेंट का स्थापना दिवस समारोह मनाने का निर्णय लिया गया है। गुरूवार को यह जानकारी देते हुए संगठन के गजराज सिंह नेगी ने बताया कि समारोह का आयोजन कुंभीचौड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में किया जायेगा। उन्होंने पैराशूट रेजिमेंट के समस्त गौरव सैनिकों से समारोह में प्रतिभाग करने की अपील की है।

### अशासकीय विद्यालयों में शिक्षक भर्ती राज्य लोकसेवा आयोग से कराने के निर्णय का किया स्वागत

**कोटद्वार ।** बीएड प्रशिक्षित युवा संघ के प्रवक्ता अरविन्द दुदपुड़ी ने सरकार के अशासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती राज्य लोकसेवा आयोग के माध्यम से कराने के निर्णय का स्वागत किया है, साथ ही उन्होंने यह मांग भी की कि अशासकीय विद्यालयों महाविद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती में अधिकतम आयु सीमा का प्रावधान न रखा जाएं। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी अशासकीय विद्यालयों व महाविद्यालयों में शिक्षक भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा का कोई प्रावधान नहीं था। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश मे भी अधिकतम आयु सीमा का कोई प्रावधान नहीं रखा गया है।

### प्रशासन ने होटल, रेस्टोरेंट में खामियां मिलने पर किया चालान

**श्रीनगर।** चारधाम यात्रा के दृष्टिगत तहसील प्रशासन, खाद्य आपूर्ति विभाग, नगर निगम श्रीनगर और पुलिस टीम ने नगर निगम क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट, लॉज और धर्मशालाओं का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।एसडीएम श्रीनगर नूपुर वर्मा के निर्देशन पर प्रशासन की टीम ने कुल 15 होटल और रेस्टोरेंट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नायब तहसीलदार दीपक भंडारी खाद्य आपूर्ति विभाग भानू प्रताप रावत के नेतृत्व में सफाई व्यवस्था, खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन, अग्निशमन यंत्र, व्यवसायिक गैस सिलेंडर आदि की जाँच की गई। इस दौरान जिला अभिहित अधिकारी अजब सिंह रावत ने होटल व्यवसायियों के पास फूड लाइसेंस न मिलने पर नोटिस देकर लाइसेंस बनाने के निर्देश दिये।टीम ने नगर स्थित ओकेजन लॉज में 3 घरेलू सिलेंडर उपयोग में लाये जाने पर 6900 रूपये का चालान काटा। निरीक्षण टीम ने होटल प्रबंधकों को अविलम्ब सभी खामियाँ दूर करने के निर्देश दिये। मौके पर फायर सर्विस सोनू सैनी, अंकित नेगी, संतोष कुमार, एसआई मुकेश भट्ट, नगर निगम स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार आदि मौजूद रहे।

### महिला जागृति समारोह में आयोजित होगा कवि सम्मेलन

**श्रीनगर।** प्रगतिशील जनमंच के तत्वावधान में चतुर्थ महिला जागृति समारोह का आयोजन 7 से 9 अप्रैल तक स्थानीय रामलीला मैदान में किया जाएगा। इस समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सम्मान समारोहों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डा. पूनम तिवाड़ी और विशिष्ट अतिथि मनोविज्ञान विभाग की प्रो. मंजू पांडे होंगी। प्रजमं की अध्यक्ष विनोद मैठाणी ने बताया कि पहले दिन महिला पार्षदों को सम्मानित किया जाएगा तथा सामूहिक लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित होगी

# यूसीसी को जटिल बनाने के बजाय सरलीकरण पर दें जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** यूसीसी पंजीकरण को सफलतापूर्वक कराये जाने को लेकर महानिबंधक सम्मान नागरिक संहिता डॉ. वी षणमुगम ने गुरुवार को मेडिकल सभागार में नोडल अधिकारी, निबंधकों व उपनिबंधकों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने उपनिबंधकों की शाकाओं का समाधान करते हुए सुझाव भी दिए। उन्होंने पंजीकरण को जटिल बनाने के बजाय सरलीकरण पर जोर देने को कहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने पीपीटी के माध्यम से जिले में यूसीसी पंजीकरण की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि पंजीकरण के लिए जिले में 10 निबंधक और 182 उपनिबंधकों की तैनाती की गई है। कहा कि यूसीसी पंजीकरण में पौड़ी जिले ने तेजी से कार्य किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि पंजीकरण में जो भी समस्याएं आई हैं, उनका समाधान किया गया है। कहा कि वन ग्रामों के निवासियों के दस्तावेजों की कमी होने से पंजीकरण में दिक्कतें आ रही हैं। महानिबंधक ने सभी उपनिबंधकों को कहा कि वन ग्रामों में पंजीकरण के लिए जो भी व्यवस्था की जा सकती है, इसका प्रस्ताव बनाकर नोडल अधिकारी को दें। जिससे नोडल अधिकारी इस प्रस्ताव को शासन में भेज सकेंगे। कहा कि वे जांच अधिकारी बनने के बजाय आवे. दकों के दस्तावेजों की सत्यता जानते हुए आवेदनों को स्वीकृत करें। उन्होंने दस्तावेज में संदेह होने पर संबंधित विभाग से सत्यापन कराए जाने की बात कही। बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है। महानिबंधक ने कहा कि विवाह का पंजीकरण करते समय प्रतिबंधित श्रेणियों का ध्यान जरूर रखें। मौके पर नोडल अधिकारी यूसीसी अनिल सिंह गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक राम चंद्र सेट, एसडीएम श्रीनगर नूपुर वर्मा, कोटद्वार सोहन सिंह सेनी, लैंसडौन शालिनी मौर्य, चौबट्टाखाल श्रेष्ठ गुनसोला, नगर आयुक्त कोटद्वार वैभव गुप्ता, डीपीआरओ जितेन्द्र कुमार सहित उप निबंधक रचना शाह, नवीन कुमार, मुकेश जोशी, रोंि. हत ठाकुर, दिनेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# महानिबंधक सम्मान नागरिक संहिता डॉ. वी षणमुगम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** यूसीसी पंजीकरण को सफलतापूर्वक कराये जाने को लेकर महानिबंधक सम्मान नागरिक संहिता डॉ. वी षणमुगम ने गुरुवार को मेडिकल सभागार में नोडल अधिकारी, निबंधकों व उपनिबंधकों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने उपनिबंधकों की शाकाओं का समाधान करते हुए सुझाव भी दिए। उन्होंने पंजीकरण को जटिल बनाने के बजाय सरलीकरण पर जोर देने को कहा ताकि आवेदकों को असुविधा न हो। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने पीपीटी के माध्यम से जिले में यूसीसी पंजीकरण की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि पंजीकरण के लिए जिले में 10 निबंधक और 182 उपनिबंधकों की तैनाती की गई है। कहा कि यूसीसी पंजीकरण में पौड़ी जिले ने तेजी से कार्य किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि पंजीकरण में जो भी समस्याएं आई हैं, उनका समाधान किया गया है। कहा कि वन ग्रामों के निवासियों के दस्तावेजों की कमी होने से पंजीकरण में दिक्कतें आ रही हैं। महानिबंधक ने सभी उपनि. बंधकों को कहा कि वन ग्रामों में पंजीकरण के लिए जो भी व्यवस्था की जा सकती है, इसका प्रस्ताव बनाकर नोडल अधिकारी को दें। जिससे नोडल अधिकारी इस प्रस्ताव को शासन में भेज सकेंगे। उन्होंने उपनिबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जांच अधिकारी बनने के बजाय आवेदकों के दस्तावेजों की सत्यता जानते हुए आवेदनों को स्वीकृत करें। उन्होंने दस्तावेज में संदेह होने पर संबंधित विभाग से सत्यापन कराए जाने की बात कही। बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है। महानिबंधक ने कहा कि विवाह का पंजीकरण करते समय प्रतिबंधित श्रेणियों का ध्यान जरूर रखें। मौके पर नोडल अधिकारी यूसीसी अनिल सिंह गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक राम चंद्र सेट, एसडीएम श्रीनगर नूपुर वर्मा, कोटद्वार सोहन सिंह सेनी, लैंसडौन शालिनी मौर्य, चौबट्टाखाल श्रेष्ठ गुनसोला, नगर आयुक्त कोटद्वार वैभव गुप्ता, डीपीआरओ जितेन्द्र कुमार सहित उप निबंधक रचना शाह, नवीन कुमार, मुकेश जोशी, रोहित ठाकुर, दिनेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# वनाग्नि सुरक्षा समिति की बैठक में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** गुरुवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें वन विभाग के विभिन्न डिवीजनों द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को फायर सीजन के दौरान अलर्ट मोड में रहने और समन्वित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने वनाग्नि की घटनाओं को रो. कने के लिए नुक्कड़ नाटकों, युवक एवं महिला मंगल दलों तथा साम. ुदायिक सहभागिता के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही, वनाग्नि को जानबूझकर अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के भी आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि वनाग्नि की घटनाओं में प्राथमिकता लोगों के जीवन की सुरक्षा होनी चाहिए।

**■ फायर सीजन में वनाग्नि रोकने के लिए समन्वित कार्ययोजना बनाने पर जोर ,वनाग्नि सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता और कानूनी कार्रवाई के सख्त निर्देश**

बैठक में सभी एसडीएम को वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशील गांवों में अधिकारियों के साथ बैठक कराने, फायर सीजन के दौरान वन विभाग के वाहनों का किसी अन्य कार्य में उपयोग न करने और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने रणनीति बनाकर विशेष टीमें तैनात करने, अग्निशमन उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, सड़क किनारे पिरूल की सफाई करने और घरों के आसपास झाड़ियां कटवाने के निर्देश भी दिए। नोडल अधिकारी एवं डीएफओ टिहरी पुनीत तोमर ने जानकारी दी कि टिहरी वन प्रभाग में 52, नरेंद्रनगर में 69, मसूरी में 22, टिहरी डैम वन प्रभाग-प्रथम में 23, टिहरी डैम वन प्रभाग-द्वितीय में 08 और भूमि संरक्षण वन प्रभाग उत्तरकाशी में 05 क्रू-स्टेशन बनाए गए हैं। सभी डिवीजनों में मॉक ड्रिल पूरी कर ली गई है और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रत्येक क्रू स्टेशन पर दो-दो फायर वॉचर तैनात किए गए हैं, जिनका बीमा भी कराया जा चुका है।

वनाग्नि सुरक्षा की प्रभावी निगरानी के लिए फॉरेस्ट फायर एप पर कार्मिकों के साथ क्षेत्रीय लोगों को भी जोड़ा गया है ताकि घटनाओं की तुरंत सूचना साझा की जा सके। मास्टर कंट्रोल रूम क्रू स्टेशन डाइजर, नई टिहरी में स्थापित किया गया है। पिरूल उठान के लिए घनसाली, रानीचौरी और पोखाल में संग्रह केंद्र बनाए गए हैं। वनाग्नि सुरक्षा समितियों के लिए माइक्रो प्लान तैयार किया गया है, जिसमें जल स्रोतों की सफाई, जन-जागरूकता कार्यक्रमों आदि के तहत कैटेगरी के अनुसार प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है।

बैठक में डीएफओ टिहरी डैम वन प्रभाग-प्रथम संदीपा शर्मा, एसडीएम संदीप कुमार, डीडीओ मोहम्मद असलम, जिला क्षय रोग अधिकारी जितेंद्र भंडारी, अधिशासी अभियंता जल निगम सत्येंद्र पाल, एसडीओ जन्मेजय रमोला, डीडीएमओ बृजेश भट्ट सहित पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी भौतिक रूप से उपस्थित रहे। वहीं, डीएफओ मुनिक. ीरेती जीवन दगाड़े, डीएफओ मसूरी अमित कंवर, एसडीएम नरेंद्रनगर देवेंद्र नेगी, एसडीएम धनोल्टी मंजू राजपूत और ईई जल संस्थान प्रशांत भारद्वाज सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लिया।

# 3 ग्राम स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार


**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने एक नशे तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस श्रीनगर कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि बुधवार देर सांय चौकिंग अभियान के दौरान डांग ऐठाणा रोड़ तिराहे पर पैदाल आ रहा एक युवक पुलिस को देख भागने लगा। बताया कि पुलिस ने शक के आधार पर पुलिस ने चौकिंग कि तो युवक से 03 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी किमत लगभग 90 हजार रूपये की आसपास कि है। बताया कि 24 वर्षीय अंकुर कुमार निवासी प्रीत विहार, गणेशपुर, रुड़की को मौके पर गिरफ्तार कर बरामद माल को सील किया गया।

# श्रीनगर को जिला घोषित करे सरकार:मोहनलाल जैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रदेश में प्रस्तावित सात नये जिलों में श्रीनगर क्षेत्र को जिला बनाने को लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहनलाल जैन ने कहा कि श्रीनगर को जिला बनाना अति आवश्यक है। यहां शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ टिहरी एवं पौड़ी जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र एवं दो परगना कीर्तिनगर, देवप्रयाग व श्रीनगर भी है। कहा कि यहां रूद्रप्रयाग, टिहरी व पौड़ी जनपद की काफी आबादी क्षेत्र श्रीनगर में निवास करता है तथा विशेषकर देखा जाय तो टिहरी जनपद के देवप्रयाग क्षेत्र श्रीनगर के काफी नजदीक है।

वहीं टिहरी मुख्यालय जाने के लिए बढियारगढ़ के जनमानस को सैकड़ों मील सफर करना पड़ता है। कहा कि



श्रीनगर के जिला बनने से पलायन पर पूरी तरह विराम लगेगा। मोहनलाल जैन ने कहा कि हमारे जनप्रतिनिधीयों को सोचना होगा कि जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिले तथा नजदीकी विभागीय कार्यालय मुख्यालय हो तों समय और धन की बचत होगीं। कहा कि श्रीनगर को जिला बनाने को लेकर श्रीनगर विधायक, नगर निगम की महापौर व देवप्रयाग विधायक को एक साथ एक मंच पर आना जरूरी है। संभवत: यदि तीनों जनप्रतिनिधी एक साथ एक मंच पर आते हैं तो श्रीनगर को जिला बनाने की राह आसान हो जायेगी।

इस मौके सामाजिक कार्यकर्ताओं राजीव अग्रवाल, नरेश नौटियाल सहित व्यापारियों और तमाम नेताओं ने श्रीनगर को जिला बनाने का भरपूर समर्थन किया।

# कालागढ़ में गूंज रही न्याय की पुकार, सामाजिक संगठन ने उठाई आवाज

**कालागढ़** कल्याण एवं उत्थान समिति नामक सामाजिक संगठन ने इन परिवारों के पक्ष में आवाज उठाई है। संगठन ने इस मामले को हाईकोर्ट तक पहुंचाया, जहां पुनर्वास की मांग को लेकर याचिका दायर की गई है। इन परिवारों के लिए यह सिर्फ कानूनी लड़ाई नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व को बचाने की जंग है। इन परिवारों में कई बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे हैं, जो हर रोज इस डर में जी रहे हैं कि कब उनका घर उजाड़ दिया जाएगा। उनका कहना है कि वे यहां सालों से रह रहे हैं, उनकी पीढ़ियां यहां पली-बढ़ी हैं। अब अचानक उन्हें अतिक्रमणकारी बताकर बेघर कर देना क्या न्यायसंगत है?

# यूथ कांग्रेस ने बेस अस्पताल की अव्यवस्थाओं के संबंध में राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार स्थित राजकीय बेस चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि अव्यवस्थाओं के चलते बेस अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गया है।

इस संबध में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में गुरुवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि कोटद्वार स्थित पौड़ी जिले के एकमात्र बड़े राजकीय अस्पताल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। अस्पताल में डाक्टरों की कमी के कारण अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। अस्पताल में फिजिशियन के पांच पदों की स्वीकृति के सापेक्ष एक ही डाक्टर तैनात हैं, वे भी वर्तमान में अपने घुटनों के आपरेशन के कारण अवकाश पर हैं। विशेषज्ञ डाक्टरों के पद भी लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं, इसलिए मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि इस अस्पताल में दूर दराज के पहाड़ी क्षेत्रों सहित मैदानी इलाकों के मरीज भी अपना इलाज कराने आते हैं, लेकिन डाक्टरों की कमी के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। ज्ञापन में प्रदेश के राज्यपाल से बेस अस्पताल की दशा सुधारने के संबध में राज्य सरकार को निर्देशित करने की मांग की गई है ।

Page 5-_Dummy page.qxd 4/3/2025 9:34 PM Page 1



# विकास के साथ विरासत का संरक्षण हमारी प्राथमिकता : सीएम

## स्थानों का नाम परिवर्तन करने पर हरिद्वार की जनता ने जताया सीएम आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



देहरादून। प्रदेश के विभिन्न स्थानों का जन भावना के अनुरूप नाम परिवर्तन करने पर विधायक प्रदीप बत्रा तथा पूर्व विधायक यतीश्वरानंद के नेतृत्व में हरिद्वार के स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जनमानस ने मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने गुलामी की मानसिकता के प्रतीक में बदलाव भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप किया है। लोग बोले, तीन वर्षों में सरकार ने अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि विभिन्न स्थानों का नामकरण भारतीय संस्कृति की पहचान के अनूरूप जनभावना को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। हमारे पूर्वजों द्वारा जो विरासत हमें प्राप्त हुई है हम उसी को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर वह निर्णय जो हमारे प्रदेश, जनता और भारतीय संस्कृति के हित में होगा उसको लेने से हम कभी भी पीछे नहीं हटेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश और प्रदेश बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार से भारत का नाम विश्व पटल पर गुंजायमान हो रहा है उसी तरह से प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तराखंड में हमारी सरकार ने विगत 3 वर्षों से ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जो अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण का बने हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हरिद्वार किरण चौधरी, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल व प्रणव कुंवर चौंपियन सहित हरिद्वार के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ की अव्यवस्थाओं खिलाफ भूख हड़ताल शुरू

**उत्तरकाशी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ की अव्यवस्थाओं के खिलाफ चल रहे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के सातवें दिन क्रमिक अनशन शुरू हो गया। गुरुवार को कर्मिक अनशन के प्रथम दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता अंकित चंद रमोला, वार्ड नंबर 5 जोगथ रोड़ से सभासद सिद्धार्थ नौटियाल 24 घंटे भूख हड़ताल( अनशन )पर बैठें। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ में बीते 28 मार्च से अनिश्चितकालीन अनशन चल रहा था। मांगे पूरी न होने से नाराज आंदोलनकारियों ने अब भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी उत्तरकाशी दीपक चंद रमोला( मस्तू ), अरविंद चौहान, धनवीर रमोला आदि मौजूद रहे।

# 'वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च' कार्यक्रम के तहत दिया प्रस्तुतीकरण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ( से नि ) के समक्ष गुरुवार को कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने राजभवन में 'वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च' कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे शोध कार्य की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा 'उत्तराखण्ड में पारंपरिक पुष्प एवं जड़ी-बूटियों द्वारा औषधीय हर्बल चाय का विकास' विषय पर शोध किया जा रहा है। प्रो. रावत ने शोध के उद्देश्य और प्रमुख निष्कर्षों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शोध का उद्देश्य उत्तराखण्ड के पारंपरिक पुष्प एवं जड़ी-बूटियों से तैयार हर्बल टी को वैज्ञानिक परीक्षणों से प्रमाणित करना है, जिससे इसकी औषधीय गुणवत्ता सिद्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि इस शोध के अंतर्गत 30 से अधिक पारंपरिक पुष्प एवं जड़ी-बूटियों के तहत तीन प्रमुख श्रेणियों की हर्बल टी विकसित की जा रही है, जिनमें एंटी-डायबिटिक टी, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली चाय और एंटी-वायरल हर्बल चाय शामिल हैं। प्रो. रावत ने बताया कि कोविड-19 के बाद हर्बल उत्पादों की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड के पारंपरिक पुष्प एवं जड़ी-बूटियां दुर्लभ और औषधीय गुणों से भरपूर हैं, जो अभी भी व्यापक रूप से उपयोग में नहीं आ पाई हैं। प्रस्तुतीकरण में वैज्ञानिक प्रामाणिकता और डीएनए बारकोडिंग तकनीक के बारे में बताया गया, जिससे जड़ी-बूटियों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने, मिलावट को रोकने और जैव चोरी ( बायोपायरेसी ) को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी। राज्यपाल ने इस शोध की सराहना करते हुए कहा कि यह शोध उत्तराखण्ड की समृद्ध औषधीय परंपरा को वैज्ञानिक आधार प्रदान करेगी और सतत विकास को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि इस अध्ययन का लाभ स्थानीय समुदायों तक पहुँचना चाहिए, जिससे राज्य के किसानों और उद्यमियों को आर्थिकी बढ़ाने के अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने उत्तराखण्ड की औषधीय जड़ी-बूटियों को वैश्विक पहचान दिलाने और वैज्ञानिक अनुसंधान को व्यावसायिक रूप देने के लिए संस्थानों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

- राज्यपाल को कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. रावत ने शोध कार्य की प्रगति के बारे में दी जानकारी

राज्यपाल ने कहा कि इस शोध से राज्य के युवाओं को जैव प्रौद्योगिकी और हर्बल उत्पाद से विकास के क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे और उत्तराखण्ड का पारंपरिक ज्ञान आधुनिक विज्ञान के साथ मिलकर आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति को दिशा देगा। इस अवसर पर अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, जैव प्रौद्योगिकी विभाग कुमाऊँ विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष, प्रो. संतोष के. उपाध्याय उपस्थित रहे।

## माँ राजराजेश्वरी गौरजा देवी सिद्ध पीठ में पंचम दिवस पर भक्तिमय आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़ (टिहरी)।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पंचम दिवस को ग्राम छनांण स्थित माँ राजराजेश्वरी गौरजा देवी सिद्ध पीठ में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। श्रद्धा और भक्ति के इस महोत्सव में भक्तों ने माँ भगवती के चरणों में नतमस्तक होकर पूजा-अर्चना की तथा संगीतमय भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। माँ नवदुर्गा भजन-कीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। सिद्ध पीठ के मुख्य पुजारी जसवीर रावत, पुजारी हरिओम रावत और विकास रावत ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रविंद्र रावत ने माँ राजराजेश्वरी गौरजा देवी सिद्ध पीठ के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 18वीं सदी में माँ काली ने ग्राम पंचायत छनांण के रौतु थात क्षेत्र में विराट स्वरूप में प्रकट होकर भक्तों को दर्शन दिए थे। इसके पश्चात माँ भगवती ने अगलाड नदी पार कर छलांग लगाई, जिससे यह स्थल 'चौंरकाली' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, माँ भगवती वृद्ध महिला के वेश में 'चौंरकाली' से छनांण गाँव के पश्चिम में स्थित 'बला देवी थात' पहुँचीं, जहाँ उन्होंने आशा इन्द्राणी रौत को अपना आजीवन पुजारी होने का आशीर्वाद दिया। तभी से इस स्थान पर चैत्र और आश्विन नवरात्रि में पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है। मान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से माँ राजराजेश्वरी गौरजा देवी की उपासना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।

इस भव्य आयोजन में मंदिर समिति के अध्यक्ष गोविंद रावत, पूर्व अध्यक्ष रणवीर रावत, पूर्व प्रधान बीर सिंह रावत, फकीर चंद रावत, हुकम सिंह रावत, दीपचंद रावत, महावीर रावत, भीम रावत, सुभाष रावत, उपेंद्र रावत, सतेन्द्र रावत, रघुवीर रावत, कुलदीप रौंछला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महिलाओं ने विशेष रूप से इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया और माँ भगवती के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। पूरे अनुष्ठान के दौरान श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला, जिससे भक्तों ने दिव्य अनुभूति प्राप्त की।

# गंगोत्री हाईवे के मरम्मत कार्य में बाधा डालने पर 3 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**उत्तरकाशी।** डुण्डा के हिटाणू हॉट मिक्स प्लांट में गंगोत्री हाईवे की मरम्मत सामग्री डामर ले जा रहे बीआरओ के वाहनों को रोककर सरकारी कार्य को बाधित पहुंचे ने आरोप पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नवनीत उनियाल के नेतृत्व में कुछ ग्रामीण लोगों के वाहनों को रोका जा रहा था सूचना पर निरीक्षक कोतवाली उत्तरकाशी, श्रीमती भावना कैंथोला के नेतृत्व में पुलिस फोर्स मौके पर पंहुचा, जहां पर नवनीत उनियाल उपरोक्त के द्वारा मौके पर कुछ ग्रामीणों को साथ लेकर बीआरओ की गाड़ियों को विधिविरुद्ध तरीके से रोका जा रहा था। नवनीत उनियाल व ग्रामीणों को पुलिस अधिकारियों द्वारा काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह कुछ भी सुनने व मानने को तैयार नही हुये। इसी मामले को लेकर पूर्व मे भी कोतवाली उत्तरकाशी पर नवनीत उनियाल व अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर पंजीकृत हैं, पंजीकृत अभियोग 82/2024 धारा 324(2), 126, 132 इठर व मु0अ0स0 78/2024 धारा 126(2), 191(2), 351(2), 324(5) इठर मे विवेचना के समय अभियुक्त गणो से धारा 35(3)इठरर का नोटिस तामील कराया गया था, जिसका अभियुक्त गणो के द्वारा खुला उलंघन किया गया।

गौरतलब है कि आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत व बार्डर रोड की मरम्मत का कार्य बीआरओ की देखरेख मे किया जा रहा है उपरोक्त लोगों द्वारा सडक निर्माण के लिये ले जाया जाने वाले मरम्मत सामग्री/डामर के वाहनों को रोक कर चारधाम यात्रा मार्ग के निर्माण मे बाधा उत्पन्न की जा रही थी, जबकि कार्यदायी संस्था द्वारा नियमानुसार लाइसेन्स प्राप्त किया गया है, लाइसेन्स की शर्तो के तहत कार्य किया जा रहा है नवनीत उनियाल आदि द्वारा सरकारी कार्य मे लगातार बाधा उतपन्न की जा रही है, जिस कारण गुरुवार को कोतवाली उत्तरकाशी पुलिस द्वारा शान्ति एंव कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए -नवनीत उनियाल पुत्र विश्म्बर निवासी हिटाणु -सुशील घलवान पुत्र सब्बल निवासी हिटाणु,,आजाद भूषण पुत्र रामशरण निवासी हिटाणु उत्तरकाशी को तीनों अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से हॉट मिक्स प्लांट के खिलाफ आंदोलन रत दे।

# पर्यावरणविद जंगली का मिश्रित वन सफल मॉडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** अखिल भारतीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि प्रमुख गोपाल आर्य ने रानीगढ़ पट्टी में स्थित प्रसिद्ध पर्यावरणविद जगत सिंह जंगली के मिश्रित वन सिंगलास जल संरक्षण मॉडल का जायजा लिया। आर्य ने जंगली के मिश्रित वन का भ्रमण कर पर्यावरणीय संरक्षण को लेकर चल रहे विभिन्न पारंपरिक व वैज्ञानिक प्रयोगों की जानकारी जुटाई। इस दौरान रिंगाल का कार्य कर रहे स्थानीय हस्तशिल्पी जनजाति के लोगों से मिलकर आर्य ने रिंगाल से बने उत्पादों को प्लास्टिक से बचने का उत्तम उपाय बताया। आर्य ने जंगली के मिश्रित वन को देश का पर्यावरणीय संरक्षण का सफल मॉडल बताते हुए इस मॉडल को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर ले जाने की बात कही। मिश्रित वन भ्रमण के उपरांत वह सिंगलास देवता मिश्रित वन एवं जल संरक्षण कार्यक्रम में शामिल हुये। जहां पर ग्रामसभा कोट की दस महिलाओं की ओर से जल संरक्षण को लेकर किये जा रहे कार्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होने महिलाओं के जल संरक्षण के प्रयासों की सरहाना करते हुये उन्हे जल सखियों की उपाधि से नवाजा। इस दौरान उन्होने गांव की महिलाओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पर्यावरण विशेषज्ञ देवराघवेन्द्र सिंह ने पारंपरिक बीजों की प्रदर्शनी के माध्यम से संरक्षण के बारे में सभी की जानकारी प्रदान की। इस मौके पर पारंपारिक बीज जैसे बारहनाजा, कोणी, झंगोरा, त्रिफला के बीजों को बांस व रिंगाल से बने उत्पाद में संरक्षित रखा गया। पर्यावरण एवं सामुदायिक वनों पर शोध कर रही पूजा चौधरी ने महिलाओं को वनों के महत्व की जानकारी प्रदान की। इस दौरान 90 वर्षीय पारंपरिक वैद्य शाकुम्बरी देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चंदन, पंकज, देव, जयकृता, पूजा करहल, सुधीर कप्रवान, बल्लभ प्रसाद जसोला, पूजा देवी, मीनू देनौ, सरोजनी देवी, बीना देवी आदि मौजूद थे।

# मातावाला बाग में धरना प्रदर्शन, नारेबाजी पर कोर्ट ने लगाई रोक

## श्री दरबार साहिब प्रबन्धन ने स्पष्ट किया दरबार की एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं होने देंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** श्री गुरु राम राय अखाड़ा मातावाला बाग अन्तर्राष्ट्रीय कोच और द्रोणाचार्य लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्डी पवन शर्मा को श्री दरबार साहिब प्रबन्धन एवम्शहर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। उधर मातावाला बाग में असामाजिक तत्वों के जबरन प्रवेश व अनैतिक गतिविधियों को देखते हुए कोर्ट ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है। काबिलेगौर है कि श्री गुरु राम राय कुश्ती अखाड़ा मातवाला बाग का संचालन दरबार श्री गुरु राम राय महाराज द्वारा किया जाता है। पिछले कुछ दिनों से असामाजिक तत्वों द्वारा मातावाला बाग में माहौल खराब करने की शिकायतें आ रही थीं। कोर्ट के आदेशानुसार मातावाला बाग के 250 मीटर के दायरे में कोई भी व्यक्ति या समूह किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन, नारेबाजी नहीं कर सकेगा, किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन नहीं कर सकेगा। किसी भी व्यक्ति के मातावाला बाग में प्रवेश पर पूर्णतः रोक रहेगी। मातवाला बाग में जब तक प्रवेश नियमवाली नहीं बन जाती है व नए कुश्ती कोच की नियुक्ति नहीं हो जाती है प्रवेश पर रोक प्रभावी रहेगी।

दरबार साहिब प्रबन्धन ने जोर देकर कहा कि श्री दरबार साहिब की एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। मातावाला बाग श्री दरबार साहिब का था, है और रहेगा। उधर मातावाला बाग में तथाकथित कुश्ती का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों की पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में श्री दरबार साहिब प्रबन्धन से वार्ता हुई। दोनों पक्षों में वार्ता सकारात्मक रही। श्री दरबार साहिब प्रबन्धन ने कुश्ती सदस्यों की तरफ से आए शिष्टमण्डल में विकास वर्मा, विनय गोयल, तिलकराज, अमन श्वेडिया और पहलवान गोपाल से कहा है कि वे बिना शर्त माफी मांग लें। इन्होंने श्री दरबार साहिब के कर्मचारी पर पेड़ काटने के गलत आरोप लगाए हैं और सोशल मीडिया पर झूठा प्रचार किया है। इस बात पर कुश्ती शिष्टमण्डल ने विचार करने को कहा है। एक दो दिन में कुश्ती शिष्टमण्डल और श्री दरबार साहिब प्रबन्धन के बीच दोबारा वार्ता होगी। सम्भव है कि श्री दरबार साहिब की तरफ से श्री गुरु राम राय लक्ष्मण विद्यालय पथरी बाग में अत्याधुनिक कुश्ती अखाड़ा बनाया जाए। इस अखाड़े की देखभाल की जिम्मेदारी एनआईएस कोच की देखरेख में की जाएगी।

### कुश्ती कोच पवन शर्मा के सम्मान में विदाई सम्मान समारोह आयोजित

कुश्ती कोच पवन शर्मा के सम्मान में श्री दरबार साहिब में विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पवन शर्मा 1990 के दशक में ब्रहमलीन श्रीमहंत इन्दिरेश चरण दास महाराज द्वारा उनको अखाड़े की जिम्मेदारी दी गई। जिसको उन्होने बहुत अच्छे ढंग से निभाया और अब अस्वस्थ होने के कारण उन्होने अपनी जिम्मेदारी श्री दरबार साहिब को वापिस सौंप दी है। श्री दरबार साहिब प्रबन्धन समिति ने नए कुश्ती कोच जो युवाओं को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बना सके और आलंपिक गोल्ड जीता सके, इसके लिए राष्ट्रीय स्तर के पहलवान कोच की खोज शुरू कर दी है। इस आशय का विज्ञापन राष्ट्रीय स्तर के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर दिया है। ताकि राष्ट्रीय स्तर के कुश्ती पहलवानों को श्रेष्ठ कोचिंग मिल सके और वे देहरादून उत्तराखण्ड का नाम अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर चमका सकें।

# यूसीसी पंजीकरण संबंधी समीक्षा बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के सफल क्रियान्वयन को लेकर सचिव वित्त एवं यूसीसी महानिबंधक डां वी षणमुगम ने जिला कार्यालय सभागार में यूसीसी पंजीकरण संबंधी समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, नोडल अधिकारी, निबंधकों एवं उपनिबंधकों सहित संबंधित अधिकारियों की प्रतिभाग कर परस्पर संवाद किया।

बैठक में महानिबंधक ने यूसीसी के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा कर उपनिबंधकों की शंकाओं का समाधान करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नही होनी चाहिए। पंजीकरण प्रक्रिया को जटिल बनाने के बजाय इसे अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनाना आवश्यक है, जिससे अधिक से अधिक लोग सहजता से पंजीकरण करा सकें। महानिबंधक षणमुगम ने जिले में यूसीसी पंजीकरण की प्रगति को लेकर जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि कम जनसंख्या वाला जिला होने के पश्चात भी जिले में अन्य कई जिलों से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं, जो जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी को दशार्ता है। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जनपद में यूसीसी पंजीकरण की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जनपद में यूसीसी पंजीकरण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और अब तक 6,382 से अधिक यूसीसी पंजीकरण पूरे किए जा चुके हैं। जिले की कुल जनसंख्या के अनुपात में लगभग 20 प्रतिशत लोगों का पंजीकरण हो चुका है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि जनपद में 60 प्रतिशत से अधिक सरकारी कर्मचारियों ने भी अपने यूसीसी पंजीकरण पूरा कर लिया है। जिला प्रशासन की ओर से ग्राम स्तर तक यूसीसी पंजीकरण अभियान को गति देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत, जनपद स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो बाद में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाते हुए जल्द ही 100 प्रतिशत पंजीकरण पूरा कर लिया जाएगा। महानिबंधक डां वी षणमुगम ने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अधिकारी जांच अधिकारी बनने के बजाय आवेदकों की दस्तावेजों की सत्यता की जांच कर त्वरित स्वीकृति प्रदान करें। यदि किसी दस्तावेज को लेकर संदेह की स्थिति उत्पन्न होती है, तो संबंधित विभाग से सत्यापन कराया जाए, लेकिन अनावश्यक विलंब से बचा जाए। उन्होंने कहा कि विवाह पंजीकरण के दौरान प्रतिबंधित श्रेणियों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि कानून का पालन सुनिश्चित हो सके। उन्होने उपनिबंधकों को आमजन को अधिक से अधिक सुविधा देने की मानसिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जहां समान नागरिक संहिता लागू की गई है। इस संहिता के तहत हर समुदाय की भावनाओं, रीति-रिवाजों और परंपराओं का पूरा सम्मान किया गया है, ताकि समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला, उपजिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी कृष्णा त्रिपाठी, प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी याक्षी अरोड़ा, ईओ अगस्त्यमुनि निकिता भट्ट, ईओ रुद्रप्रयाग सुनील सिंह राणा, नगर पंचायत तिलवाड़ा ईओ कुमारी मनीषा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# राज्य भर में कुट्टू आटे पर निगरानी अभियान जारी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नवरात्रि के अवसर पर उपवास रखने वाले श्रद्धालु कुट्टू के आटे का अधिक उपयोग करते हैं। इस दौरान दूषित और मिलावटी कुट्टू के आटे के सेवन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राज्यभर में कुट्टू के आटे की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी अभियान शुरू किया हुआ है। आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा रोज अभियान की समीक्षा की जाती है। अधिकारियों के फीडबैक के आधार पर आगे की रणनीति तय की जाती है। उन्होंने कहा इस अभियान का उद्देश्य मिलावटी और असुरक्षित कुट्टू के आटे की बिक्री को रोकना और जनता को सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। 03 अप्रैल को खाद्य सुरक्षा विभाग ने राज्य के विभिन्न जनपदों में कुट्टू के आटे के 7 नमूने और पांच अन्य व्रत में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। इन नमूनों को प्रयोगशाला भेजा गया, और जांच में 2 कुट्टू के आटे के नमूने असुरक्षित पाए गए। इसके बाद, खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को न्यायालय में वाद दायर करने के निर्देश दिए हैं और मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा, हम सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों का सेवन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। कुट्टू के आटे की जांच के परिणामों को गंभीरता से लिया गया है और असुरक्षित पाए गए नमूनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। काफी हद तक विभाग ने सभी जनपदों में अंकुश लगाने में कामयाबी हासिल की है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि दूषित और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री को पूरी तरह रोका जा सके।

- खुले में कुट्टू के आटे की ब्रिकी पर लगा अंकुश
- जांच में कुट्टू के आटे के कई नमूने फेल, आयुक्त ने दिए मिलावट खोरों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश
- आम जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : डॉ आर राजेश कुमार

# सुमाड़ी भरदार में यातायात जाम से जनता बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड जखोली का मुख्य द्वार और गंगोत्री, यमुनोत्री यात्रा का मुख्य पड़ाव सुमाड़ी भरदार में आये दिन लग रहे यातायात जाम से जनता परेशान और पुलिस बेखबर है। गंगोत्री, यमुनोत्री एंव केदारनाथ चार धाम यात्रा का मुख्य पड़ाव होने के साथ विकासखंड जखोली के कई पटिट्यों का मुख्य द्वार होने के कारण सुमाडी भरदार में आये दिन यातायात जाम लगने से स्थानीय जनता के साथ दूर दराज के राहगीर भी परेशान हैं। यातायात व्यवस्था संचालन के लिए पुलिस की और से कोई उचित व्यवस्था न होने से स्थानीय व्यापारी भी यातायात जाम के कोपभाजन के शिकार हो रहे हैं। इससे पूर्व भी स्थानीय व्यापारियों ने जिला प्रशासन एंव पुलिस से कई मर्तबा अपनी बात रखी, लेकिन स्थानीय जनता एंव व्यापारियों को यातायात जाम से निजात नहीं मिल पाई। पुलिस ने यातायात जाम एंव अन्य सुरक्षा को देखते हुए सुमाड़ी में एक होमगार्ड की तैनाती कर रखी है। जो दिन की 11 बजे आकर सांय 4 बजे चला जाता है। पूर्व में भी स्थानीय व्यापारियों ने सुमाडी भरदार में पुलिस चोकी खोलने कि मांग की थी, लेकिन सुमाड़ी में पुलिस चोकी खोलने की स्थानीय व्यापारियों एंव जनता की मांग ना जाने किस अलमारी में कैद हो रखी है। सुमाड़ी भरदार के मुख्य मार्ग पर दो पहिया एंव चौ पहिया वाहनों के आड़े तिरछे खड़े होने से यातायात जाम लगने का मुख्य कारण बना हुआ है। साथ ही सुमाड़ी भरदार में पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण वाहन स्वामी सड़क पर वाहनों कि पार्किंग करने से भी यह समस्या बनी हुई है। पूर्व में भी कई मर्तबा स्थानीय जनता एंव व्यापारियों ने पुलिस से सुमाड़ी बाजार की यातायात व्यवस्था के सही संचालन के लिए मुख्य मार्ग पर खड़े वाहनों को हटाने और यातायात पुलिस की तैनाती की मांग की, लेकिन अभी तक यातायात जाम से जूझ रही जनता की मुराद पूरी नहीं हो पाई। यातायात जाम की समस्या पुलिस ने भगवान के भरोसे छोड़ रखी है और वाहन चेकिंग के नाम पर जगह-जगह जनता को बेवजह परेशान करने का धंधा खोल रखा है। पुलिस को सबसे पहले जिन-जिन नगरीय क्षेत्रों में यातायात जाम की समस्या है, ऐसे स्थानों को चिन्हित कर जनता को यातायात जाम से छुटकारा दिलाने का प्रयास करना चाहिए।

- ट्रैफिक पुलिस के नाम पर सिर्फ एक होमगार्ड कि तैनाती

## यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने में जुटे 270 मजदूर

**रुद्रप्रयाग।** आगामी 2 मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा को लेकर प्रशासन स्तर से तैयारियां तेज हो गई हैं। पैदल यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य लगातार जारी है। 270 से अधिक मजदूर बर्फ हटाने के कार्य में जुटे हुये हैं। अधिकांश पैदल मार्ग तक बर्फ काटकर रास्ता तैयार किया गया है। एक-दो दिन के भीतर धाम तक पैदल मार्ग से बर्फ हटाकर रास्ता तैयार हो जाएगा। केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू होने में एक माह से भी कम का समय बचा हुआ है। प्रशासन स्तर से यात्रा तैयारियां तेज हो गई हैं। धाम सहित पूरे पैदल मार्ग पर 270 मजदूर बर्फ हटाने के कार्य में जुटे हुये हैं। मजदूरों ने पैदल मार्ग से बड़े-बड़े ग्लेशियरों को काटकर रास्ता तैयार कर दिया है। मंदिर के निकट तक रास्ता तैयार हो गया है। एक-दो दिन के भीतर धाम तक रास्ता तैयार हो जाएगा। धाम तक रास्ता तैयार होने के बाद आगामी यात्रा तैयारियों की धाम में भी तैयारियां शुरू की जाएंगी।

# ट्रैफिक डायरेक्टर आईजी ने नया यातायात प्लान तैयार करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ट्रैफिक डायरेक्टर उत्तराखंड, पुलिस महानिरीक्षक नारायण सिंह नपलच्याल गुरुवार को हरिद्वार रोशनाबाद जनपद पुलिस मुख्यालय पहुंच कर एसएसपी सहित जनपद के अन्य राजपत्रित अधिकारियों संग बैठक आयोजित की है। ट्रैफिक डायरेक्टर आईजी नारायण सिंह नपलच्याल ने आयोजित बैठक में चार धाम यात्रा, कांवड़ मेला व कुंभ मेला 2027 के दृष्टिगत तैयार की गई यातायात व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा करते हुए तकनीकी का प्रयोग कर नए एवं बेहतर ट्रैफिक प्लान को तैयार करने और पार्किंग चिह्नित की गई। नए स्थलों पर भौतिक रूप से जाकर और यातायात दबाव वाले प्वाइंटों, पार्किंगों का निरीक्षण कर कमियों को समय रहते दूर करने के अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोबाल, एसपी क्राइम/ट्रैफिक जितेन्द्र मेहरा, एसपी सिटी पंकज गैरोला, एडिशनल एसपी लोकजीत सिंह, एएसपी सदर जितेन्द्र चौधरी, सीओ सिटी शिशुपाल नेगी, सीओ ज्वालापुर अविनाश वर्मा, सीओ बुग्गावाला संजय चौहान, सीओ ट्रैफिक हरिद्वार सुरेन्द्र प्रसाद बलुनी, सीओ ट्रैफिक रुड़की राकेश रावत सहित सिटी क्षेत्र के थाना प्रभारी, सी.पी.यू. प्रभारी एवं यातायात उपनिरीक्षक मौजूद रहे।



# पत्नी की हत्या के प्रयास में पति गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में गला दबाकर पत्नी की हत्या करने के प्रयास में पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी पूर्व में दिल्ली की युवती के साथ बलात्कार व ब्लैकमेल करने के मामले में जेल जा चुका है।एएसपी सदर जितेंद्र चौधरी ने बताया कि कोतवाली रानीपुर में निवासी शिवालिक नगर एक पीड़ित महिला ने शिकायत देकर बताया कि ललित कुमार उर्फ रोबिन खारी निवासी मेन बजीराबाद रोड खजूरीखास करावल नगर दयालपुर उत्तरी पूर्वी दिल्ली हाल शिवालिक नगर के साथ मई 2010 में उसका विवाह हुआ था। 2012 में दो बेटों के जन्म देने के बाद उसके मामा ने सलेमपुर स्थित अपनी फैक्टरी पति के नाम कर दी थी। इसके बाद पति, सास कृष्णा कुमारी, जेठ अश्वनी कुमार उसे प्रताड़ित करने लगे। गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। ससुर राजेन्द्र सिंह ने विरोध किया तो उनसे भी मारपीट करने लगे। आरोप लगाया कि ससुर को इन लोगों ने गायब करवा दिया। पत्नी का आरोप है पति के कई महिलाओं से अवैध संबंध हैं। विगत जनवरी में रानीपुर पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने में उसके पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोप लगाया कि 29 मार्च को ललित कुमार ने उसका रस्सी से गला घोंटकर हत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। जिसके बाद रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी के नेतृत्व में एसएसआई रानीपुर मनोहर रावत की अगुवाई वाली टीम ने आरोपी ललित खारी उर्फ रोबिन खारी पुत्र स्व. राजेंद्र खारी, निवासी ए-69, शिवालिक नगर, रानीपुर, हरिद्वार, उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोहर सिंह रावत, का,नरेंद्र राणा,का, अमित राणा शामिल रहे हैं।




# नगर आयुक्त ने कंपनी मालिकों के साथ बैठक कर समय से कूड़ा उठाने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम क्षेत्र में लगातार कूड़ा न उठने की मिल रही शिकायतों के बाद नगर आयुक्त नन्दन कुमार ने गुरुवार को कंपनियों के मालिकों के साथ बैठक कर समय पर कूड़ा उठाने और परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि इस काम में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। बैठक में कहा गया कि कंपनियां अपने वाहनों के रूट चार्ट 2 दिन के भीतर दें, जिसमें जीपीएस, समय, वार्ड का नाम और संख्या, गली का नाम आदि का विवरण हो। इसके अलावा, वाहनों पर तैनात चालक और हेल्पर का नाम और नंबर भी उपलब्ध कराना होगा। इस बैठक में सहायक नगर आयुक्त रविन्द्र कुमार दयाल, मुख्य सफाई निरीक्षक श्रीकान्त और अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 9.69 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक नशा तस्करों को 7.69 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार देर शाम को ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत चलाए गए अभियान को सफल बनाने के लिए उपनिरीक्षक अजय सिंह काव राकेश नेगी, सुखविंदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया जिसमें सुभाषगढ़ तिराहे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।तलासी लेने पर युवक के पास से लगभग 7.69 ग्राम स्मैक बरामद हुई पूछताछ में युवक ने अपना नाम परवेज उर्फ छोटा पुत्र यामीन निवासी बूढ़ाहेड़ी बताया और स्मैक के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक युवक को लगभग 7.69 ग्राम स्मैक के साथ सुभाषगढ़ तिराहे से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।



# तरन्नुम नवाज का खिताब जीतने वाले एसएमजेएन कालेज के पूर्व छात्र को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच की ओर से 29 मार्च को म.प्र. के छिंदवाड़ा में आयोजित 'कौन बनेगा तरन्नुम नवाज' प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में तरन्नुम नवाज का खिताब जीतने वाले एसएमजेएन कालेज के पूर्व छात्र तथा प्रसिद्ध शास्त्रीय व सुगम संगीत गजल गायक विपुल रोहिला को कालेज के प्राचार्य तथा प्राध्यापकों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो सुनील कुमार बत्रा ने बताया कि सैकडों कलाकारों में से तरन्नुम नवाज सम्मान से नवाजे गए विपुल रोहिला ने हरिद्वार और कालेज का मान बढ़ाया है। उन्होंने विपुल रोहिला को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कालेज उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के साथ विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए समय-समय पर उन्हें उपयुक्त मंच भी प्रदान करता हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त छात्र छात्राएं खेलकूद, संगीत, कला आदि क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा से महाविद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं। कालेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डा.संजय कुमार माहेश्वरी ने विपुल रोहिला की उपलब्धि पर कहा कि यह पल कालेज परिवार के लिए गौरव की अनुभूति देने वाला पल है। डा.शिवकुमार चौहान, डा.मनोज सोही, डा.पूर्णिमा सुन्दरियाल, डा.विजय शर्मा, वैभव बत्रा, ऋचा मिनोचा, रिंकल गोयल, विवेक मित्तल, अंकित बंसल, विनित सक्सेना, प्रिंस श्रोत्रिय आदि ने भी विपुल रोहिला को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। विपुल रोहिला ने बताया कि ग्रेंड फिनाले में प्रसिद्ध गजल गायक चंदनदास और विविध भारती मुंबई के उद्घोषक यूनुस खान की विशेष उपस्थिति में तरन्नुम नवाज सम्मान मिलना उनके लिए विशेष है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार के साथ कालेज परिवार विशेषकर कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्रपुरी एवं प्राचार्य प्रो.डा.सुनील कुमार बत्रा को देते हुए बताया कि कालेज की और से हमेशा ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहित व सम्मानित किया जाता है।



# पायलट बाबा आश्रम पर कब्जे को लेकर संतों के दो गुटों के बीच घमासान, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल स्थित पायलट बाबा आश्रम पर कब्जे को लेकर संतों के दो गुटों के बीच घमासान जारी है। पायलट बाबा आश्रम के परमाध्यक्ष जूना अखाड़ के महामंडलेश्वर और वरिष्ठ संत महायोगी पायलट बाबा का बीते वर्ष अगस्त में निधन हो गया था। उनके निधन के बाद से ही उनकी अरबों की संपत्ति पर कईयों की नजर है। हरिद्वार में कनखल के पायलट बाबा आश्रम में संतों के दो गुटों के बीच भी घमासान जारी है। जिसे लेकर पूरे मामले की जांच एसपी सिटी के नेतृत्व में गठित एसआईटी कर रही है। बुधवार दोपहर आश्रम के एक संत स्वामी कर्ण गिरी पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मामले में पीड़ित संत द्वारा कनखल थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। स्वामी कर्ण गिरी ने खुद की जान का खतरा बताया है।

## दो महिला सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण की ओर से सील किए गए निर्माण स्थल पर चोरी-छिपे रात में काम करने पर पुलिस ने एचआडीए जेई की शिकायत पर दो महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एचआरडीए के जेई शिवानी ने बताया कि 28 मार्च को रूईयां धर्मशाला चौक बाजार कनखल में निरीक्षण के दौरान सामने आया कि कई लोगों ने धीरे-धीरे निर्माण कर लिया है। इसके बाद कलिका वाधवा, अजय वधवा, शशी प्रभा, राजीव त्यागी निवासीगण रूइयां धर्मशाला कनखल ने निर्माण जारी रखा। आदेशों का उल्लंघन करने पर कलिका वाधवा के निर्माण को प्राधिकरण ने सील कर दिया था।

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव इक्कड़ खुर्द के पास ने पुलिस ने एक युवक को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी शराब लेकर बेचने के लिए जा रहा था पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार देररात पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान में करणदीप पुत्र गुरपिंदर सिंह निवासी रेलवे स्टेशन फॉरेस्ट रेंज पथरी को इक्कड़ खुर्द के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पुलिस से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के कर्म में एक आरोपी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा,

# पार्टी स्थापना दिवस व अंबेडकर जंयती को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार ने जगजीपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर 6 अप्रैल को मनाए जाने वाले पार्टी स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार एवं नवनियुक्त जिला प्रभारी आदित्य चौहान का अंग वस्त्र एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया।

बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय कुमार ने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी अपना 45वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इस अवसर पर बूथ स्तर तक कार्यक्रमों का आयोजन कर पार्टी की विचारधारा एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाना है। बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी स्थापना दिवस व अंबेडकर जयंती मनाना है। सभी कार्यकर्ता अपने एवं समर्थको के घरों पर भाजपा का ध्वज लगायें एवं सेवा कार्य करें। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल के बीच कार्यकर्ता गांव एवं बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत प्रवास कर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर लाभान्वित कराने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार 14 अप्रैल को भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गोष्ठी आयोजित कर बाबा साहब के जीवन के विभिन्न पड़ावो पर प्रकाश डालें। बाबा साहब के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए माल्यार्पण कर सेवा कार्य करें। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, मेयर किरण जैसल, राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, डा.जयपाल सिंह चौहान, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, जिला महामंत्री आशु चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी, डा.हर्ष कुमार दौलत, जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी, लव शर्मा, रश्मि चौहान, अन्नु कक्कड़, रीता चमोली, रजनी वर्मा, नेत्रपाल चौहान, नितिन चौहान, मोहित वर्मा, ऋषिपाल, डा.प्रदीप कुमार, देवेन्द्र प्रधान, प्रीति गुप्ता, मंडल अध्यक्ष किशन बजाज, प्रशांत शर्मा, रीता सैनी, अमित राज, कैलाश भंडारी, बिंदरपाल, वरुण वशिष्ठ, नागेंद्र राणा, चित्र कुमार सैनी, पृथ्वी सिंह राणा, सुशील पवार ,विवेक चौहान, राकेश सैनी, हीरा सिंह बिष्ट, तरुण नायर, मोहित शर्मा, रेनू शर्मा, महेंद्र धीमान, राजीव भट्ट, संजीव कुमार, सचिन शर्मा, नकली राम सैनी, दीपांशु विद्यार्थी, तरुण चौहान आदि उपस्थित रहे।



# छात्रा विशाखा का जवाहर नवोदय विद्यालय रोशनाबाद में हुआ चयन




शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** ब्लॉक बहादराबाद के एक छोटे से गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा ने गांव सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आपको बता दे कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय शिवगढ़ विकासखंड बहादराबाद जनपद हरिद्वार की कक्षा 5 की छात्रा विशाखा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय रोशनाबाद में होने पर विद्यालय की विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष व ग्राम प्रधान के द्वारा चयनित छात्रा विशाखा व विद्यालय के प्रधानाध्यापिका मंजू कपूर राकेश सिंह, राजीव कुमार व मुनेश कुमार ने छात्रा और उनके परिवार को बधाई दी। विद्यालय से पिछले वर्ष भी विद्यालय के छात्र अंशुल का चयन सैनिक स्कूल व जवाहर नवोदय में हो चुका है।

# कभी निष्फल नहीं जाती जगत जननी मां भगवती की आराधना : कैलाशानंद गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि जगत जननी मां भगवती की आराधना कभी निष्फल नहीं जाती। नवरात्रों में की गयी मां भगवती की आराधना और पूजा अर्चना का सहस्त्र गुना पुण्य फल प्राप्त होता है। छठे नवरात्र पर श्री दक्षिण काली मंदिर में आयोजित नवरात्र साधना के दौरान श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि मां भगवती सदैव अपने भक्तों पर कृपा करती है। नवरात्र देवी भगवती की कृपा प्राप्त करने का सबसे उपयुक्त अवसर हैं। नवरात्र में सभी को नौ दिनों तक पूर्ण विधि विधान से मां भगवती की आराधना करनी चाहिए। नवरात्रों में जगत जननी जगदंबा के नौ स्वरूपों की आराधना करने का विधान है। देवी भगवती का प्रत्येक स्वरूप कल्याणकारी है। नवरात्रों में की गयी साधना और आराधना से प्रसन्न होकर देवी अपने भक्तों को उत्तम फल प्रदान करती है। जिससे जीवन आनंदमय हो जाता है। प्रत्येक कार्य में सफलता मिलती है। परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। उन्होंने कहा कि नवरात्र साधना के साथ भक्तों को देवी स्वरूपा कन्याओं के संरक्षण संवर्द्धन का संकल्प भी अवश्य लेना चाहिए। इससे ही नवरात्र साधना की पूर्णता है। स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज के शिष्य स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि बुधवार की देर शाम प्रमुख सचिव आनंदवर्द्धन ने मंदिर पहुंचकर मां दक्षिण काली की पूजा अर्चना की और पूज्य गुरूदेव से आर्शीवाद प्राप्त किया।



# भिक्षा नहीं शिक्षा दें, ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत बच्चों का राजकीय विद्यालय में कराया गया प्रवेश

## एसएसपी के निर्देशों पर चलाया जा रहा है ऑपरेशन मुक्ति अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बच्चों को भिक्षा से हटाकर शिक्षा की तरफ ले जाने के लिए ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों को चिंहित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों का शिक्षा के प्रति लगाव लगाना है। इसको लेकर पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की ओर से ऑपरेशन मुक्ति के तहत रानीपुर क्षेत्र में बाल भिक्षावृत्ति के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी के दिशा निर्देशों पर इस इस अभियान में बच्चों को चिन्हित किया गया है। इन बच्चों की पढ़ाई को लेकर सेक्टर 1 में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एडमिशन कराया गया। उप निरीक्षक राखी रावत ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल के निर्देश में एक महीने का ऑपरेशन मुक्ति अभियान (भिक्षा नहीं शिक्षा दे) अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हेड कांस्टेबल विनीता सेमवाल, महिला कांस्टेबल पूनम सौरियाल टीम के साथ अभियान चलाया है।



# देवताओं की भी रक्षा करती हैं मां भगवती : शास्त्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अखंड परशुराम अखाड़ा के संयोजन में श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर हरिद्वार में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के पांचवे दिन की कथा श्रवण कराते हुए कथा व्यास भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने बताया कि देवराज इंद्र तथा देवताओं के ऊपर जब-जब संकट आया। तब-तब मां भगवती ने रक्षा की। शास्त्री ने बताया कि एक बार देव गुरु बृहस्पति जब स्वर्ग पहुंचे तो देवताओं ने उन्हें देख कर अनदेखा कर दिया। जिस पर देव गुरु बृहस्पति ने देवताओं का त्याग कर दिया और गिरिकंदरा में जाकर तपस्या करने लगे। इंद्र ने गुरु के ना रहने पर त्वष्टा ऋषि के पुत्र विश्वरूप को गुरु बनाया। विश्वरूप ने इंद्र को नारायण कवच का ज्ञान दिया। परंतु विश्वरूप जब यज्ञ करते तो असुरों के लिए भी यज्ञ में आहुति प्रदान कर देते। इंद्र ने यह देख कर विश्वरूप का वध कर दिया। विश्वरूप के पिता त्वष्टा ऋषि को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने किया। यज्ञ द्वारा वृत्तासुर की उत्पत्ति हुई। वृत्तासुर ने ब्रह्मा से वरदान प्राप्त किया कि मेरी मृत्यु किसी से ना हो। तब इंद्र ने भगवान नारायण के कहने पर मां भगवती की तपस्या की। मां भगवती ने प्रसन्न होकर इंद्र को आशीर्वाद दिया। मां भगवती के आशीर्वाद से इंद्र ने वज्र द्वारा वृत्तासुर का वध किया। परंतु इंद्र को ब्रहम हत्या लग गई। ब्रह्म हत्या के निवारण के लिए इंद्र ने नौ दिनों तक देवी भागवत कथा का श्रवण किया और मां भगवती की कृपा से ब्रह्म हत्या से मुक्त हुए। शास्त्री ने बताया नवरात्रि के पावन अवसर पर जो श्रद्धालु भक्त देवी भागवत कथा का पाठ एवं मां भगवती का पूजन करते हैं। मां भगवती उसके समस्त कष्टों और संकटों को दूर कर देती हैं।

श्री अखंड परशुराम अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने बताया कि अखाड़े की और से विभिन्न अवसरों पर राम कथा, भागवत कथा, शिव महापुराण कथा, देवी भागवत कथा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती है। परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में इस वर्ष सभी साथियों के सहयोग से अखाड़े द्वारा 11 मई को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर के व्यवस्थापक सतीश वन महाराज, लाहू वन महाराज, महंत रवि पुरी, एकता सूरी, विशाल गर्ग, हेमंत काला, पंडित कृष्णा शास्त्री, एमआर वैद्य, रोहित शर्मा, सुमेश चावला, मनोज ठाकुर, संजय शर्मा, कुलदीप शर्मा, सत्यम शर्मा, जलज कौशिक, विष्णु गौड़, यशपाल शर्मा, भरत शर्मा, विवेक मिश्रा, उमेश कुमार, कृष्ण शर्मा, बृजमोहन शर्मा, सुनील प्रजापति, चमन गिरी, सुषमा शर्मा, पूजा वशिष्ठ, संगीता शर्मा, शालू कौशिक, किरण चौधरी, बबीता शर्मा आदि ने पूजन संपन्न किया।



**सूचना ( नाम परितर्वन )**

जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का दिग्विजय राठौर DIGVIJAY RATHOR व पिता का नाम संदीप राठौर SANDEEP RATHOR दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का नाम दिग्विजय सिंह DIGVIJAY SINGH व पिता का नाम संदीप कुमार SANDEEP KUMAR है जो कि सही है। उक्त जन्म प्रमाण पत्र में दिग्विजय सिंह DIGVIJAY SINGH व पिता का नाम संदीप कुमार SANDEEP KUMAR दर्ज किया जाना न्यायहित में आवश्यक है। संदीप कुमार पुत्र श्री ऋषिपाल सिंह, निवासी फरीदपुर उर्फ मांडूवाला, खुज्नावर, सहारनुपर उत्तर प्रदेश।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरी विवाहिता पुत्री सविता द्वारा मेरे साथ बुरा बर्ताव करने से तंग आकर मेने अपनी पुत्री सविता को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए उससे अपना व अपने परिवार के संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किसी भी कृत्य व लेने-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मांगा पुत्र साधू निवासी वाल्मीकि बस्ती लंढौरा कोतवाली मंगलौर तहसील रुड़की जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

Page7----_26 June -doon page-7.qxd 4/3/2025 9:03 PM Page 1



# चकराता में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता



**चकराता।** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ब्लॉक मिशन मैनेजर (बीएमएम) पूजा गॉड पर दुर्व्यवहार और शोषण के गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं का आरोप है कि पूजा गॉड उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करती हैं और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं लेने देतीं। इसको लेकर मंगलवार को चकराता के शहीद स्मारक के पास महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने पूजा गॉड के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शन में शामिल समाजसेवी बचना शर्मा ने कहा कि वह अपने जनजातीय क्षेत्र में महिलाओं के साथ अन्याय नहीं होने देंगी। उन्होंने पूजा गॉड पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह राजनीतिक स्वार्थ के लिए केवल अपने समर्थकों को लाभ पहुंचा रही हैं और बाकी महिलाओं को योजनाओं से वंचित कर रही हैं। बचना शर्मा ने उन्हें चुनौती देते हुए कहा कि यदि उन्हें राजनीति करनी है, तो उन्हें नौकरी छोड़कर चुनावी मैदान में आना चाहिए। महिलाओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कृषि मंत्री गणेश जोशी और प्रमुख सचिव राधिका झा को पत्र भेजकर पूजा गॉड को पद से हटाने और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी महिलाओं तक पहुंचाने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि पूजा गॉड व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए काम कर रही हैं और जनजातीय महिलाओं को आगे बढ़ने से रोक रही हैं। धरना प्रदर्शन में समाजसेवी बचना शर्मा, बीना देवी, सुमन, मनीषा, रीना, आशा देवी, सपना देवी, राधा, शांता, सुधा, उजाला देवी, संगीता, सुमित्रा, गीता, बबीता, चुम्मा देवी, अंजना, पिंकी, सरोज, मालो, सुनीता, प्रमिला, इंदिरा, तारा और अन्य महिलाएं शामिल रहीं। बी.एम.एम पूजा गौड़ ने दूरभाष पे बताया की उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें पूरी तरह निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं ने आरोप लगाए हैं, वे पहले विभिन्न पदों पर थीं, लेकिन बाद में उन्हें उनके पदों से हटाया गया। इसी कारण वे अब इस तरह के आरोप लगा रही हैं। पूजा गौड़ ने इसे साजिश करार देते हुए कहा कि सच्चाई जल्द ही सबके सामने आ जाएगी।

## खालिद मंसूरी ने की गो हत्यारों को आंतकवादी घोषित करने की मांग

**विकासनगर (शाह टाइम्स)।** जामा मस्जिद विकासनगर के अध्यक्ष खालिद मंसूरी ने गो हत्यारों को आतंकवादी घोषित किए जाने की मांग की है। खालिद ने जारी एक बयान में अपील की है मुसलमानों को खोलना मुसलमानों को बड़े पैमाने पर गो हत्यारों के खिलाफ मोर्चा खोलना होगा। मंसूरी ने कहा गो हत्यारे ये ना समझें कि ये सिर्फ हिंदुओं की भावनाओं से खेल रहे हैं ये मुस्लिम समाज के भी सबसे बड़े दुश्मन हैं। आज गो तस्करों की वजह से सभ्य मुस्लिम समाज को नीचा देखना पड़ रहा है। खालिद मंसूरी ने कि अल्लाह के नबी ने गाय के दूध में शिफा बताया तो वहीं इसके मास को बीमारी करार दिया। मंसूरी ने कहा हम जिस समाज में रहते हैं उस समाज में हिंदू धर्म के मानने वाले गाय को मां के रूप में मानते हैं तो हमारी भी जिम्मेदारी बनती है उनकी आस्था का सम्मान किया जाए और कहा जिस तरह से विकासनगर में लगातार कई पैमाने पर गो हत्या हुई है वह बहुत दुखद और निंदनीय है।

# गौ हत्याओं से गुस्साए व्यापरियों ने रखी अपनी दुकानें बंद

शाह टाइम्स संवाददाता



**विकासनगर।** प्रदेश में बढ़ती गौ तस्करी और गौ हत्याओं के खिलाफ अब जनता में भी आक्रोश पनप रहा है। जिसका असर अब सड़कों से लेकर बाजारों तक देखने को मिल रहा है राजधानी देहरादून का पछवादून क्षेत्र भी इन घटनाओं से अछूता नहीं है, जहां आए दिन गौ हत्या और गौ तस्करी जैसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बीते सोमवार हिमाचल और उत्तराखंड सीमा के बीच यमुना नदी में मिले 13 गौवंशों के अवशेषों का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि बुधवार को भी एक अन्य जगह गौवंश के अवशेष बरामद हुए, जिसको लेकर देर रात तक हिंदूवादी संगठनों ने विरोध स्वरूप प्रदर्शन कर अपना आक्रोश प्रकट किया। वहीं आज इसी आक्रोश को जारी रखते हुए विकासनगर व्यापार मंडल के आह्वान पर दोपहर तक विकासनगर बाजार पूर्णतय बंद रहा। जिसको लेकर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इस घटनाओं पर रोष प्रकट करते हुए इन मामलों में शामिल आरोपियों को सख्त सजा दिए जाने की मांग की और इन मामलों में ठोक कार्रवाई न होने पर आगे भी बाजार बंद की चेतावनी दी। वहीं दूसरी जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने भी गौकशी जैसे मामलों पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए, सरकार से सख्त कानून के तहत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने गाय को राज्य पशु घोषित करने और प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर निराश्रित घुम रहे गौवंशो के लिए गौशालाएं खोलने की मांग की।

- हिन्दुवादी संगठनों ने आरोपियों को सजा दिए जाने की मांग को लेकर निकाली रैली

# भाजपा के स्थापना दिवस व अंबेडकर जयंती को लेकर कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों की दी जानकारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** भाजपा के स्थापना दिवस तथा भारत रत्न बाबा साहेब अंबेडकर जयंती को लेकर होने वाले अनेकों कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर भाजपा जिला देहरादून ग्रामीण की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष मीता सिंह की अध्यक्षता में हरबर्टपुर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी तथा जिला प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नेहा जोशी ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी जी ने पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी कार्यकताओं को दी। जिला प्रभारी नेहा जोशी ने सभी मंडल अध्यक्षों को कार्यक्रम के निमित्त मंडल टोली बनाकर कार्यक्रमों को संपन्न कराने के निर्देश दिए। सभी मंडलों में 4 और 5 अप्रैल तक मंडल बैठके संपन्न कराने का निवेदन किया। साथ ही साथ बूथ स्तर पर रात्रि प्रवास, प्रत्येक घर पर झंडे लगाने तथा आम जन को सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु सभी कार्यकताओं को निर्देश दिए। अंबेडकर जयंती स्वच्छता अभियान चलाने का भी निवेदन मुख्य अतिथि आदित्य कोठारी ने सभी कार्यकताओं से किया।

इस अवसर पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पालिका हरबर्टपुर अध्यक्ष नीरू देवी, संतोष रावत, ओमवीर राघव, अरुण मित्तल, यशपाल नेगी, मूरत राम शर्मा, जिला महामंत्री विनोद कश्यप, अमित डबराल, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, राहुल शर्मा, शुभम गर्ग, प्रदीप वर्मा, रितेश असवाल, अनिल कुमार, कृष्ण तोमर, जयंती पटवाल, सुनीता देवी, सुरेंद्र चौहान, नवीन रावत, अनिल नोटियाल, नरेश चौहान, अमर सिंह चौहान, दयानंद जोशी, सुखदेव फरस्वान, नीरज शर्मा, प्रीतम, मातवर सिंह, नरेंद्र तोमर, मठोर सिंह, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जोशी से की नव नियुक्त दायित्वधारियों ने की मुलाकात



**देहरादून (शाह टाइम्स)।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से गुरुवार को उनके कैंप कार्यालय में उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद के नव नियुक्त अध्यक्ष (राज्यमंत्री) भूपेश उपाध्याय और उत्तराखण्ड आवास सलाहकार परिषद के नव नियुक्त उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) श्याम अग्रवाल ने भेंट की। इस अवसर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उन्हें नए दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

## विकासनगर क्षेत्र में हुई गौकशी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

# घटना को अंजाम देने वाले 6 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

शाह टाइम्स संवाददाता



**विकासनगर।** बीते रोज 2 तारीख को कोतवाली विकासनगर को सूचना प्राप्त हुई कि डाकपत्थर क्षेत्र स्थित बैराज झूला पुल के पास एक गौ-वंश पशु के अवशेष पड़े हुए है। सूचना पर कोतवाली विकासनगर से पुलिस बल तत्काल मौके पर पंहुचा तो ज्ञात हुआ कि झूलापुल डाकपत्थर के पास एक गौ-वंश पशु का सिर पड़ा था तथा मौके पर हिन्दु समुदाय के लोगों द्वारा रोष व्यक्त किया जा रहा था, घटना के सम्बन्ध में कोतवाली विकासनगर पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 196(1)/299 भा0न्या0सं0 व धारा 3/5/11 उ0गौ0स0 अधि0 का मुकदमा दर्ज किया गया।

- आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल 2 चापड, 2 धारदार खुखरी, पशु कटान के उपकरण तथा दो लकड़ी के गुटके बरामद
- गिरफ्तार आरोपी पूर्व में भी गौकशी, एनडीपीएस व अन्य अपराधों में जा चुके हैं जेल

घटना की संवेदनशीलता के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून द्वारा घटना के अनावरण तथा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई। गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों से घटना में संलिप्त संदिग्धों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारियां एकत्रित कर प्राप्त जानकारी के आधार पर ठोस सुरागरसी पतारसी करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। साथ ही पूर्व में पशु चोरी व गौकशी के अपराध में संलिप्त अभियुक्तों की वर्तमान स्थिती की जानकारी कर उनका भौतिक सत्यापन किया गया।

पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे प्रयासों से आज गुरूवार को पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर डाकपत्थर बैराज निकट कूडा घाटी यमुनानदी के किनारे विकासनगर से घटना में सलिंप्त 6 आरोपियों अब्दुल रहमान पुत्र इरफान निवासी कुंजा ग्रांट, कोतवाली विकासनगर, शहबान पुत्र इरफान निवासी कुंजा ग्रांट, कोतवाली विकासनगर, राशिद उर्फ नीलू पुत्र अख्तर निवासी कुंजा ग्रांट, कोतवाली विकासनगर, शौकीन उर्फ लुटिया पुत्र स्व. लतीफ निवासी कुंजा ग्रांट, कोतवाली विकासनगर, आशिक पुत्र सलीम निवासी कुंजाग्रांट, कोतवाली विकासनगर, सुलेमान पुत्र वाहिद निवासी ग्राम कुंजा, थाना विकास नगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 चापड, 2 धारदार खुखरी, पशु कटान के उपकरण तथा दो लकड़ी के गुटके बरामद किये गए।

घटना के सम्बन्ध पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि वे यमुना नदी के किनारे आवारा पशुओं को पकड़कर उन्हें जगंल में ले जाकर उनका अवैध कटान कर उनका मांस बेच देते हैं, जिससे उन्हें काफी अच्छा मुनाफा हो जाता है। आरोपियों द्वारा कुछ दिन पूर्व डाकपत्थर बैराज के पास से एक बछड़े को पकड़कर नदी किनारे ले जाकर उसे काटने तथा उसका सिर वही छोडकर भाग जाने की घटना को स्वीकार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध जनपद के अलग-अलग थानों में चोरी, नकबजनी, एनडीपीएस तथा गौकशी के कई मुकदमें दर्ज हैं, जिसमें आरोपी पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। 'पुलिस टीम में एसएसआई सतेन्द्र भाटी, कोतवाली विकासनगर, एसआई विवेक भंडारी, चौकी प्रभारी डाकपत्थर, एसआई सनोज कुमार, चौकी प्रभारी हरबर्टपुर, एसआई वैभव गुप्ता, चौकी प्रभारी बाजार, एसआई विकसित पंवार, चौकी प्रभारी कुल्हाल, सिपाही राजकुमार, राजेन्द्र सिंह, ऋतिक कंडारी, नवबहार, दिनेश आदित्य, गौरव शामिल रहे।

# शक्ति नहर में दुर्घटनाग्रस्त हुई कार से एसडीआरएफ ने किया एक महिला का शव बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता



**विकासनगर।** बीती देर रात्रि शक्ति नहर में दुर्घटनाग्रस्त हुई कार से एसडीआरएफ ने एक महिला का शव बरामद किया।

बीती देर रात्रि को पुलिस चौकी डाकपत्थर के माध्यम से एसडीआरएफ टीम को सूचना दी गई कि शक्ति नहर में एक वाहन गिर गया है, सूचना पर डाकपत्थर से एसडीआरएफ टीम अपर उप निरीक्षक सुरेश तोमर के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। उक्त कार भीमावाला पुल के पास अनियंत्रित होकर शक्ति नहर में जा गिरी जिसमें 5 व्यक्ति सवार थे। 4 व्यक्ति कार दुर्घटना होने पर स्वयं कार से बाहर आ गए थे तथा एक महिला कार में ही फंस गई गयी थी जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। एसडीआरएफ टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर शक्ति नहर मे दुर्घटनाग्रस्त कार से कड़ी मशक्कत के बाद उक्त महिला '(इशरत पत्नी जिशान, उम्र 30 वर्ष, निवासी ढकरानी विकासनगर)' के शव को बाहर निकालकर मुख्य मार्ग तक लाया गया जिसके उपरांत शव को आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया।

# आयुष्मान योजना से जुड़ी समस्याओं का समय पर हो निस्तारण : डॉ. रावत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स



कहा, योजना को मितव्ययी बनाने की दिशा में किये जाये ठोस प्रयास

**देहरादून।** राज्य में आयुष्मान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिये विभागीय अधिकारियों को एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा एसजीएचएस में गैप फंडिंग को शासन स्तर पर वित्त विभाग के साथ बैठक कर समस्या को दूर करने को कहा गया है। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गत दिवस राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के सभागार में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना, राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना, वय वंदना योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में डॉ रावत ने कहा आयुष्मान योजना आम जन से जुड़ी बेहद अहम योजना है और इसमें आने वाली दिक्कतों को प्राथमिकता के साथ दूर किया जाना चाहिए। यदि किसी सेवा प्रदाता या किसी अन्य स्तर पर लापरवाही की शिकायत मिलती है तो उसे यथा समय दूर किया जाना भी प्राथमिकता में हो। साथ ही मितव्ययता पर भी ध्यान देना होगा। बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया कि प्राधिकरण के नए पोर्टल व मास्टर पैकेज की प्रक्रिया गतिमान है। इंश्योरेंस और ट्रस्ट मोड का तुलनात्मक अध्ययन कर प्रस्ताव बनाया गया है। राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना में कर्मचारी पेंशनर्स के अंशदान की अपेक्षा अधिक खर्च होने से योजना का निर्बाध संचालन में दिक्कतें आ रही है। कुछ अस्पतालों ने सेवाएं देने से असमर्थता जता दी है। एसजीएचएस में गैप फंडिंग को लेकर भी शासन को लिखा गया है। इस पर मा. मंत्री ने कहा कि इस समस्या के समाधान को शासन स्तर पर वित्त के साथ बैठक की जाएगी। आयुष्मान योजना को इंश्योरेंस मोड पर देने की चर्चा पर उन्होंने कहा कि अधिकांश राज्यों में ट्रस्ट मोड पर ही आयुष्मान संचालित हो रही है। जो प्रदेश इंश्योरेंस मोड में चला रहे हैं वह भी ट्रस्ट में आने की बात कर रहे हैं। यहां कर्मचारी व पेंशनर संगठन के पदाधिकारियों ने भी अपनी मांगों को रखा। जिस पर मंत्री ने हर संभव सहयोग का भरोया दिया। बैठक में सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार, प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद सिंह ह्यांकी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी आईएएस, निदेशक वित्त अभिषेक आनंद, निदेशक प्रशासन डॉ.विनोद टोलिया, अपर निदेशक प्रशासन अतुल जोशी, अपर निदेशक आईटी अमित शर्मा समेत कर्मचारी/पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# रक्तदान से बड़ा नहीं कोई दान : बाबा राम सिंह

## निर्मल आश्रम अस्पताल के शिविर में 112 लोगों ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स संवाददाता




**ऋषिकेश, संवाददाता।** निर्मल आश्रम अस्पताल ने नेपालीफार्म में 16वां रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिसमें 112 लोगों ने रक्तदान किया। आश्रम के महंत बाबा राम सिंह महाराज ने कहा कि दुनिया में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित भी किया।

गुरूवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ महंत बाबा राम सिंह महाराज ने रिबन काटकर कर किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को जीते-जी रक्तदान और मरणोंपरांत नेत्रदान का संकल्प लेना चाहिए। कहा कि विश्व में मानव सेवा बड़ा कोई कार्य नहीं है।

संत जोध सिंह महाराज ने चिकित्सा व शिखा के क्षेत्र में निर्मल आश्रम के जनसेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही। अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि खैरीकलां में निर्मल आश्रम के एनजीए व एनईआई में तीन दिवसीय वार्षिक समागम चल रहा है, जिसमें दूसरे दिन यह आयोजन हुआ। बताया कि परिवर्तन चैरिटेबल ब्लड बैंक के माध्यम से रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। मौके पर करमजीत सिंह, डॉ. इंदू शर्मा, संदीप चौधरी, अमन कुमार, चरनजीत सिंह, कुलदीप सिंह, हरमनप्रीत सिंह, अजय शर्मा, ललिता कृष्णास्वामी, डॉ. सुनीता शर्मा, अमृतपाल डंग, गुरजिंदर सिंह, दिनेश शर्मा, हरप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह, दविंदर सिंह भट्टी, अनिल किंगर आदि मौजूद रहे।

## जिला पंचायत प्रशासक दीपक ने यमुनोत्री यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**उत्तरकाशी।** जिला पंचायत प्रशासक दीपक बिजल्वाण ने यमुना जी के शीतकालीन प्रवास खरशाली पहुंच कर मां यमुना जयंती के अवसर पर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया है। उधर जिला पंचायत प्रशासक ने यमुनोत्री यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यमुनोत्री धाम के तीर्थ पुरोहितों एवं यमुनोत्री मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी चारधाम यात्रा को सुलभ संचालित करने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत यात्रा के दौरान जो कार्य करती उनकी तैयारी समय से पूरी करेगा। जिला पंचायत प्रशासक दीपक बिजल्वाण ने यमुनोत्री तीर्थ पुरोहितों एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों को बताया कि इस बार जिला पंचायत सम्पूर्ण यमुनोत्री धाम में विधुत आपूर्ति करवायेगा और उसके बिल का भुगतान भी करेगा।

# क्या स्मार्ट सिटी का हिस्सा नहीं है धर्मपुर विधान सभा क्षेत्र : कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

- कारगी में राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर बने कूड़े के पहाड़ का निरीक्षण करने पहुंचे सूर्यकांत धस्माना
- मेयर से व्यक्त की नाराजगी, कल नगर निगम में करेंगे मुलाकात
- आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री तक ले जायेंगे मामले को

**देहरादून।** दून के धर्मपुर विधान सभा क्षेत्र में ब्राह्मणवाला कारगी बंजारावाला के बीचों बीच राष्ट्रीय राज मार्ग पर नगर निगम की और से बनाए गए कूड़े के पहाड़ की दुर्गंध व उससे लगने वाले जाम से परेशान लोगों ने पूर्व मेयर, विधायक व सांसद से गुहार लगा लगा कर समस्या के समाधान न होने पर आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना को अपनी समस्या सुनाने व दिखाने के लिए मौके पर आमंत्रित किया। धस्माना साढ़े बारह बजे जब मौके पर पहुंचे तो वहां ब्राह्मणवाला के पार्षद मुकीम अहमद, बंजारावाला के विवेक घिल्डियाल, बीएस रावत, मुकुल पंत, आशीष राठौर, अनीस अंसारी, दीपक कंडारी, अमित चांद, फैजान अहमद आदि बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने धस्माना को पूरे प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करवाया। विवेक घिल्डियाल ने कहा कि पिछले आठ वर्षों से इस कूड़े के पहाड़ के कारण आस पास के डेढ़ किलोमीटर छेत्र में रहने वाली आबादी जो कि कारगी, बंजारावाला, ब्राह्मणवाला, आजाद नगर जो घनी आबादी वाले इलाके हैं गंदगी की सड़ांध व बदबू के कारण यहां के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। बीएस रावत ने कहा कि गर्मियों व बरसात के मौसम में पूरे छेत्र में मलेरिया, डेंगू व अन्य संक्रमण वाली बीमारियों फैलने से हजारों। लोग बीमार हो जाते हैं लेकिन बार बार बोलने के बावजूद सरकार व नगर निगम इसका समाधान नहीं कर रहे।

ब्राह्मणवाला के पार्षद मुकीम अहमद ने कहा कि कूड़ा डालने व उठाने वाली गाड़ियों के सड़क पर खड़े होने से इस पूरी सड़क पर अक्सर जाम लगा रहता है व आए दिन दुर्घटनाएं भी होती हैं।

# जोशी ने किया शैक्षिक व सांस्कृतिक मंच का शिलान्यास

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स



अपने पिताजी की स्मृति में निजी मद से करवा रहे निर्मित

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को देहरादून के विलासपुर काण्डली में जीआरआरसी जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन एवं छात्र-छात्राओं के उपयोग के लिए अपने पिता स्वर्गीय श्याम दत्त जोशी की स्मृति में निजी मद से शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मंच का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह मंच विद्यार्थियों की सह- पाठ्यक्रमीय गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ विद्यालय के विभिन्न आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने विद्यालय विकास को प्राथमिकता देने की बात कही और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। गौरतलब है कि विगत दिनों कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की गई थी। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री घोषणा के तहत 55 लाख की लागत से जल्द ही विद्यालय भवन में कक्षा कक्षों का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलदेव सिंह नेगी, उपाध्यक्ष रामकुमार तमंग, प्रबंधक विक्रम कण्डारी, प्रधानाचार्य संजू सकलानी, कैप्टन चन्दन सिंह बिष्ट, पीबीओआर अध्यक्ष शमशेर सिंह बिष्ट, जगदीश पांडे, गिरीश उनियाल, मेहरबान राणा सहित कई पूर्व सैनिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# चौसला में फैक्ट्री की सील

## ज़मीनों की खरीद-फरोख्त पर भी तत्काल रोक के आदेश जारी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** चौसला में अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री के खिलाफ आखिरकार प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। प्रशासन ने चौसला क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक फोम फैक्ट्री को सील कर दिया है। साथ ही चौसला में जमीनों की खरीद-फरोख्त पर भी तत्काल रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

हल्द्वानी से सटे ग्रामीण क्षेत्र चौसला में अवैध प्लॉटिंग कर विशेष समुदाय को बेचने और सरकारी भूमि पर फैक्ट्री चलाने को लेकर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने बीतें दिवस तहसील में जोरदार प्रदर्शन किया था और प्रशासन को कार्रवाई के लिए दो दिन का समय दिया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि कार्रवाई नहीं होने पर पूरे साक्ष्यों को सार्वजनिक करते हुए मामले का पर्दाफाश किया जायेगा।

गुरुवार को एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार और मुखानी थाना प्रभारी विजय मेहता के नेतृत्व टीम चौसला पहुंची और फैक्ट्री को सील कर दिया। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि फैक्ट्री संचालकों ने आवश्यक अनुमति नहीं ली थी और जांच में कई अनियमितताएं भी मिली है। इसके अलावा फैक्ट्री का कुछ हिस्सा सरकारी जमीन पर स्थित था जिसे 15 दिनों के भीतर खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। वही चौसला क्षेत्र में रियल एस्टेट (रेरा) नियमों के खिलाफ कई प्लॉटिंग भी की गई हैं।

इसको लेकर डीएम नैनीताल ने सचिव रेरा को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जमीनों की खरीद-फरोख्त पर भी तत्काल रोक लगाने के आद. ेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण और बिना अनुम. ति संचालित किए जा रहे व्यवसायों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी प्रशासन को दें ताकि समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें।

## आंधे घंटे में चोर खंगाल गए दुकान

**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा क्षेत्र में एक दुकान से शातिर चोरों ने महज आधे घंटे में नगदी और इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी करके फरार हो गए। महज आंधे घंटे में हुई इस चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार काठगोदाम दमुवाढूंगा सरदार की कोठी निवासी चंदन गिरी गोस्वामी पुत्र हरीश गिरी गोस्वामी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि लालडांठ रोड के पास चंदू फोटो स्टूडियो के नाम से दुकान है। तहरीर में बताया कि बीते बुधवार की सुबह साढ़े दस बजे वह दुकान का शटर गिराकर कुछ काम के लिए बाजार को चले गए थे, और आधे घंटे बाद जब वह वापस दुकान लौटे तो दुकान के शटर टूटा देख उनके होश उड़ गए। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों से उनकी पहचान की जा रही है जल्द ही शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# वर्षों से रह रहे हैं हम लोग, हमें न लपेटा जाए विधायक भगत से मिले चौंसला के ग्रामीण



**हल्द्वानी।** चौसला गांव में लगभग 60 वर्षों से रहने वाले लोगों को तहस. ीलदार कार्यालय से नोटिस मिलने पर चौसला गांववासी भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल एवं भाजपा नेता प्रताप सिंह बोरा के नेतृत्व में गुरुवार को विधायक बंशीधर भगत के आवास पर पहुंचे और डेमोग्राफी चेंज की कार्यवाही की जद में उनको नहीं लपेटने का आग्रह किया। जिस पर विधायक भगत ने शनिवार को चौसला के ग्रामीणों एवं एसडीएम हल्द्वानी को दस्तावेजों के साथ अपने आवास पर बैठक के लिए बुलाया है ताकि ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जा सके। बता दे कि समुदाय विशेष के लोगों को चौसला गांव में प्लॉटिंग कर बसाने के विरोध की आग की लपटें अब चौसला गांव में अपने पूर्वजों के समय से लगभग 60-70 वर्षों से रह रहे निवासियों के घरों तक भी पहुंच गई है। तहसीलदार हल्द्वानी ने नोटिस जारी कर कई ग्रामीणों को अतिक्रमण हटाने को कहा है। आज चौसला निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता प्रताप सिंह बोरा एवं लामाचौड़ मंडल के अध्यक्ष संदीप सनवाल के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण विधायक बंशीधर भगत के आवास पर पहुंचे और अवैध प्लाटिंग, अवैध फैक्ट्री और डेमोग्राफी चेंज के खतरे पर प्रहार करने के बजाय दशकों से चौसला में निवास कर रहे ग्रामीणों पर कार्यवाही का भय बनाये जाने का प्रशासन पर आरोप लगाया। सदियों से चौसला में निवास कर रहे गुर्जर परिवारों ने सरकार से पट्टा आवंटन के लिए वर्षों से आवेदन भी किया हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि चौसला में दशकों से हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोग निवास करते आ रहे हैं। विगत महीनों से जिन लोगों ने छोटे-छोटे प्लॉट खरीद कर वहां बसाने की योजना बनाई है अथवा जो फैक्ट्री नियम विरुद्ध बनी है, सिर्फ उन पर कार्यवाही की जाये। इस दौरान प्रताप बोरा, लामाचौड़ मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, प्रधान भोपाल सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधान मो. यासीन, स्वामी नयन दास, रमेश नेगी, प्रकाश पटवाल, अनिल त्रिपाठी, जगत सिंह बिष्ट, पंकज मलडा, ज्ञान सिंह, इरशाद अली, मुकेश कुमार, मो. अली, जीवन लाल, अजीज आलम, लछम सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


**न्यायालय तहसीलदार, लक्सर।**

वाद संख्या: 219/2024

अन्तर्गत धारा: 34/35 भू-राजस्व अधिनियम

मौजा-ढाढेकी ढाणा मजाहिदपुर, परगना मंगलौर, तहसील लक्सर

विक्रम सिंह व सतीश कुमार पुत्रगण मीर सिंह व मांगेराम व निर्मल सिंह पुत्रगण निहाल सिंह निवासीगण ग्राम ढाढेकी ढाणा मजाहिदपुर, परगना मंगलौर, तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

**बनाम**

समय सिंह पुत्र मेहरचन्द निवासी ग्राम ढाढेकी ढाणा मजाहिदपुर, परगना मंगलौर, तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

**प्रेस विज्ञप्ति / नोटिस**

उपरोक्त नामान्तरण वाद न्यायालय तहसीलदार, लक्सर जनपद हरिद्वार में विचाराधीन चला आता है। वाद निस्तारण हेतु वादी साक्ष्य / मूल कागजात दाखिल करने हेतु दिनांक 23-04-2025 ई0 नियत की गयी है। अत: वाद उपरोक्त के नामान्तरण पर किसी भी अन्य व्यक्ति को कोई किसी भी प्राकर की आपत्ति हो तो दैनिक समाचार पत्र शाह टाईम्स के माध्यम से एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वह नियत दिनांक 23.04. 2025 ई0 को प्रात: 11:00 बजे न्यायालय तहसीलदार लक्सर जनपद हरिद्वार में उपस्थित होकर अपना लिखित एवं मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में वाद का एकपक्षीय रूप से निस्तारण कर दिया जायेगा।

पत्रांक: 1550/एम0जे0

दिनांक: 2.04.2025 ई0

(प्रताप सिंह चौहान)

तहसीलदार, लक्सर।



**न्यायालय श्रीमान कुटुम्ब न्यायाधीश महोदय टिहरी गढवाल नई टिहरी।**

मूल वाद सं०-03 सन-2025

**प्रार्थीनी-** पूजा देवी पत्नी राजेन्द्र लाल हाल मायका ग्राम रगडी पट्टी आरगढ, तहसील बालगंगा जिला टिहरी गढ़वाल।

**बनाम**

**विपक्षी-** राजेन्द्र लाल पुत्र भरोसा लाल निवासी ग्राम छतियारा पट्टी बासर, तहसील बालगंगा, जिला टिहरी गढवाल।

**नोटिस बनाम-** राजेन्द्र लाल पुत्र भरोसा लाल निवासी ग्राम छतियारा पट्टी बासर, तहसील बालगंगा, जिला टिहरी गढवाल।

चूंकि प्रार्थीनी ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र 13 हिन्दू विवाह अधिनियम का प्रस्तुत किया है विपक्षी को न्यायालय से समन जारी किये गये थे लेकिन आप विपक्षी जानबूझकर न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे है जबकि आपको उक्त वाद की जानकारी भली प्रकार से है।

एतद्वद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यदि आपको उक्त विवाह विच्छेदन के वाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो आप नियत तिथि 29 माह 04 सन-2025 को प्रातः 10 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो आपके ऐसा न करने पर उक्त वाद में एक तरफा कार्यवाही गतिमान की जायेगी।

आज दिनांक 21 माह 03 सन-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**प्रबन्धक / रीडर**
**कुटुम्ब न्यायायल**
**टिहरी गढ़वाल**



**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०)/न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय, नरेन्द्रनगर, टि०ग०**

मूल वाद सं०-04 सन-2025

**वादिनी-** श्रीमती मुन्नी देवी

**बनाम**

**प्रतिवादीगण-** उत्तराखण्ड सरकार व अन्य।

**नोटिस बनाम-** समस्त रिस्तेदार आम एवं खास लापता व्यक्ति भगत सिंह पुत्र स्व० सुन्दर सिंह निवासी ग्राम खाण्ड, (चन्देली), पो०-खाण्ड, पट्टी-धारअक्रिया, तहसील-गजा, जिला-टिहरी गढ़वाल।

चूँकि प्रार्थी/वादी ने एक घोषणात्मक वाद वास्ते अपने पति भगत सिंह पुत्र स्व० सुन्दर सिंह निवासी ग्राम खाण्ड, (चन्देली), पो०-खाण्ड, पट्टी-धारअक्रिया, तहसील-गजा, जिला-टिहरी गढ़वाल वाले का वर्ष 13-02-2014 से जीवित या मृत्यु का कहीं पता न लग पाने के कारण दीवानी मृत्यु घोषित कराने के लिये इस न्यायालय में पेश किया है, जो दर्ज रजिस्टर होकर वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 21 माह 04 सन-2025 को नियत है, यदि किसी को वादिनी के पति भगत सिंह पुत्र स्व० सुन्दर सिंह की नागरीय मृत्यु घोषित होने में कोई उज्र, ऐतराज हो तो दिनांक 21 माह 04 सन-2025 को 10:30 बजे सुबह इस न्यायालय में आकर अपनी आपत्ति/अनापत्ति प्रस्तुत करें, किसी के उपस्थित न आने पर वादी के वाद में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 21 माह 03 सन-2025 को मोहर अदालत एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**आदेशानुसार**
**सविल जज (जू०डि०)**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल**



**Name Change**

I, VIMALA Devi Mother of No 4103552M Rank RFN Name Pankaj Singh R/o Vill- Routhiya P.O. Mai ki mandi Teh-Rudraprayag, Distt-Rudraprayag State Uttarakhand. That I have changed my name from Vimila Devi (as service document) to Vimala Devi vide Affidavit dated 26/03/2025 before Districtcourt Rudraprayag.



**Name Change**

I, SHOBHAN Singh Father of No 4103552M Rank RFN Name Pankaj Singh R/o Vill-Routhiya P.O. Mai ki mandi Teh-Rudraprayag, Distt-Rudraprayag State Uttarakhand. That I have changed my name from Sovan Singh (as service document) to Shobhan Singh vide Affidavit dated 26/03/2025 before Districtcourt Rudraprayag.



**सूचना**

शपथकर्ता की मौजा- शाहपुर कल्याणपुर का एक मूल बैनामा विक्रेता एस कुमार पुत्र एल0सी0 निवासी-3 ई0सी0 रोड देहरादून से क्रय की थी जिसका इन्द्राज सब रजिस्टर कार्यालय विकासनगर प्रथम में बही नं0 1 जिल्द 7660 पेज 309-338 क्रमांक 2211 दिनांक 26.02.2004 है। यह मुझ शपथकर्ता की उपरोक्त मूल बैनामा धर्मावाला क्षेत्र में दिनांक 01.04.2024 को कहीं गुम हो गई, जिसका शपथकर्ता ने कोई दुरूपयोग नहीं किया है।

श्री निश्कर्श शर्मा पुत्र श्री अशोक शर्मा निवासी-जैक 2, 804, टीडीआई सिटी किंग्सबरी कुंडली सोनीपत, हरियाणा।



**UTTARAKHAND POWER CORPORATION LTD.**
(A. Govt. of Uttarakhand Undertaking) CIN NO: U40109UR2001SGC025867
e-Mail: edc.chakrata@upcl.org, edcchakrata@gmail.com
Website: www.upcl.org, Telephone/ Mobile No. 9411746161

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०, चकराता (मु०-कालसी), देहरादून के अन्तर्गत निम्न ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं-

| क्र0 सं0 | ई-निविदा संख्या |
|---|---|
| 1 | 01 / विविमच (का.) / 2025-26 |
| 2 | 02 / विविमच (का.) / 2025-26 |
| 3 | 03 / विविमच (का.) / 2025-26 |

उपरोक्त निविदाओं की अधिक जानकारी हेतु www.uktenders.gov.in पर देखें।

"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"

पत्रांक: 443 / वि0वि0म0च0 / उपाकालि0 दिनांक: 03 / 04 / 2025 अधीक्षण अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं0 1800-419-0405



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



Sitara A SEWA INITIATIVE

**सेवा गृह ऋण लिमिटेड**

कॉर्पोरेट कार्यालय का पता: बिल्डिंग नं. 8, टॉवर सी, 8वीं मंजिल, डीएलएफ साइबर सिटी, गुरुग्राम 122002

**मांग सूचना** — वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 3(1) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित

नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)") से आह्वान किया गया है कि वे उन्हें जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाएं, जो नीचे भी दी गई हैं। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर, उक्त उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** को भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, नीचे दर्शाई गई राशि, साथ ही उक्त मांग सूचना(ओं) में वर्णित अतिरिक्त ब्याज, नीचे उल्लिखित तिथि(ओं) से लेकर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों / लेखों, यदि कोई हो, के साथ पठित ऋण समझौत के तहत देय है। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियों को क्रमशः उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** के पास बंधक रखा गया है।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं./ कर्जदार/गांरटर का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | सुरक्षित आस्तियों का विवरण अचल सम्पत्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता संख्या : H3CP000005010697<br>1. श्रीमति प्रीति, कुमारी पति श्री कमाल यादव<br>2. श्री सौरभ, पिता श्री अजय कुमार<br>3. श्री वासू मित्तल, पिता श्री जुगल किशोर मित्तल | 11.03.2025<br>₹ 6,32,315/- (रुपये छह लाख बत्तीस हजार तीन सौ पंद्रह केवल) दिनांक 31.01.2025 तक | खसरा नं. 123, ग्राम श्यामपुर नौआबाद, **परगना नजीबाबाद, हरिद्वार, उत्तराखंड, चौहद्दी:- पूर्व**- 19 फुट रोड, **पश्चिम**- श्री साबिर अली, **उत्तर**- विक्रेता का प्लॉट, **दक्षिण**- अन्य व्यक्ति का प्लॉट |
| 2. | ऋण खाता संख्या : H5GP000005013179<br>1. श्रीमति लाली देवी, पति श्री तेजपाल सिंह<br>2. श्री नितिन कुमार, पिता श्री तेजपाल सिंह<br>3. श्री विशाल सागर, पिता श्री ओमप्रकाश | 11.03.2025<br>₹ 7,96,861/- (रुपये सात लाख छियानवे हजार आठ सौ इकसठ केवल) दिनांक 31.01.2025 तक | प्लॉट नं 09, अराजी नं 217/2, गाँव काँगड़ी, परगना नजीजाबाद, **तहसील जिला हरिद्वार, उत्तराखण्ड, चौहद्दी:- पूर्व**- प्लॉट नं 10 विध्या देवी, **पश्चिम**- प्लॉट नं 08, **उत्तर**- अन्य जमीन, **दक्षिण**- 16 फुट रोड |

यदि उक्त उधारकर्ता **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** अधिनियम की धारा 13(14) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ लागत और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर कार्यवाही करेगा, उक्त उधारकर्ताओं को अधिनियम के तहत **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करेगा या उल्लंघन के लिए उकसाएगा, अधिनियम के अधीन कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

**स्थान: उत्तराखंड, दिनांक: 03.04.2025** **प्राधिकृत अधिकारी, सेवा गृह ऋण लिमिटेड**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग**

email id:-npprudraprayag6@gmail.com, Tel. 8791041698

पत्रांक : 05 / निविदा आ०सूचना/2025-26 दिनाँक 03.04.2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग को चारधाम यात्रा व्यवस्था 2025 हेतु पालिका निधि / चारधाम यात्रा व्यवस्था अनुदान से प्राप्त होने वाली धनराशि से चारधाम यात्रा मार्ग की सफाई व्यवस्था / विद्युत व्यवस्था एवं बहुउद्देशीय कार्यो हेतु यात्रा अवधि में कर्मचारी आउटसोर्स के माध्यम से रखे जाने हेतु विभिन्न फर्मो / निविदाकारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यालय नगर पालिका परिषद, रुद्रप्रयाग मे दिनांक 21-04-2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो कि उसी दिन उपस्थित फर्मो / निविदाकारों के सम्मुख सांय 3.00 बजे खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निविदा मूल्य +जीएसटी जमा करके कार्यालय दिवस दिनांक 09-04-2025 से 17-04-2025 तक प्राप्त: 10:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा कार्य एवं निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं किसी भी कार्यदिवस मे कार्यालय मे देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति मे निहित होगा। सूचना जनपद की बेबसाइट http://rudraprayag.nic.in में भी देखा जा सकता हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | चारधाम यात्रा 2025 हेतु चारधाम यात्रा मार्ग की सफाई व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था एवं बहुउद्देशीय कार्य हेतु प्रति आउटसोर्स कर्मचारी अनुसार दर आमंत्रण। | 51,000 | 1500 + GST |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**



**।। कार्यालय नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग ।।**

email id:-npprudraprayag6@gmail.com, Tel- 8791041698

पत्रांक : 04/ निविदा आ०सूचना/2025-26 दिनाँक 03-04-2025

निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग द्वारा राज्य वित्त/15वें वित्त से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2025-26 के लिए नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित आवश्यकता के मध्यनजर निर्माण कार्यो हेतु दो लिफाफा प्रणाली के अन्तर्गत मोहरबन्द निविदाएं कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग में दिनांक 21-04-2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो कि उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के सम्मुख सांय 3.00 बजे खोले जायेगें। निविदा प्रपत्र निविदा मूल्य जीएसटी जमा करके कार्यालय दिवस में दिनांक 21-04-2025 को प्राप्त: 10:00 बजे से12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा कार्य एवं निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ती निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं किसी भी कार्यदिवस मे कार्यालय में देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को विना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार समिति में निहित होगा। सूचना को जनपद की वेबसाइट ीजजचः://तनकतंचतंलंह.दपब.पद में भी देखी जा सकती हैं।

**नोट: उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश स0 223817 दिनांक 10.07.24 के कम में निविदा में प्रतिभाग करने से पूर्व सम्बन्धित फर्म/निविदा कार को GST सम्बन्धी अदेय प्रमाण पत्र NO Dues Certificate तथा समस्त देय विवरण Statement एवं विवरण त्मजनतद जमा होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाना अनिवार्य होगें। अनुपालन नहीं किए जाने की दशा में सम्बन्धित निविदाकार को निविदा में प्रतिभाग किए जाने हेतु अनर्ह Ineligible घोषित किया जाएगा।**

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राकलन धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 07 में राणा मार्बल्स से गौधाम तक सी०सी० मार्ग मरम्मत एवं इन्टरलॉक टाईल्स कार्य। | 9.75 लाख | 29,500 | 1000 + GST | 04 माह |
| 2 | वार्ड 03 में मा० जज कोर्ट कैम्पस में फैब्रिकेटेड शैड निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | 11.11 लाख | 33,500 | 1500 + GST | 04 माह |
| 3 | वार्ड न0 01 अमसारी में सुरेशी देवी के आवास के निकट क्षतिग्रस्त दीवार एवं फुटपाथ मरम्मत कार्य | 1.06 लाख | 3,500 | 500 + GST | 04 माह |
| 4 | वार्ड 07 रैतोली में होटल भानू पैलेस के निकट क्षतिग्रस्तफुटपाथ मरम्मत कार्य | 4.39 लाख | 13,500 | 500+ GST | 04 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी संभालेंगे क्रिकेट परिषद की कमान

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह गुरुवार से यह जिम्मेदारी संभालेंगे। इसकी जानकारी देते हुए एसीसी ने कहा- उनका नेतृत्व ऐसे समय में आया है जब एशियाई क्रिकेट निरंतर विकसित हो रहा है और पूरे क्षेत्र में अधिक अवसर, नवाचार और सहयोग ला रहा है। नकवी ने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा- मैं एशियाई क्रिकेट परिषद की अध्यक्षता ग्रहण करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एशिया विश्व क्रिकेट की धड़कन बना हुआ है और मैं खेल के विकास और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने के लिए सभी सदस्य बोर्डों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। साथ मिलकर हम नए अवसरों को खोलेंगे, अधिक सहयोग को बढ़ावा देंगे और एशियाई क्रिकेट को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

### रमन सुब्रमण्यन फिर कोच के रूप में यूटीटी में करेंगे पदार्पण

**अहमदाबाद, वार्ता।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता रमन सुब्रमण्यन, जर्मन विशेषज्ञ क्रिस फिर, अनुभवी प्रशिक्षक पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर 1 जुबिन कुमार अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के सीज़न 6 में कोच के रूप में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। यह संस्करण ऐतिहासिक रूप से पहला है, क्योंकि फ्रैंचाइज़ी को अपने कोचिंग स्टाफ़ को स्वतंत्र रूप से चुनने की स्वतंत्रता दी गई है। इनके साथ वापसी करने वाले कोच एलेना टिमिना, पराग अग्रवाल, सुभाजीत साहा, सौम्यदीप रॉय और सचिन शेट्टी भी शामिल हैं, जिनका लक्ष्य अपना दूसरा यूटीटी खिताब हासिल करना है।

### लाहौर में पाक महिला क्रिकेट टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरु

**लाहौर, वार्ता।** ईद-उल-फितर के लिए चार दिवसीय अवकाश के बाद गुरुवार को एलसीसीए मैदान पर पाकिस्तानी महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरू हो गया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह शिविर आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफाइंग दौर के लिए राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान लाहौर के दो स्थानों गद्दाफी स्टेडियम और एलसीसीए मैदान पर कर रहा है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को एलसीसीए मैदान पर थाईलैंड के साथ अभ्यास मैच खेलेगी। पाकिस्तान और थाईलैंड के अलावा, क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य देशों में वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, आयरलैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। फाइनल 19 अप्रैल को गद्दाफी स्टेडियम में होगा।

# नए आत्मविश्वास के साथ लखनऊ से भिड़ेगी मुंबई




**मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है**

■ **कप्तान पंत की खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय**

**लखनऊ, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स पर शानदार जीत के बाद मुंबई इंडियंस शुक्रवार को आत्मविश्वास और जोश के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2025 के 16वें मैच में उतरेगी।

मुबंई के गेंदबाजों ने केकेआर को सिर्फ 116 रनों पर ढेर कर दिया था जिसके बाद रेयान रिकेल्टन के नाबाद 62 रनों के साथ-साथ सूर्यकुमार यादव के नौ गेंदों पर 27 रनों की धमाकेदार पारी से आसान लक्ष्य हासिल कर लिया था। उस मैच में नए खिलाड़ी अश्विनी कुमार ने चार विकेट लेकर प्रभावित किया जबकि दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में प्रभावी रहे। इसके अलावा पिछले आमने-सामने के रिकॉर्ड के बावजूद, मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है। लखनऊ ने आईपीएल में मुंबई के खिलाफ अपने छह मुकाबलों में से पांच में जीत हासिल करते हुए बढ़त हासिल की है। हालांकि, कोलकाता पर मुबंई इंडियंस की हालिया जीत से एलएसजी को संभल कर रहना होगा। निकोलस पूरन ने अब तक एलएसजी की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

उन्होंने पिछले तीन मैचों में 220 के स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए हैं। इस मैच में भी हर एक की निगाहें उनके प्रदर्शन पर होंगी। एलएसजी अपने पिछले घरेलू मैच में पंजाब किंग्स से आठ विकेट से मिली करारी हार से उबरना चाहेगी। मिचेल मार्श और पूरन ने बल्लेबाजी का बहुत भार उठाया है, और उनकी विफलता अक्सर टीम की कमज़ोरी को उजागर करती है। कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि आयुष बदोनी और अब्दुल समद ने निचले क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी विभाग में शार्दुल ठाकुर ने तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, लेकिन वे महंगे साबित हुए हैं और 10-22 की इकॉनमी रेट से रन दिए हैं। आकाश दीप की वापसी से आक्रमण को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई अपने अब तक के निराशाजनक प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगे। चहर और बोल्ट की अगुआई में मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण पावरप्ले में प्रभावी रहा है। डेब्यूटेंट अश्विनी ने पिछले गेम में चार विकेट लेकर प्रभावित किया और वे फिर से अहम भूमिका निभा सकते हैं। बीच के ओवरों में मिशेल सेंटनर का अनुभव महत्वपूर्ण होगा, जबकि युवा तेज गेंदबाज विग्नेश पुथुर को सफलता के लिए बुलाया जा सकता है। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम की पिच संतुलित होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद करेगी। दूसरी पारी में ओस के कारण लक्ष्य का पीछा करना बेहतर विकल्प हो सकता है। आईपीएल के इतिहास में इस स्थान पर जीत के लिए सबसे बड़ा सफल लक्ष्य का तीन विकेट पर 199 रन है।

# खराब बैटिंग के कारण हारी आरसीबी

● **गुजरात आठ विकेट से जीता, सिराज बोले कि बेंगलुरु आकर थोड़ा इमोशनल हो गया**



**बेंगलुरु, वार्ता।** 18वें सीजन में घरेलू मैदान पर पहली बार खेलने उतरी रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु को 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने पहले बैटिंग की। टीम ने 40 गेंद के अंदर 4 विकेट गंवा दिए, यहां से स्कोर 200 के करीब नहीं जा सका। बेंगलुरु ने 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। गुजरात ने 17.5 ओवर में 2 विकेट खोकर आसानी से टारगेट हासिल कर लिया। साई सुदर्शन ने 49 और जोस बटलर ने 73 रन बनाए। मोहम्मद सिराज को 3 विकेट मिले। आरसीबी से लियम लिविंगस्टन ने 54 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बालिंग करने उतरी गुजरात से मोहम्मद सिराज ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपने दूसरे ही ओवर में देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड कर दिया। उन्होंने फिर पांचवें ओवर में फिल साल्ट को भी बोल्ड किया। सिराज ने अपना स्पेल 19 रन पर 3 विकेट लेकर खत्म किया। मैं थोड़ा इमोशनल हो गया, मैंने यहां 7 साल तक आईपीएल खेला है। जर्सी का कलर लाल से नीला होना मेरे लिए इमोशनल रहा। मुझे रोनाल्डो बहुत पसंद हैं, इसलिए विकेट लेने के बाद उनकी तरह सेलिब्रेट करता हूं। टीम इंडिया से ब्रेक मिला तो मैंने अपनी फिटनेस और गलतियों पर काम किया। गुजरात में शामिल होने के बाद मैंने आशीष नेहरा से बात की। उन्होंने मुझे एंजाय करने के लिए कहा। ईशांत भाई ने मुझे बताया कि किस लाइन पर बालिंग करनी है। मेरा माइंडसेट यही है कि बस खुद पर भरोसा करना है। मिडिल ओवर्स में बालिंग करने आए साई ने आरसीबी बैटर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने 4 ओवर में महज 22 रन दिए, उन्होंने जितेश शर्मा और क्रुणाल पांड्या को पवेलियन भी भेजा। 5वें ओवर में गुजरात ने पहला विकेट गंवा दिया। यहां से बटलर ने सुदर्शन के साथ 75 रन की पार्टनरशिप की। उन्होंने 73 रन बनाए और टीम को जीत दिला दी। 170 के टारगेट के सामने गुजरात को ओपनर सुदर्शन ने मजबूत शुरुआत दिलाई। उन्होंने 36 गेंद पर 49 रन बनाए।

# सूर्या ने किए रामलला के दर्शन

■ **सूर्यकुमार यादव के अलावा दीपक चाहर और कर्ण शर्मा समेत अन्य खिलाड़ी भी पहुंचे**



**अयोध्या, वार्ता।** टीम इंडिया में टी-20 टीम के कप्तान और मुबंई इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को यहां श्रीरामजन्मभूमि में भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन किए। सूर्य कुमार यादव आईपीएल में लखनऊ के खिलाफ मुबंई इंडियंस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

लखनऊ और मुबंई के बीच मैच शुक्रवार को इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा। मैच की पूर्व संध्या पर उन्होने आज अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का आशीर्वाद लिया। उनके साथ दीपक चाहर और करण शर्मा समेत मुबंई इंडियंस के अन्य खिलाड़ियों के अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी हेमंत दास थे।

इस अवसर पर उन्होने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अयोध्या का विकास बहुत तेजी से हो रहा है और राम मंदिर के बनने से आसपास के जो भी जिले थे उनका भी विकास हो रहा है। मंदिर बहुत भव्य बना हुआ है। आईबी के निदेशक तपन डेका ने भी प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि परिसर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। उनके साथ में अयोध्या रेंज के आई-जी- प्रवीण कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर भी मौजूद थे।

### हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप झांसी में

**झांसी, वार्ता।** चार से 15 अप्रैल तक खेली जाने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें हिस्सा लेंगी। झांसी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में टूर्नामेंट में खेला जाएगा।

# आईसीसी के टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंचे जैकब डफी

■ **2018 के बाद टॉप पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज**

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी आईसीसी के टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। डफी ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया। डफी ने नंबर-1 का ताज वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन को हटा कर हासिल किया है।

उन्होंने पाक के खिलाफ 2 टी-20आई मैचों में 5 विकेट झटके थे और अपनी टीम को सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। डफी को चार स्थान का फायदा डफी ने चार पायदान का छलांग लगाया है। उनके 723 अंक हो गए हैं। वहीं अकील दूसरे स्थान पर हैं। उनके 714 अंक हैं। भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (706 रेटिंग) को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड के आदिल रशीद, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और आस्ट्रेलिया के एडम जम्पा भी एक-एक पायदान नीचे लुढ़क गए हैं। रशीद चौथे पर जबकि हसरंगा पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। जम्पा छठे नंबर चले गए हैं। इसके बाद नंबर-7 से लेकर नंबर-10 के गेंदबाजों की पाजिशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में लिए 13 विकेट डफी ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए पांच टी-20 मैचों की सीरीज में 13 विकेट लिए। जिसमें एक मैच में उन्होंने 14 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं न्यूजीलैंड ने सीरीज को 4-1 से जीता। 2018 के बाद किसी न्यूजीलैंड गेंदबाज ने टी-20 में टाप पर पहुंचा डफी 2018 के बाद टी-20 में टाप रैंकिंग पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड गेंदबाज बन गए हैं। 2018 में ईश सोढ़ी ने टी-20 में टाप पर पहुंचे हैं। 2020 में डफी ने टी-20आई में किया डेब्यू डफी 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना टी-20आई डेब्यू किया। उन्होंने अब तक खेले 23 मैचों में 32 विकेट लिए हैं।

# गुवाहाटी को पहली बार टेस्ट क्रिकेट की मेजबानी

■ **दिसम्बर में साउथ अफ्रीका और भारत का मुकाबला, वेस्टइंडीज से भी भिड़ेगी टीम इंडिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया की मेंस टीम अक्टूबर से दिसम्बर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को पहली बार टेस्ट की मेजबानी मिली। यहां साउथ अफ्रीका से भारत का मुकाबला होगा। इस दौरान मोहाली के मुल्लांपुर में बने स्टेडियम में पहली बार कोई मेंस इंटरनेशनल मैच भी खेला जाएगा। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवम्बर-दिसम्बर में खेलेगी। इस बीच टीम इंडिया आस्ट्रेलिया जाकर 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार टेस्ट मैच होगा। टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से फिर कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं।

# महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अंपायर, मैच अधिकारी घोषित

● **छह टीमों का यह टूर्नामेंट 9 से 19 अप्रैल तक पाक में होगा**

**दुबई, वार्ता।** इस महीने होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अंपायर और मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। छह टीमों का यह टूर्नामेंट नौ से 19 अप्रैल के बीच पाकिस्तान में होगा, जिसमें दो शीर्ष टीमें इस साल के आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में अपनी जगह पक्की करेंगी। पैनल में 10 अंपायर और तीन मैच रेफरी शामिल होंगे, जबकि मेजबान देश पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व फैजल खान अफरीदी और सलीमा इम्तियाज अंपायरिंग पैनल में करेंगे। पिछले साल सलीमा आईसीसी अंपायरों के पैनल में शामिल होने वाली पाकिस्तान की पहली महिला बनीं थीं। उन्होंने उस समय कहा था कि वह एशियाई देश के अंपायरों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेंगी। सलीमा ने कहा कि यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह पाकिस्तान की हर महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है। मुझे उम्मीद है कि मेरी सफलता अनगिनत महिलाओं को प्रेरित करेगी, जो खेल में अपनी पहचान बनाने का सपना देखती हैं। आईसीसी मीडिया स्टेटमेंट के अनुसार, बांग्लादेश के पैनल में मसुदुर रहमान मुकुल और शतीरा जाकिर जेसी के रूप में दो अंपायर भी हैं, जबकि जिम्बाब्वे की सारा दंबनेवाना के साथ डोनोवन कोच, बैब्स गकुमा, कैंडेस ला बोर्डे, डेडुनु डी सिल्वा और शॉन हैग भी शामिल हैं। अली नकवी, शैंड्रे फिट्ज़ और ट्रुडी एंडरसन मैच रेफरी के रूप में मौजूद रहेंगे और आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक अंपायर और रेफरी, सीन ईज़ी का मानना है कि यह टूर्नामेंट पूरे पैनल को अपनी साख दिखाने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। ईज़ी ने कहा कि यह हमारे नियुक्त मैच अधिकारियों के लिए एक रोमांचक अवसर है, जो इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट की देखरेख कर रहे हैं, जो विश्व कप की राह पर टीमों के लिए अंतिम कदम है। हमारे अधिकारी अनुभवी और अच्छी तरह से तैयार हैं, और हम उन्हें इस आयोजन में भाग लेते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।

**रेफरी:** अली नकवी (पाकिस्तान), शैंड्रे फिट्ज़ (दक्षिण अफ्रीका), ट्रुडी एंडरसन (न्यूजीलैंड)।

**अंपायर:** बैब्स गकुमा (द. अफ्रीका), कैंडेस बोर्डे आदि।

# इंग्लैंड का लक्ष्य विश्व कप : कोच एडवर्ड्स



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की नवनियुक्त कोच चार्लोट एडवर्ड्स का मानना है कि उनकी टीम जल्द ही अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में सक्षम है और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब के लिए चुनौती पेश कर सकती है।

इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन और उसके बाद जॉन लुईस और लंबे समय स

हीथर नाइट के जाने के बाद एडवर्ड्स को इंग्लैंड की महिला कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। एडवर्ड्स के लिए सबसे पहला काम इस साल के आखिर में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा।

नई कोच ने कहा है कि वह विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान कई युवा खिलाड़ियों को भरपूर मौके देंगी। एडवर्ड्स ने बुधवार को लॉर्ड्स में कहा कि हमारे पास बहुत से युवा खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मेरे हिसाब से पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए मैं चाहती हूं कि वे अधिक क्रिकेट खेलने का अनुभव लें।

कप्तान

# कोलकाता ने हैदराबाद को 201 रन का टारगेट दिया

● **हैदराबाद के ट्रैविस हेड पहले ओवर में आउट, वैभव अरोड़ा ने कैच कराया**





**कोलकाता, वार्ता।** डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 15वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 201 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 200 रन बनाए।

आईपीएल के 18वें सीजन में 7वीं बार स्कोर 200 तक पहुंचा। एसआरएच ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 6 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक शर्मा और ईशान किशन पिच पर हैं। ट्रैविस हेड 4 रन बनाकर पहले ओवर में आउट हो गए, उन्हें वैभव अरोड़ा ने कैच कराया। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग उतरे ट्रैविस हेड 4 रन बनाकर कैच आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने ओवर की दूसरी ही गेंद पर पवेलियन भेज दिया। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे हर्षल पटेल ने 13 रन खर्च किए। इस ओवर में दो विकेट गिरे। आंद्रे रसेल (1 रन) रनआउट हुए, जबकि वेंकटेश अय्यर को हर्षल ने अनिकेत वर्मा के हाथों कैच कराया। वे 60 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में वेंकटेश अय्यर ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने पैट कमिंस के ओवर में लगातार चार बाउंड्री लगाई। इसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा। 18वें ओवर में कोलकाता ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ओवर में वेंकटेश अ"यर ने लगातार दो चौके लगाए। जबकि रिंकू सिंह ने एक छक्का जड़ा। 13वें ओवर में कोलकाता ने चौथा विकेट गंवाया। यहां अंगकृष रघुवंशी 50 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कमिंडु मेंडिस ने हर्षल पटेल के हाथों कैच कराया। इस ओवर की पहली बाल पर अंगकृष ने फिफ्टी पूरी की थी। 12वें ओवर की पहली बाल पर अंगकृष रघुवंशी को जीवनदान मिला। नीतीश रेड्ड्डी से मिडविकेट पर उनका कैच ड्राप हो गया। यहां रघुवंशी 43 रन पर खेल रहे थे। इसी ओवर में टीम का स्कोर 100 रन का आंकड़ा पार कर गया। 11वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान अजिंक्य रहाणे 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जीशान अंसारी ने विकेटकीपर हेनरिक क्लासन के हाथों कैच कराया। जीशान ने 81 रनों की साझेदारी तोड़ी। 8वें ओवर में अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंश ने तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। टीम ने 16 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था।

### बिल के समर्थन में बयान देने वाले वक्फ बोर्ड व मदरसा बोर्ड अध्यक्ष

# शादाब शम्स व मुफ्ती शमून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** वक्फ बिल के समर्थन में बयान देने वाले उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स व मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी का मंगलौर में विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन करने पहुंचे लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में लेकर सभी लोगों को कोतवाली पहुंची। पुतला दहन करने वाले लोगों द्वारा जमकर नारेबाजी की गई।



जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को मंगलौर विधानसभा से आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी रहे मोनिस काजमी के नेतृत्व में दर्जनभर लोग पुलिस चौकी के पास वक्फ बोर्ड बिल को लेकर प्रदर्शन कर पुतला दहन करने पहुंचे। विरोध करने पहुंचे लोग नारेबाजी करने लगे। भारी संख्या में पहले ही पुलिस बल तैनात किया गया था। नारेबाजी कर रहे लोगों को पुतला फूंकने से पहले ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी रहे मोनिस काजमी समेत तीन लोगों को विरासत में लेकर कोतवाली पहुंची। पुलिस हिरासत में भी उनके द्वारा जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी मोनिस ने कहा कि उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स व मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने मुस्लिम समाज के खिलाफ अपना बयान दिया है। उनके द्वारा बोर्ड बिल का समर्थन कर उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, जिसको लेकर उनके द्वारा बृहस्पतिवार को दोनों भाजपा नेताओं का पुतला दहन करने का निर्णय लिया गया था। लेकिन पुलिस द्वारा उन्हे पुतला दहन करने से रोककर हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार मुसलमानो के खिलाफ कानून बना रही है, जिससे मुस्लिम समाज के लोगों में आक्रोश है। सरकार द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन भी नहीं करने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन करना उनका संवैधानिक अधिकार है, जिसको छीनने का काम किया जा रहा है। मुस्लिम समाज दोनों भाजपा नेताओं को किसी भी कीमत पर माफ नहीं करेगा और आगे भी उनका विरोध जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मोनिस काजमी, उमेर समर, मुस्तकीम जुनैद समेत अन्य उपस्थित रहे।

# फर्जी तरीके से जमीन की खरीद फरोख्त करने का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा फर्जी तरीके से जमीन के खरीद फरोख्त करने वाले को को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया 1 अप्रैल 2025 को सुमित कुमार पुत्र राजपाल निवासी ग्राम महाराजपुर कला थाना कोतवाली लक्सर जिला हरिद्वार द्वारा अभियुक्तगण पंकज कुमार मनोज कुमार प्रमोद कुमार प्रदीप कुमार द्वारा पद्यंत्र कर धोखाधड़ी से फर्जी फोटो व हस्ताक्षर कर वादी की जमीन का बनामा पंकज कुमार के नाम करने के संबंध में तहरीर दी गई थी जिसके संबंध में कोतवाली लक्सर पर धोखाधड़ी संबंधित अभियोग पंजीकृत किया गया था एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में वांछित अभियुक्त की धर पकड़ के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए उसको गिरफ्तार किया गया पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम प्रमोद कुमार पुत्र कुंवर सैन निवासी ग्राम महाराजपुर कला कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी हेड कांस्टेबल पर प्रदीप कनौजिया कांस्टेबल अनिल वर्मा शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# तस्लीम सदर व मौ. मुजम्मिल चुने गए शेख बिरादरी के महासचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** शेख बिरादरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तस्लीम अहमद को बिरादरी का सदर (अध्यक्ष) चुना गया और पगड़ी व फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान समाज में फैली बुराइयों, कुरीतियों और नशाखोरी को दूर करने के साथ ही अपने बच्चो को शिक्षित करने की अपील की गई।



कस्बे के मौहल्ला किला में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए शेखऱ् मसूदी महासभा के युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी सोनू साबरी ने कहा कि जब तक हमारा समाज संगठित नहीं होगा तब तक हम अपनी खोई हुई पहचान को वापस नहीं ला सकते। उन्होंने समाज के लोगों से आपसी मतभेद भुलाकर एक प्लेटफार्म पर आने की अपील की। यूपी के जनपद सहारनपुर के कस्बा बेहट से आए शेखऱ् समाज सेवा समिति के अध्यक्ष शेखऱ् शमीम अहमद ने समाज से नशाखोरी को दूर करने की अपील की। समिति के महासचिव शेख गुलफाम अहमद ने कहा कि हमे अपने बच्चो को हायर व मॉडर्न एजुकेशन दिलाने का काम करना चाहिए, ताकि हमारे बच्चे भी मुल्क व समाज की सेवा कर सके। इस दौरान कस्बे के मौहल्ला किला निवासी शेखऱ् मौहम्मद तस्लीम उर्फ भोला को शेखऱ् बिरादरी का सदर (अध्यक्ष) और शेखऱ् मुजम्मिल को महासचिव तथा मौहम्मद जावेद को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों के गले में फूलमालाएं डाल जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शेख परवेज आलम पत्रकार तथा अध्यक्षता शेखऱ् गुलफाम अहमद ने की। कार्यक्रम में शेखऱ् लाली, शेखऱ् जावेद, मेहरबान, मास्टर अलीशेर, सलीम, मंगता, शकील, रहमान, आजाद, अशरफ, बिलाल, असलम, सलीम, शहजाद, इनाम, सगीर, शाहनवाज, समीर साबरी, नईम, शादाब, शेखऱ् अजीम उर्फ गुड्डू, तंजीम, शोएब, सुहेल, नवाब, शेर अली, शेख इस्लाम, शमशाद, राजा, शेख नदीम, तौफीक शेखऱ्, गुल्लू, शाहरुख, पोली, तहसीन, कलीम, साजिद अहमद, अनीस, साजिद, तनवीर, निजाम, सोनू, सैफ शेखऱ्, समद, शादान, रिहान, अरमान, अल्तमश, अशरफ, लियाकत, अब्दुल्ला शेखऱ्, आयान, निजामुद्दीन आदि काफी संख्या में शेख बिरादरी के लोग मौजूद रहे।

# ग्रामोत्थान परियोजना से रीना का आत्मनिर्भरता की ओर सफल कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** विकासखंड के अकौढ़ा कलां गांव की रहने वाली रीना अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की इच्छा रखती थीं। उनके पति सुभाष की सीमित आय से घर चलाना मुश्किल था, जिससे परिवार की जरूरतें पूरी करना चुनौती बन गया था। इसी बीच, उन्हें रूरल एंटरप्राइज एक्सेलेरेशन प्रोजेक्ट (रीप)/ ग्रामोत्थान परियोजना के बारे में जानकारी मिली, जिसने उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई।

रीना एनआरएलएम के तहत गठित हरियाली स्वयं सहायता समूह, जो आदर्श सीएलएफ के अंतर्गत आता है, की सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने रीप परियोजना के सहयोग से ब्यूटी पार्लर व्यवसाय को बढ़ाने का निर्णय लिया।



**योजना से मिली सहायता और बदलाव:-इस** योजना के तहत, रीना को 1,00,000 की सहायता प्राप्त हुई, जिसमें 20,000 का स्वयं का निवेश 50,000 बैंक लोन 30,000 ग्रामोत्थान/ रीप परियोजना से अनुदान शामिल था। इस राशि से उन्होंने अपने पार्लर का विस्तार किया, जरूरी उपकरण और सौंदर्य उत्पाद खरीदे। पहले उनका व्यवसाय छोटे स्तर पर था, लेकिन अब वे इसे व्यवस्थित रूप से चला रही हैं, जिससे ग्राहक संख्या में वृद्धि हुई और मासिक आय 5,000-10,000 तक पहुंच गई।

**एक प्रेरणा बनीं रीना:-** ग्रामोत्थान/ रीप परियोजना ने उन्हें व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय नियोजन और ग्राहक सेवा की जानकारी दी, जिससे वे अपने कार्य को सफलतापूर्वक चला रही हैं। अब रीना अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। उनकी यह सफलता साबित करती है कि सही मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता और आत्मविश्वास मिलने पर कोई भी महिला आत्मनिर्भर बन सकती है। ग्रामोत्थान/ रीप परियोजना ने उनके सपनों को साकार किया, और यह पहल भविष्य में कई अन्य महिलाओं को भी सशक्त बनाने का माध्यम बनेगी।

# 10 बच्चों के बाप ने पत्नी को दिया तीन तलाक, बीवी ने लगाई गंगनहर में छलांग

**❖गोताखोरों का नहर में सर्च अभियान जारी, परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित 6 के खिलाफ किया मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की में एक 10 बच्चों के बाप ने अपनी बीवी को तीन तलाक दिया तो गुस्से में आई पत्नी ने गंग नहर में चलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व गोताखोर महिला की तलाश कर रहे हैं। वहीं पुलिस ने परिजनों की तारीफ पर पति सहित 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के सफरपुर गांव निवासी खुशनूद नामक व्यक्ति ने सहारनपुर निवासी साजिया नाम की एक युवती को धोखा देकर 9 वर्ष पूर्व निकाह किया था। आरोप है कि युवती का शौहर खुशनूद पहले से ही निकाहशुदा था। इस बात की जानकारी खुशनूद ने साजिया से छिपाई थी। जब साजिया को इस बात की जानकारी लगी, तो उसने इसका विरोध किया। इस पर खुशनूद ने साजिया के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। विरोध करने पर दूसरी बीवी को दिया तीन तलाक: इसके बाद साजिया खुशनूद के घर पहुंची तो शौहर ने उसको तीन तलाक दे दिया। साथ ही अपने परिजनों के साथ मिलकर साजिया के साथ मारपीट कर दी और उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि साजिया शौहर से तीन तलाक मिलने पर डिप्रेशन में आ गई। तीन तलाक से परेशान होकर साजिया मंगलवार शाम गंगनहर में कूद गई। बताया गया है कि निकाह के बाद से उनके तीन बच्चे हैं। वहीं पुलिस के द्वारा साजिया की गंगनहर में तलाश की जा रही है। जिसकी तलाश के लिए जल पुलिस के गोताखोरों द्वारा गंगनहर में सर्च अभियान चलाया जा रहा है, हालांकि अभी उसका कुछ पता नहीं चल पाया है।

**पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा:** एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि-साजिया के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है. तहरीर के आधार पर साजिया के शौहर खुशनूद समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. फिलहाल गंगनहर में कूदी साजिया की तलाश जारी है. पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है. जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

**खुशनूद है १० बच्चों का अब्बा:** जिस खुशनूद नाम के शख्स ने अपनी दूसरी बीवी को तीन तलाक दिया है, उसके 10 बच्चे हैं. पहली बीवी से उसकी 6 बेटियां और एक बेटा है. वहीं गंगनहर में डूबकर लापता हुई दूसरी बीवी साजिया जिसे उसेन तीन तलाक दिया, उससे 3 तीन बेटे हैं।

**भारत में तीन तलाक पर प्रतिबंध है:** भारत में तीन तलाक गैरकानूनी है. 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक घोषित किया था. 2019 में संसद ने मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 पारित कर इसे अपराध घोषित कर दिया था। इस कानून के तहत, तीन तलाक देना एक गैर-जमानती और संज्ञेय अपराध है। तीन तलाक देने वाले को तीन साल तक की सजा हो सकती है।

# सट्टा पर्ची व नकदी सहित एक सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक खाईबाड को नगदी व सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बुधवार देर शाम को एक युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया गया हैं। तलाशी लेने पर उनके पास से सट्टा पर्ची पेन गत्ता डायरी व 1430 रुपए की नगदी बरामद हुई हैं। पुलिस ने आरोपी जहांगीर निवासी खुरमेवाला मजार रामपुर यूपी हाल निवासी चार मीनार कलियर के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

# आपराधिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर एक दर्जन अपराधियों को किया चिन्हित 129 बीएनएसएस के तहत की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसएसपी के आदेशों के पालन में पुलिस की आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर है। इसी के चलते लगभग दर्जन भर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित किया है। जिन पर 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के अनुसार आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु एसएसपी हरिद्वार के आदेश पर कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा दिनांक 02/0 3 /2025 को आदतन अपराधियों को चिन्हित कर 03 वर्ष से अनधिक अवधि के लिए सदाचार के लिए जमानतपत्र निष्पादित करने हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजी जा रही है। 1. प्रिंस खटाना पुत्र सतीश खटाना निवासी भरना थाना सिकंदराबाद जनपद बुलंदशहर हाल निवासी चौधरी चरण सिंह कॉलोनी कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार: (हत्या) 2.प्रिंस यादव उर्फ पिकू पुत्र प्रमोद यादव निवासी कोर्ट गुलावठी बुलंदशहर हाल निवासी केयर ऑफ प्रिंस खटाना चौधरी चरण सिंह कॉलोनी कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार ('हत्या') 3-अनुराग पुत्र जोगिंदर निवासी शिवपुरम पनियाला रोड कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार (हत्या) 4. सऊफ पुत्र उस्मान निवासी पनियाला कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार ('हत्या') 5. इरफान पुत्र निसार निवासी सोहेलपुर गाड़ा कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार (गौ तस्कर) 6. चांद मियां पुत्र निसार निवासी सोहनपुर गाडा कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार ('गौ तस्कर') 7. आकिब उर्फ बकासुर पुत्र विरोध निवासी शेखपुरा कोतवाली गंगानगर जनपद हरिद्वार(मारपीट) 8-अमन उर्फ मच्छी निवासी पुत्र रामकुमार निवासी माता वाला बैग पुरानी तहसील कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार (वाहन चोर) 9 अजय धीमान उर्फ फिल्टर पुत्र सतीश धीमान निवासी माता वाला बाग पुरानी तहसील कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार 'वाहन चोर' का मामला दर्ज है।

# 4.32 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 4.32 ग्राम अवैध स्मेंक बरामद हुई है।

लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया जनपद में नशीले पदार्थों पर अंकुश लगाए जाने के लिए नशा तस्करों के विरुद्ध करवाई किया जाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद की पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें 2 अप्रैल 2025 को छापेमारी चेकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र से एक व्यक्ति को चार 32 ग्राम अवैध स्मेंक के साथ गिरफ्तार किया गया पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम उस्मान पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम ऐथल थाना पथरी हरिद्वार उम्र 25 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह कांस्टेबल संदीप रावत सौदीश कुमार शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद सरफराज से मोहद सरफराज कर लिया है। भविष्य में मुझे मोहद सरफराज नाम से जाना जाए।

पता-फ्लैट नं 20, बिल्डिंग नंबर 6, बोरला को-ऑप हाउसिंग सोसाइटी, सी पी गिडवानी रोड, चेंबूर, मुंबई, 40007

# मारपीट के आरोप में चार पर केस दर्ज

**रुड़की।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ अपने भाई पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसका भाई राजवीर 30 मार्च की शाम अपने घर के बाहर खड़ा था। उसी समय गांव के ही शुभम, गौरव, सौरभ और सूरज वहां जाकर गाली-गलौज करने लगे। अभद्रता का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके भाई पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# लंढौरा पीएचसी को सीएचसी का दर्जा तो मिला, पर सुविधा नहीं

**लंढौरा।** लंढौरा की जनता इस वक्त तमाम परेशानियों से जूझ रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव सबसे बड़ी समस्या है। वर्ष 2020 में पीएचसी को सीएचसी का दर्जा मिल गया था। नई बिल्डिंग भी मिली लेकिन मरीजों के उपचार के लिए सुविधाएं नहीं मिली। यहां ना तो मानक के अनुसार डॉक्टर हैं और ना ही जांच की सुविधाएं हैं। प्रसव केंद्र की भी स्थिति ठीक नहीं है। यहां लोग गर्भवती महिलाओं को झोलाछाप के यहां ही दिखाते हैं। कई बार लापरवाही से जच्चा बच्चा की जान तक जा चुकी है। इसके अलावा राजकीय कन्या हाईस्कूल का उच्चीकरण कर इंटर का दर्जा देने की मांग भी स्थानीय लोग लंबे समय से करते आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन लोगों की मांग को अनसुना न करे बल्कि तत्परता से ठोस कदम उठाए।

# प्रेमी युगल ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के गांव से एक युवक और युवती कुछ दिन पूर्व घर से फरार हो गए थे। प्रेमी युगल ने दोनों ने कोर्ट मैरिज की। अब घर लौटने पर दोनों ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि कुछ दिन एक युवक सुमित पास के ही गांव भलस्वागाज निवासी एक युवती को प्रेम प्रसंग के चलते भाग ले गया था। दोनों ने मंदिर में शादी के बाद में कोर्ट मैरिज करने के बाद घर आ गए। विवाह करने के बाद दोनों ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### खानपुर विधायक उमेश के सिडकुल के लिए धनराशि स्वीकृत करने पर

# खानपुर क्षेत्र में सिडकुल के विरोध को लेकर सियासी घमासान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर क्षेत्र में सिडकुल के विरोध को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है क्षेत्र के निवासियों ने कुँवरानी देवयानी सिंह से माफी की मांग की है। स्थानीय पूर्व प्रधान राकेश चौधरी ने कहा कि विधायक उमेश कुमार के प्रयासों से

**❖रानी देवयानी के स्वीकृत धनराशि की रोक लगाने की मांग पर विरोध प्रदर्शन**



सिडकुल परियोजना को मंजूरी मिली थी, जिससे हजारों बेरोजगारों को रोजगार मिलने की उम्मीद थी। हालाँकि, कुँवरानी देवयानी सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्वीकृत धनराशि को रोकने की मांग की है, जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। कुँवरानी देवयानी सिंह का कहना है कि सिडकुल परियोजना के लिए वास्तविक प्रयास उनके पति, पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन ने किए थे, और उमेश कुमार इसका श्रेय ले रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से वित्तीय स्वीकृति को तत्काल रोकने का अनुरोध किया है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि सिडकुल परियोजना क्षेत्र के विकास और युवाओं के रोजगार के लिए महत्वपूर्ण है। राकेश प्रधान ने कहा कि अगर सिडकुल और अस्पताल को रोका गया, तो क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ेगी। उन्होंने कुँवरानी देवयानी सिंह से सार्वजनिक माफी की मांग की है, अन्यथा वे उनके पुतले जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

विनोद प्रधान और रेनू समाजसेवी ने भी कुँवरानी देवयानी सिंह के पत्र का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह युवाओं के रोजगार के साथखिलवाड़ है और मुख्यमंत्री द्वारा परियोजना को मंजूरी देने के निर्णय का समर्थन किया है।इस घटना ने क्षेत्र में राजनीतिक तनाव बढ़ा दिया है, और आने वाले दिनों में और भी विरोध प्रदर्शन होने की संभावना है।

# नौचंदी जुमेरात पर कलियर में उमड़ा जायरीनों का भारी हुजूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** ईद के बाद पड़ने वाली नोचन्दी जुमेरात पर भारी संख्या में जायरीन कलियर पहुंचे।जायरीनों की भीड़ होने की वजह से पुल पर जाम की स्थिति बनी रही।

कलियर में नोचन्दी जुमेरात को भारी संख्या में जायरीन साबिर पाक की दरगाह पर जियारत करने आते हैं।ओर अपनी मुरादे मन्नतें मांगते हैं।ईद के बाद नोचन्दी जुमेरात होने की वजह से दरगाह साबिर पाक सहित दरगाह इमाम साहब ,किलकिली साहब,आदि दरगाहों पर कई दिनों से जायरीन कलियर पहुंच रहे हैं। बुधवार से ही जायरीनों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। नोचन्दी जुमेरात पर बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात आदि शहरों कस्बो और गांवों में ईद-उल-फितर के त्यौहार को मनाने के बाद भारी संख्या में जायरीन पिरान कलियर पहुंचे। जिससे दरगाह परिसर में जायरीनों की भारी भीड़ रही।दरगाह में हाजरी लगाने के लिए जायरीनो ने लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतेजार करना पड़ा। कलियर में भारी भीड़ होने की वजह से पीपल चौक पुल पर और ,दरगाह इमाम साहब रोड पर आदि जगहों पर जाम की स्थिति बनी रही।जिससे जायरीनों और स्थानीय लोगो को भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ा।जाम को खुलवाने के लिए पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। दरगाह प्रबंधन ने धूप और तपिस से बचने के लिए दरगाह परिसर में टेंट लगाए गए थे।कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि जायरीनों की भीड़ भाड़ को देखते हुए दरगाह परिसर, पीपल चौक सहित आदि जगहों पर पुलिसकर्मियों को लगाया गया था।भारी भीड़ होने की वजह से बार बार जाम की स्थिति बन जाती हैं।पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया गया।



शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

## ट्रम्प के टैरिफ का असर

अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। इससे पहले ट्रम्प ने घोषणा की थी कि वह भारत पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। भारत को भी अमेरिका की इस नीति का जवाब देना चाहिए। ऐस समय में भारत की विदेश नीति बहुत काम आ सकती है। क्योंकि ऐसा नहीं है कि भारत ही अमेरिका से आयात करता हो, अमेरिका भी भारत से कुछ चीजों का आयात करता है। आयात और निर्यात देशों की आपसी विदेश नीति का हिस्सा है। जो किसी भी देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे सकती है। टैरिफ के मामले अगर दो देश आमने-सामने हो जाएं, तो देशों के विकास में अवरोध आ सकता है। इसलिए किसी भी देश को इस पर बहुत सोच-विचारकर कदम उठाने की जरूरत है। ट्रम्प की इस नीति से भारत के प्रमुख निर्यात क्षेत्रों और शेयर बाजार में उथल-पुथल दिख सकता है। यदि ट्रम्प ने अनुमान से कम टैरिफ की घोषणा की, तो फार्मा और आईटी सहित निर्यात से जुड़े क्षेत्रों से जुड़े शेयर मजबूत हो सकते हैं। इससे सेंसेक्स और निफ्टी में आने वाले समय में हम उछाल देख सकते हैं। जानकारों का मानना है कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी वस्तुओं पर भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अमेरिका के टैरिफ से अधिक शुल्क लगाए हैं। इसका साफ मतलब है कि अमेरिकी टैरिफ के निशाने पर प्रमुख रूप से भारत भी है। अमेरिका के जवाबी टैरिफ से देश का फार्मा, ऑटोमोबाइल, कृषि और वस्त्र उद्योग पर महत्वपूर्ण असर पड़ सकता है। इससे अरबों का व्यापार बाधित हो सकता है। विश्लेषकों को आशंका है कि अमेरिका और अन्य देश यदि जवाबी कार्रवाई का मन बनाने लगे, तो वर्तमान हालात व्यापार युद्ध में बदल सकता है। केयरएज रेटिंग्स के कार्यकारी निदेशक और मुख्य रेटिंग अधिकारी सचिन गुप्ता का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ लगाने से निर्यात-संचालित क्षेत्रों की गति बाधित हो सकती है। इसके साथ ही इससे प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं के बीच कीमतों के मोर्चे पर एक नई प्रतिस्पर्धा भी शुरू हो सकती है। इसका एक दुष्परिणाम यह भी होगा कि स्पष्ट संकेत न मिलने तक निजी क्षेत्र अपने पूंजीगत व्यय से परहेज कर सकता है। माना जा रहा है कि कृषि क्षेत्र में अमेरिका के जवाबी टैरिफ का सबसे अधिक प्रभाव मछली, मांस और प्रसंस्कृत समुद्री भोजन के निर्यात पर पड़ेगा। 2024 में इनका निर्यात 2.58 अरब डालर था। अब हालिया घटनाक्रम के बीच इस क्षेत्र पर 27.83 प्रतिशत से अधिक टैरिफ का भार बढ़ सकता है। ऐसे में अमेरिका को झींगे का निर्यात टैरिफ लागू होने के बाद प्रभावित हो सकता है। कोलकाता स्थित समुद्री खाद्य निर्यातक और मेगा मोडा के प्रबंध निदेशक योगेश गुप्ता का मानना है कि अमेरिका में हमारे निर्यात पर पहले से ही डंपिंग रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लागू हैं। शुल्कों में अतिरिक्त वृद्धि से भारत अप्रतिस्पर्धी हो जाएगा। भारत के कुल झींगा निर्यात में से हम 40 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात करते हैं।

## वक्फ विधेयक समाज को बांटने की रणनीति



सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है, भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों की मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं, इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए, कल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में जबरन पारित किया गया, इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है, इस तरह के विधेयक पारित कर भाजपा समाज को स्थायी रूप ध्रुवीकरण की स्थिति में रखने की सोची समझी राजनीति के तहत काम कर समाज को बांटने में लगी है, लगता है कि कांग्रेस को भी आक्रामक तरीके से भाजपा शासित राज्यों में सरकार की विफलताओं और कुशासन को उठाना चाहिए।

**श्रीमती सोनिया गांधी**
**नेता, कांग्रेस संसदीय दल**

# घिब्ली की दुनिया बनाम हकीकत: कला रोजगार और मौलिकता का संघर्ष

**आजकल सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल इमेज और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गए हैं एआई टूल्स की मदद से अब कोई भी बिना आर्ट स्किल्स के घिब्ली जैसी इमेज बना सकता है, लोग पिनटेरेस्ट और इंस्टाग्राम पर घिब्ली मूवी के सीन से बना एस्थेटिक गिफ्स और वॉलपेपर शेयर कर रहे हैं, टिकटॉक और रील्स में घिब्ली सीन के साथ रिलेटेबल ऑडियो या कोट्स लगाकर मजेदार कंटेट बनाया जा रहा है, यह ट्रेंड सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी बहस को जन्म दे रहा है**



प्रियंका सौरभ



रोजगार हमारी ज़रूरतों के लिए आवश्यक है, लेकिन कला और मनोरंजन मानसिक शांति और प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। घिब्ली स्टाइल इमेजरी और एआई टूल्स सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं, जिससे मौलिकता पर सवाल उठ रहे हैं। पहले जहां कलाकारों को महीनों मेहनत करनी पड़ती थी, अब एआई कुछ सेकंड में वैसा ही आर्ट तैयार कर देता है, जिससे असली कलाकारों को चुनौती मिल रही है।

अगर हम हकीकत की दुनिया में देखें, तो रोज़गार ज़रूरी है। बिना नौकरी या व्यवसाय के, सिर्फ घिब्ली की खूबसूरत दुनिया में खोकर पेट नहीं भरा जा सकता। लेकिन मानसिक शांति और प्रेरणा के लिए कला भी आवश्यक है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल की इमेज और वीडियो एक ट्रेंड बन चुके हैं। लोग पिनटेरेस्ट, इंस्टाग्राम और टिकटोक पर इसे देखकर टाइम पास कर रहे हैं, कुछ इसे खुद ट्राई कर रहे हैं, और एआई टूल्स की मदद से घिब्ली-स्टाइल की इमेज बना रहे हैं।

आजकल सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल इमेज और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। एआई टूल्स की मदद से अब कोई भी बिना आर्ट स्किल्स के घिब्ली जैसी इमेज बना सकता है। लोग पिनटेरेस्ट और इंस्टाग्राम पर घिब्ली मूवी के सीन से बनी एस्थेटिक गिफ्स और वॉलपेपर शेयर कर रहे हैं। टिकटोक और रील्स में घिब्ली सीन के साथ रिलेटेबल ऑडियो या कोट्स लगाकर मज़ेदार कंटेंट बनाया जा रहा है। कुछ एआई टूल्स अब आपकी असली फोटो को भी घिब्ली स्टाइल में बदल सकते हैं, जिससे लोग अपनी तस्वीरों को फेयरीटेल लुक दे रहे हैं। यह ट्रेंड सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी बहस को जन्म दे रहा है। क्या एआई जनरेटेड आर्ट असली कला की जगह ले सकती है?

एआई-जनरेटेड घिब्ली स्टाइल इमेजरी ने मौलिकता पर सवाल खड़ा कर दिया है। पहले कलाक. ारों को महीनों मेहनत करके घिब्ली जैसी पेंटिंग बनानी पड़ती थी, अब एआई कुछ सेकंड में वैसा ही कुछ तैयार कर देता है। लोग खुद से नया सोचने के बजाय रेडीमेड आर्ट पर निर्भर हो रहे हैं। असली कलाकार अब एआई-जेनरेटेड कंटेंट से मुकाबला करने को मजबूर हैं। एआई और टेम्प्लेट्स के चलते 'कुछ हटकर' करने की सोच धीरे-धीरे खत्म हो रही है। अगर आर्ट को केवल एक ट्रेंड बना दिया गया, तो मौलिकता धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। इसका समाधान यह है कि लोग घिब्ली स्टाइल से प्रेरणा लेकर अपनी खुद की यूनिक कहानियां और आर्ट बनाएं, न कि बस इंटरनेट पर मौजूद चीज़ों को दोहराएं। घिब्ली की आत्मा सिर्फ उसकी खूबसूरत विज़ुअल्स में नहीं, बल्कि उसकी गहरी कहानियों और भावनात्मक जुड़ाव में है। अगर किसी को घिब्ली की दुनिया इतनी पसंद है कि वह इसमें कुछ नया जोड़ना चाहता है, तो यह एक रोजगार का साधन भी बन सकता है। उदाहरण के लिए डिजिटल आर्टिस्ट घिब्ली-स्टाइल आर्ट बनाकर पैसा कमा सकते हैं। मर्चेंडाइज़ बिज़नेस (पोस्टर, स्टिकर, कपड़े) से आय हो सकती है।

ल्वनज्नइम और सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल कंटेंट क्रिएट करना एक करियर विकल्प हो सकता है। एनिमेशन इंडस्ट्री में घिब्ली से प्रेरित होकर ओरिजिनल शॉर्ट फिल्म्स और सीरीज़ बनाई जा सकती हैं। गेम डिज़ाइन और वीएफएक्स स्टूडियो में भी घिब्ली जैसी विज़ुअल स्टाइल को अपनाकर कैरियर बनाया जा सकता है। हालांकि, केवल घिब्ली की दुनिया में खोए रहना नुकसानदायक हो सकता है। असली ज़िंदगी के काम टलते रहते हैं, और लोग प्रोडक्टिविटी खो सकते हैं। अगर कोई सिर्फ एनीमेशन देखने में उलझा रहता है और अपने करियर पर ध्यान नहीं देता, तो यह एक समस्या बन सकती है। घिब्ली की दुनिया आदर्श (**Idealistic**) होती है। जहां हर चीज़ खूबसूरत, शांत और जादुई होती है। लेकिन असली दुनिया संघर्ष, तनाव और कठिनाइयों से भरी होती है। अगर कोई हर समय घिब्ली जैसी ज़िंदगी ढूंढे, तो असली दुनिया बेरंग और कठिन लग सकती है। समय की बर्बादी: लोग घंटों तक घिब्ली मूवीज़, पिनटेरेस्ट आर्ट, एआई-जनरेटेड इमेज और इंस्टाग्राम रील्स देखते रहते हैं। यह 'टाइम पास' कब 'टाइम वेस्ट' में बदल जाता है, पता भी नहीं चलता। अगर कोई सिर्फ एनीमेशन देखने में उलझा रहता है, लेकिन उसे अपने करियर पर ध्यान देना चाहिए, तो यह नुकसानदेह हो सकता है। अगर कोई हर समय घिब्ली जैसी ज़िंदगी ढूंढे, तो असली दुनिया बेरंग और कठिन लग सकती है। कुछ लोग इस वजह से प्रेरणा और महत्वाकांक्षा (**Ambition**) भी खो सकते हैं। घिब्ली स्टाइल इतना लोकप्रिय हो गया है कि कई कलाकार अपनी खुद की स्टाइल डिवेलप करने के बजाय सिर्फ घिब्ली-स्टाइल आर्ट कॉपी कर रहे हैं। घिब्ली स्टाइल एन्जॉय करें, लेकिन उसमें खो न जाएं। अगर आपको आर्ट पसंद है, तो इसे एक स्किल में बदलें, जिससे आप कमाई कर सकें।

अपने करियर और लाइफ गोल्स को इग्नोर न करें। काम ज़रूरी है, कला सिर्फ सुकून के लिए है। मौलिकता बनाए रखें। घिब्ली से प्रेरित हों, लेकिन अपनी खुद की यूनिक स्टाइल डेवलप करें। टाइम मैनेजमेंट करें। आर्ट और मनोरंजन का आनंद लें, लेकिन काम और ज़िम्मेदारियों को नज़रअंदाज़ न करें। घिब्ली का जादू खूबसूरत है, लेकिन अगर यह हमारी असली ज़िंदगी को प्रभावित करने लगे, तो नुकसान हो सकता है। बैलेंस बनाना ज़रूरी है। कला और करियर, कल्पना और हकीकत के बीच! घिब्ली-प्रेरित कला को करियर में बदला जा सकता है। डिजिटल आर्ट, मर्चेंडाइज़, यूट्यूब कंटेंट और एनिमेशन इंडस्ट्री में इसका उपयोग हो सकता है। लेकिन सिर्फ घिब्ली की दुनिया में खो जाना नुकसानदेह हो सकता है। यह समय की बर्बादी, करियर पर असर, असली दुनिया से डिस्कनेक्ट और मौलिकता की कमी ला सकता है।समाधान यह है कि घिब्ली की प्रेरणा से कुछ नया और मौलिक बनाया जाए, न कि केवल कॉपी किया जाए। कला और रोजगार के बीच संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है ताकि हम जीवन के दोनों पहलुओं का पूरा लाभ उठा सकें।

# अपनी कला के जरिये संस्कृति को बचाने की कोशिश में लगे मास्टर छोटूराम

**किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली, छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढ़ाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए, पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है**

**1 लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है, भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है**

**2 प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है, कभी कलाकारों के फन ने तो अभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरे है**



डॉ. सत्यवान सौरभ

हरियाणा शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षक मास्टर छोटूराम आज किसी परिचय के मोहताज़ नहीं है। देश-विदेश में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम देश के वीर-शहीदों शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनंने का सुनहरा अवसर मिलता है। भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली।

प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस ज़माने में नए-नए रंग बिखेरे है। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए है। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए है और पैसों के पीछे दौड़ पड़े है जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार है जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे है। जी हां, उनमे से एक है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम। किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली।

छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक है। देश भर में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है। इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यू ट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो रूप में फ्री में शेयर करते है, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है और लोगों के मनों तक पहुंचाया है।

देश भर में आकाशवाणी एवं टीवी पर समय-समय पर इनके ये कार्यक्रम देखे व् सुने जा सकते है। गायक कवि कलाकार मास्टर छोटूराम अपने सिद्धांतों और कला से किसी भी क़ीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति गीतों और किस्सों में हावी है। तब भी इन्होने अपने मूल्यों को बनाये रखा और हमारे ऐतिहासिक और पौराणिक किस्सों को जेब से पैसे लगाकर रिलीज़ करवाया है। बेशक आज के तड़क भड़क वाले अश्लील वीडियो की तुलना में उनको कम शेयर किया गया है लेकिन वास्तव में उन्होंने हमारी धरोहर को सहेजने कि दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पितृभक्त श्रवण कुमार-कुमार और फैशन की फटकार इनके पहले दो ऑडियो एल्बम है जिनको लोग आज बीस साल बाद भी सुन रहे है और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहें है। 'कड़े गए वह नाथू-सुरजा' हरियाणा की बदलती संस्कृति पर फ़िल्माया गया उनका सुपर हिट गीत है जिसको बहुत पसंद और शेयर किया गया है। ऐसतिहा. सिक 'नरसी का भात' किस्सा दर्शकों को पूरी रात भर सुनने को मजबूर कर देता है। वास्तव में अपनी प्राचीन कला को बनाये रखना बहुत बड़ी बात है। आज के दौर में युवा पीढ़ी यूट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर घटिया स्तर के वीडियोस और ऑडियो को पसंद करती नज़र आ रही है। ऐसे में मास्टर छोटूराम के सामाजिक गीतों के प्रयास बड़ी छाप छोड़ रहें है। मीडिया को ऐसे कलाकारों के प्रयासों को जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए।ताकि हमारे प्राचीन मूल्यों को आज की इस शोषणकारी और अश्लील संस्कृति से दूर रखा जा सके।

जब मास्टर छोटूराम जैसे कलाकर पैसों के लिए अपनी कला से समझौता नहीं करते तो हम क्यों घर बैठे कर रहें है। अश्लील गीतों को समाज से बाहर करने के लिए हमें अच्छे गीतों और अच्छे कलाकरों को उचित मान-सम्मान देना ही होगा, तभी हम कला को वास्तविक रूप देकर एक रहने योग्य समाज आने वाली पीढ़ियों को देकर जा पाएंगे। लोक कलाएं वास्तव में किसी भी समाज की नब्ज होती है। हमें अपने बच्चों को इन कलाओं से अवश्य रूबरू करवाना चाहिए। साथ ही ये भी ध्यान रखना चाहिए कि आज के इस इंटरनेट युग में हमारे बच्चे क्या देख रहें है क्या सुन रहें है। अच्छे कलाकार और उनकी कलाएं समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक है लेकिन उनको चुनना हमारी जिम्मेवारी है।

# अफगानिस्तान: विकास बंदूक की नाल में नहीं है!



**अब वही तालिबान अपनी बौद्ध धरोहरों को सहेजने में लगा है, फिर से किताबों का दौर लौटा है और स्कूलों में बच्चों के शोर है, किताबों के पन्नों की फड़फड़ाहट है मोहब्बत आबाद हुई, आज वही अफगानिस्तान भारत से लाखों स्किल्ड लेबर मांग रहा है**



पवन सिंह

अफगानिस्तान तेजी से बदल रहा है। हर ओर पुनर्निर्माण और पुनर्निवेश व पुनर्वास के कार्य जारी हैं। इस बदलते अफगानिस्तान के पीछे केवल एक शब्द है 'शांति'। तालिबानियों को कभी हर बात का हल एके-47 की नाल से निकलता नजर आ रहा था लेकिन अब उनकी समझ में आ चुका है कि हर बात का हल नफरत और एके-47 से नहीं हो सकता। जिस तालिबान को लगता था कि केवल उनका ही मजहब बेहतरीन है वो अब शांति से जीना चाहते हैं। वो अपने देश को फिर से आबाद कर रहे हैं। जिन तालि. बानियों ने बामियान की बेशकीमती ऐतिहासिक धरोहरों बौद्ध प्रतिमाओं को तोप से उड़ा दिया था उन्हें फिर से सहेजने लगे हैं।

नफरत और हिंसा से जब बहुत कुछ खत्म हो गया। लाखों लाशें गिर गईं तो फिर से याद आया कि वे गलत थे। अब वही तालिबान अपनी बौद्ध धरोहरों को सहेजने में लगा है। फिर से किताबों का दौर लौटा है और स्कूलों में बच्चों का शोर है। किताबों के पन्नों की फड़फड़ाहट है। मोहब्बत आबाद हुई। आज वही अफगानिस्तान भारत से लाखों स्किल्ड लेबर मांग रहा है। भारत लाखों स्किल्ड लेबर अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए भेज रहा है क्योंकि अब भारत पुराने अफगानिस्तान की राह पर है और जिस स्किल्ड लेबर की जरूरत हमें थी वह हम अफगानिस्तान और इजरायल भेज रहे हैं। आज अफगानिस्तान पर एक रिपोर्ट पढ़ रहा था तो पिछले साल लखनऊ में लगी लंबी-लंबी कतारें आंखों के सामने आ गईं जब हजारों युवा रोटी के लिए परिवार, घर और मुल्क छोड़कर जाने के लिए तैयार दिखे। अफगानिस्तान ने बीते कुछ सालों में जबरदस्त बदलाव किए हैं और इसमें अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सहायता बड़ी भूमिका निभा रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को करीब 30 बिलियन डॉलर की सहायता मिली है। जिसका उपयोग सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण, सुशासन, विकास की विभिन्न योजनाओं पर खर्च हो रहा है। जो अफगानिस्तान कभी मादक पदार्थों से पैसा कमाकर उसे विध्वंस पर खर्च करता था, वही अब अंतर्राष्ट्रीय सहायता राशि से मादक पदार्थों की तस्करी रोक रहा और भ्रष्टाचार रोकने के उपायों पर खर्च कर रहा है।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने अपने देश की पुनर्निर्माण परियोजनाओं और गतिविधियों की स्वतंत्र और वस्तुनिष्ठ निगरानी के लिए एसआईजीएआर नाम की एक संस्था खड़ी की है। यह संस्था अमेरिकी सहायता से जितनी भी योजनाएं संचालित हैं उन पर कड़ी नजर रखी रही है। लेखापरीक्षा और जांच करना, मितव्ययिता, दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ावा देने के लिए सिफारिशें करना और पैसों का दुरुपयोग रोकने की दिशा में सक्रिय है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में जबरदस्त निवेश कर रही है। वह अपने बांधों, सड़कों व कृषि पर जबरदस्त कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा सुधारने की दिशा में जबरदस्त कार्य आरंभ किया है। उसने 19 प्रांतों में 113 संगठनों के साथ भागीदारी की है। प्याज, पिस्ता, बादाम जैसे ड्राई फ्रूट्स उत्पादन को अफगानिस्तान ने तेजी से बढ़ाया है। साथ ही खनिज निर्यात पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्ष 2020-21 में तालिबानी सरकार बनने से पहले अफगानिस्तान से निर्यात 825.78 मिलियन डॉलर और आयात 509.49 मिलियन डॉलर था। वहीं भारत से अफगानिस्तान को निर्यात लगातार घटता रहा है। वर्ष, 2021-22 में यह 554.47 मिलियन डॉलर था जो कि वर्ष, 2022-23 में गिरकर 437.05 मिलियन डॉलर रह गया और वर्ष 2023-24 में 355.45 मिलियन डॉलर तक लुढ़क गया। उधर अफगानी मुद्रा ने भारतीय रुपये को दौड़ा रखा है। हमारी मुद्रा कभी चीन, जापान और अमेरिका से टकराने की ओर बढ़ रही थी अब हमने इतनी प्रगति की है भूटान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से अपनी मुद्रा की तुलना करने की हैसियत में आ चुके हैं। अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को जबरदस्त मानवीय सहायता दी। अफगानी बाजार में डॉलर की कमी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उधर तालिबानियों को भी शांति का मतलब पता चला तो अफ़गान मुद्रा में शानदार स्थिरता आई। अफ़गान मुद्रा का अपेक्षाकृत उच्च मूल्य अफ़गानिस्तान के लंबे इतिहास और विभिन्न देशों के साथ विभिन्न कृषि उत्पादों के व्यापार की प्रतिष्ठा के कारण है, जबकि अन्य देशों की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में इसकी भागीदारी सीमित है। अफ़गान अर्थव्यवस्था लगातार स्थिर होने लगी, जिसका श्रेय आंशिक रूप से तालिबान के उपायों को जाता है, जैसे तस्करी के आयात पर प्रति. बंध, बैंकिंग लेनदेन पर नियंत्रण और संयुक्त राष्ट्र से सहायता। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार लौह अयस्क, संगमरमर, तांबा, सोना, जस्ता और अन्य मूल्यवान खनिजों तथा दुर्लभ-पृथ्वी खनिजों से जुड़ी खनन गतिविधियों से पर्याप्त आय अर्जित करता है। वे खनन कार्यों, मीडिया, दूरसंचार और अंतर्राष्ट्रीय सहायता द्वारा वित्तपोषित विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर कर लगाते हैं। इसके अलावा, वे कृषि फसलों और संचित धन पर कर लगाते हैं। ये कारक सामूहिक रूप से अफ़गानिस्तान में आर्थिक गतिशीलता में योगदान करते हैं और कुछ हद तक अफ़गानिस्तान की विनिमय दर को प्रभावित करते हैं। वहीं दूसरी ओर, भारत हाल के वर्षों में उच्च मुद्रास्फीति, कम विकास राजकोषीय घाटे और व्यापार असंतुलन जैसी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। यही नहीं, भारत में बढ़ती धार्मिक कट्टरता, हिंसा और जनता में पर्चेजिंग पावर का लगातार कमजोर होते जाना भी भयावह साबित हो रहा है। इन सभी कारकों ने भारतीय रुपये के प्रति विश्वास और मांग को कमजोर कर दिया है।

# गर्मियों में हीटवेव से बचने के लिए अपने शरीर को कैसे रखें ठंडा

गर्मियों का मौसम आ चुका है और इसी के साथ हीट स्ट्रोक और कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी होने लगी हैं। गर्मी के दिनों में न सिर्फ बाहर का वातावरण गर्म होता है बल्कि हमारा शरीर खुद भी अंदर से बहुत गर्म हो जाता है। जब हमारा शरीर अंदर से गर्म हो जाता है तो हमें थकान और हीट स्ट्रोक जैसी कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने का भी खतरा रहता है। आपके साथ ऐसा न हो इसके लिए आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं। तो चलिए बिना देर किए आपको इन उपायों के बारे में बताते हैं।

### पानी और जूस पीते रहें

अगर आप इन गर्मियों के दिनों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो आपको पानी पीते रहना चाहिए। गर्मियों के दिनों में यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप सामान्य से ज़्यादा पानी पिएं। इतना ही नहीं, आपको इलेक्ट्रोलाइट्स युक्त हाइड्रेटिंग ड्रिंक्स का सेवन भी शुरू कर देना चाहिए। ऐसे पेय पदार्थ आपके शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं।

### नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करें

अगर गर्मी के मौसम में आपका शरीर अंदर से बहुत ज्यादा गर्म हो रहा है, तो आपको नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं, तो आपके शरीर का तापमान नियंत्रण में रहता है। अगर नहाने के बाद भी आपको बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है, तो आप अपनी कलाई, गर्दन, माथे और पैरों पर कूलिंग पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने पर आपको गर्मी से राहत मिलती है।

### हाइड्रेटिंग फल व सब्जियां खाएं

अगर आप गर्मियों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप अपनी डाइट में हाइड्रेटिंग फल और सब्जियां शामिल करना शुरू कर दें। जब आप अपनी डाइट में खीरा, तरबूज़ और खट्टे फल शामिल करते हैं, तो आपको गर्मी से काफ़ी राहत मिलती है।

### हल्के और ढीले कपड़े पहनने से आराम मिल सकता है

गर्मी के इन दिनों में आप किस तरह के कपड़े पहनते हैं, इसका आपके शरीर के तापमान पर गहरा असर पड़ता है। आपको हल्के और ढीले कपड़े चुनने चाहिए ताकि आपके शरीर का तापमान न बढ़े दिनभर ठंडक बनी रहे, और आप हल्का और आरामदायक महसूस करे। हल्के कपड़े पहनने से आपको गर्मी कम लगेगी।

# इजरायल ने रातभर बरसाए गाजा पर बम

## 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत, मृतकों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल



**देर अल-बलाह।** इजरायल ने गाजा पट्टी पर रात भर ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई।

खान यूनिस के अधिकारियों के अनुसार, 14 लोगों के शव नासिर अस्पताल में लाए गए हैं। इनमें से नौ एक ही परिवार के हैं। मृतकों में पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, एक से सात साल की उम्र के पांच बच्चों और एक गर्भवती महिला सहित 19 अन्य लोगों के शव खान यूनिस के पास यूरोपीय अस्पताल ले जाए गए। इसके अलावा, गाजा शहर में 21 शवों को अहली अस्पताल ले जाया गया है। इनमें सात बच्चे भी शामिल हैं। इजरायली हमलों से एक दिन पहले, वरिष्ठ सरकारी अधिका. रियों ने कहा था कि इजरायल गाजा के बड़े क्षेत्रों पर कब्जा करेगा। इसके

### हमास ने हथियार डालने की मांग ठुकराई

बाद फलस्तीनी क्षेत्र में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित किया जाएगा। इजरायल ने कहा है कि वह 18 महीने से चल रहे युद्ध को तब तक जारी रखेगा, जब तक कि आतंकवादी समूह हमास अपने हथियार नहीं डालेगा और शेष बंधकों को रिहा नहीं करेगा। इसके अलावा, इजरायल ने भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता के सभी आयातों पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है, जिससे आपूर्ति कम होने के कारण नागरिकों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को घोषणा की है कि इजरायल गाजा पट्टी में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा है, जिसके चलते राफा शहर को फलस्तीनी क्षेत्र से काट दिया जाएगा। नेतन्याहू ने इस सुरक्षा गलियारे को श्मोराग कारिडोरश का नाम दिया है, जो राफा और खान यूनिस के बीच होगा। नेतन्याहू ने कहा कि यह श्दूसरा फिलाडेल्फिया कारिडोरश होगा, जो मिस्र के साथ सीमा के गाजा पक्ष को दक्षिण की ओर संदर्भित करता है, जो मई 2024 से इजरायल के नियंत्रण में है। नेतन्याहू ने कहा कि हम पट्टी को काट रहे हैं और हमास पर कदम दर कदम दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि वो हमें हमारे बंधक सौंप दे। फलस्तीनी प्राधिकरण ने नियोजित गलियारे को अस्वीकार कर दिया है। वहीं, हमास ने भी इसका विरोध किया है। हमास ने कहा है कि वह केवल शेष 59 बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें 24 के जिंदा होने का अनुमान है। हमास ने बदले में अधिक फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग की है।

# 40 साल बाद स्पेस जाएगा कोई भारतीय

## मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे शुभांशु



**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन चार के तहत मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जा सकते हैं। इस मिशन में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ने एक अपडेट में इसकी जानकारी दी। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। अभी वह इंडियन एयरफोर्स में आफिसर है। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। चार देशों के चार एस्ट्रोनाट स्पेस स्टेशन जाएंगे इनमें एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। तरिक्ष में जाने वाले भारत के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। स्लावोज उज्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कामर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है। शुभांशु मिशन पायलट, स्लावोज और टिबोर मिशन स्पेशलिस्ट होंगे। व्हिटसन कमांडर होंगी। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में ये एस्ट्रोनाट उड़ान भरेंगे। इस मिशन को फाल्कन-9 राकेट से फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लान्च किया जाएगा। लान्च की तारीख फाइनल अप्रूवल और मिशन की तैयारियों के अनुसार घोषित होगी। मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन करना है। यह मिशन प्राइवेट स्पेस ट्रैवल को प्रोत्साहित करने और भविष्य में एक कामर्शियल स्पेस स्टेशन स्थापित करने की दिशा में एक्सिओम स्पेस की योजना का हिस्सा है। के चारों ओर घूमने वाला एक बड़ा अंतरिक्ष यान है। इसमें एस्ट्रोनाट रहते हैं और माइक्रो ग्रैविटी में एक्सपेरिमेंट करते हैं। यह 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रैवल करता है। यह हर 90 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा पूरी कर लेता है। 5 स्पेस एजेंसीज ने मिलकर इसे बनाया है। स्पेस स्टेशन का पहला पीस नवम्बर 1998 में लॉन्च किया गया था।

### नेतन्याहू के दौरे से पहले लिया अहम फैसला

# हंगरी ने किया आईसीसी की सदस्यता छोड़ने का ऐलान



**बुडापेस्ट।** हंगरी, अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में नरसंहार करने के आरोप में वारंट जारी किया हुआ है। दक्षिणपंथी विक्टर ओर्बन के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने बीते साल नवम्बर में नेतन्याहू को हंगरी आने का न्योता दिया था। आईसीसी ने नेतन्याहू के खिलाफ जो वारंट जारी किया था, उसके बाद ही यह न्योता दिया गया था। विक्टर ओर्बन को नेतन्याहू का करीबी माना जाता है और उन्होंने नेतन्याहू के खिलाफ जारी हुए गिरफ्तारी वारंट को बेशर्मी भरा और निंदनीय बताया था। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय का सदस्य होने के नाते हंगरी को नियमों के तहत नेतन्याहू के खिलाफ जारी वारंट के चलते उन्हें हंगरी पहुंचने पर हिरासत में लेना पड़ता, लेकिन अब हंगरी ने आईसीसी की सदस्यता ही छोड़ने का ऐलान कर दिया है। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद हंगरी का दौरा नेतन्याहू की दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले फरवरी में नेतन्याहू ने अमेरिका का दौरा किया था। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय विश्व का प्रथम स्थायी अपराध न्यायालय है, जो रोम संविधि द्वारा शासित किया जाता है। यह नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण जैसे अपराधों से संबंधित जांच करता है।

# ट्रम्प का फैसला अमेरिका पर ही पड़ा भारी, शेयर बाजार में भारी गिरावट

**न्यूयार्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐतिहासिक टैरिफ घोषणा के बाद गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक भारी बिकवाली के साथ खुले। टैरिफ पर ट्रम्प का फैसला अब खुद अमेरिका पर ही भारी पड़ा दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले से वैश्विक बाजार में भी मंदी का खतरा पैदा हो गया है।

अमेरिका में गुरुवार को बाजार खुलने के बाद प्रमुख इंडेक्स डाव 1,116 अंक या 2.64 प्रतिशत तक गिर गया। व्यापक सूचकांक एसएंडपी 500 इंडेक्स में 3. 24प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। बाजार 2022 के मुद्रास्फीति संकट के बाद इंट्राडे में सबसे बड़ी गिरावट की ओर बढ़ गया। टेक शेयरों के बोलबा. ला वाला नैस्डैक में शुरुआती कारोबार में 4.33प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। भारत समेत दुनिया के दूसरे बाजारों में भी बड़ी गिरावट दिखी। यह महत्वपूर्ण गिरावट ट्रम्प द्वारा अमेरिका में आने वाले लगभग सभी सामानों पर लगाए गए भारी टैरिफ के बाद आई है, जिससे यह आशंका पैदा हो गई है कि नई नीति से व्यापारिक साझेदारों में भारी नाराजगी पैदा हो सकती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट आ सकती है। टैरिफ घोषणाओं के बाद निवेशकों ने सुरक्षित-संपत्तियों में पैसा लगाया। बुधवार को सोना 3,160 डॉलर प्रति औंस से ऊपर एक नए रिकार्ड पर पहुंच गया। दूसरी ओर, ट्रेजरी यील्ड्स में भारी गिरावट आई। 10 साल की ट्रेजरी यील्ड्स अक्टूबर के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई। सोना गुरुवार सुबह 3,060 डॉलर प्रति ट्राय औंस के ऊपर कारोबार करता दिखा। इसमें इस साल सोने में 19: तक की तेजी आई है। 1986 के बाद से सोने के लिए ये सबसे अच्छी तिमाही रही है।

# थाईलैंड में विश्व की सबसे यंग पीएम से मिले प्रधानमंत्री मोदी

**भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी, रामायण देखी, कहा इसकी कहानियां थाई लोगों के जीवन का हिस्सा**





**बैंकाक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिन के थाईलैंड दौरे पर पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा के साथ जाइंट प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। सबसे पहले पीएम मोदी ने 28 मार्च को भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद उन्होंने भारत और थाईलैंड के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सदियों पुराने संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कड़ियों से जुड़े हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे लोगों को जोड़ा है। रामायण की कहानियां थाई लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे पहले थाईलैंड की राजधानी बैंकाक पहुंचकर पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाक. ात की। इसके बाद थाई रामायण का मंचन देखा। यहां रामायण को रामाक. ेन कहा जाता है। इसके बाद पीएम मोदी ने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा (38) से द्विपक्षीय मुलाकात की। वे दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री हैं। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाईलैंड सरकार ने 18वीं शताब्दी के रामायण भित्ति चित्रों पर आधारित एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम शिनवात्रा ने मुझे त्रिपिटक भेंट किया। बुद्ध भूमि भारत की ओर से, मैंने इसे श्रद्धा पूर्वक स्वीकार किया। पिछले साल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से थाईलैंड भेजे गए थे। मैं यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि गुजरात के अरावली में 1960 में मिले भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भी थाईलैंड भेजे जाएंगे। पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पालिसी और हमारे इंडो पेसिफिक विजन में थाईलैंड का खास योगदान है। आज हमने अपने संबंधों को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटजिक डायलाग स्थापित करने पर चर्चा की गई। साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए थाईलैंड सरकार का शुक्रिया। हमारी एजेंसी ह्यूमन ट्रैफिकिंग और अवैध माइग्रेशन के खिलाफ एकजुट होकर काम करेगी। उत्तर पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच टूरिज्म, कल्चर, एजुकेशन आदि क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच डैड, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट में सहयोग के लिए समझौता हुआ है। रिन्युएबल एनर्जी, डिजिटल टेक्नोलाजी, ई-व्हीकल्स, रोबोटिक्स, स्पेस, बायोटेक्नोलाजी और स्टार्ट अप में सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया गया है। दोनों देशों के बीच फिनटेक कनेक्टिविटी बढ़ाने पर काम किया जाएगा। भारत ने थाई पर्यटकों के लिए ई-वीजा देना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी और थाई पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने संयुक्त कांफ्रेंस के दौरान अपनी मुलाकात की तस्वीर दिखाई। थाईलैंड के प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर जा सकते हैं पीएम मोदी गुरुवार को पीएम मोदी थाईलैंड के ऐतिहासिक वात फो मंदिर भी जा सकते हैं। वात फो मंदिर बैंकाक में स्थित है और अपने विशाल लेटे बुद्ध द्धरिक्लाइनिंग बुद्धाऋ प्रतिमा के लिए फेमस है। वात फो थाईलैंड के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इसमें 1,000 से अधिक बुद्ध प्रतिमाएं और 90 से अधिक स्तूप हैं।

# म्यांमार में भूकंप से मृतकों का आंकड़ा 3085 पर पहुंचा



**बैंकाक।** म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशक. ारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं।

ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। जिससे हजारों इमारत जमींदोज हो गए और सड़कें बड़े-बड़े खाई में बदल गईं। स्थानीय मीडिया में हता. हतों की संख्या की रिपोर्ट आधिका. रिक आंकड़ों से कहीं अधिक है और दूरसंचार के व्यापक रूप से बंद होने और कई स्थानों तक पहुंचना मुश्किल होने के कारण, ऐसा माना जाता है कि ज्यादा जानकारी मिलने पर हताहतों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि उसके प्रारंभिक आकलन के अनुसार, चार अस्पताल और एक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं जबकि अन्य 32 अस्पताल और 18 स्वास्थ्य केंद्र आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि बुनियादी ढांचे के नुकसान और रोगियों की बढ़ती संख्या के कारण, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच लगभग असंभव हो गई है। हजारों लोगों को देखभाल, चिकित्सा और बीमारी के प्रकोप के लिए उपचार की तत्काल आवश्यकता है।

म्यांमार की सेना ने 2021 में आंग सान सू की की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से सत्ता छीन ली, जिससे गृहयुद्ध छिड़ गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भूकंप ने पहले से ही गंभीर मानवीय संकट को और बढ़ा दिया है, जिसमें तीन मिलियन से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं और लगभग 20 मिलियन लोग भूकंप से पहले ही जरूरतमंद थे। इसी बीच सेना ने बुधवार को 22 अप्रैल तक अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। यह घोषणा सैन्य शासन का विरोध करने वाले सशस्त्र प्रतिरोध समूहों की तरफ से घोषित एकतरफा अस्थायी युद्ध विराम के बाद की गई है।

# मोदी से मिलने को बेताब हैं यूनुस



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए बेताब हैं। वह थाइलैंड में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता चाहते हैं। दोनों नेता यहां पर बिमटेक समिट में हिस्सा लेंगे। 2018 के बाद बिमटेक सम्मेलन के नेताओं की पहली मुलाकात होगी।

ढाका ट्रिब्यून ने यूनुस के उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान के हवाले से कहा कि बांग्लादेश ने बैठक का अनुरोध किया है और हमारे पास उम्मीद बनाए रखने के लिए उचित आधार हैं। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी ने भी बैठक की संभावना से इनकार नहीं किया है, अगर ये बैठक होती है, तो दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव के माहौल के बीच होगी। भारत बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा चिंता व्यक्त कर चुका है। यही वजह है कि भारत बांग्लादेश को बहुत ज्यादा भाव नहीं दे रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे महापाप के बीच यूनुस पिछले हफ्ते चीन गए थे, जहां उन्होंने भारत के खिलाफ बयान दिया। यूनुस ने कहा कि भारत के सात राज्य, भारत के पूर्वी हिस्से, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, ये भारत के लैंडलाक्ड क्षेत्र हैं। समंदर तक उनकी पहुंच का कोई रास्ता नहीं है। इस पूरे क्षेत्र के लिए समंदर के अकेले संरक्षक हम हैं। इसलिए यह विशाल संभावना के द्वार खोलता है। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए यह चीनी अर्थव्यवस्था के लिए विस्तार हो सकता है, चीजें बनाएं, उत्पादन करें, चीजें बाजार में ले जाएं, चीजें चीन में लाएं और बाकी दुनिया तक पहुंचाएं। उनकी टिप्पणी की भारत में कड़ी आलोचना हुई। उसे शर्मनाक और भड़काऊ बताया गया। यूनुस के बयान पर रिएक्ट करते हुए खलीलुर रहमान ने कहा कि बयान की गलत तरीके से लिया गया। उन्होंने कहा, यूनुस ने अच्छी नीयत के साथ बयान दिया। अगर लोग इसे अलग तरह से समझते हैं, तो हम इसे रोक नहीं सकते। हालांकि, मोदी-यूनुस की मुलाकात की संभावना का भारत में कई लोग स्वागत नहीं कर रहे हैं।

### बदलते वैश्विक हालात में सबको अपनी चिंता खुद करनी होगी: जयशंकर

**बैंकाक।** थाईलैंड में बिम्सटेक मंत्रीस्तरीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि दुनिया अब आत्मनिर्भरता के दौर में प्रवेश कर रही है और हर क्षेत्र को अपनी जरूरतों का खुद ख्याल रखना होगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने बताया कि अब छोटे सप्लाई चेन और करीबी पड़ोसी देशों का महत्व पहले से ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आज की सच्चाई यह है कि हम आत्मनिर्भरता के युग में प्रवेश कर रहे हैं। खाद्य पदार्थों, ईंधन, उर्वरकों, टीकों और आपदा प्रबंधन जैसी जरूरतों के लिए हर क्षेत्र को खुद पर भरोसा करना होगा। बता दें कि, विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर बिम्सटेक द्धबंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोगऋ की 20वीं मंत्रीस्तरीय बैठक में भाग लेने बैंकाक पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिम्सटेक सम्मेलन में शामिल होंगे और समुद्री सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि श्दुनिया में बड़ा बदलाव हो रहा है।







